# CONTENTS

**Fifteenth Series, Vol.III, Second Session, 2009/1931 (Saka)**
**No.14, Tuesday, July 21, 2009/ Asadha 30, 1931 (Saka)**


| SUBJECT | PAGES |
|---|---|
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| * Starred Question Nos. 241 to 244 | 3-37 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 245 to 260 | 38-94 |
| Unstarred Question Nos. 2195 to 2389 | 95-451 |


---

The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 452-463

**STATEMENT CORRECTING REPLY TO STARRED Q. NO. 48 DATED 07.07.2009 REGARDING MODERNISATION OF POLICE FORCES** 464-465

**SUBMISSION BY MEMBERS**

Regarding end use monitoring arrangements 466-472

**MATTERS UNDER RULE 377** 473-492

(i) Need to strengthen the Milk Unions in West Bengal, with a view to improve the income of milk producers in the State

Shri Adhir Chowdhury 473

(ii) Need to chalk out a plan for better sewer and drainage system in North East Delhi Parliamentary Constituency

Shri Jai Prakash Agarwal 474

(iii) Need to give Andhra Pradesh its due share of water from river Krishna

Shri Anantha Venkatarami Reddy 475-476

(iv) Need to take steps for utilization of underground water through 'deep boring' in Eastern Uttar Pradesh

Dr. Vinay Kumar Pandey 477

(v) Need to expedite the implementation of various irrigation schemes in Vidarbha region of Maharashtra

Shri Marotrao Sainuji Kowase 478

(vi) Need to take steps to prevent eviction of former employees of Tannery and Footware Corporation of India from their residences in Kanpur, Uttar Pradesh

Shri Rajaram Pal 479

(vii) Need to bring out a White Paper on the steps taken by the Government to tackle drought situation in the country

Shri Datta Meghe 480

(viii) Need to re-open Korba Fertilizers Factory in Korba, Chhattisgarh

Dr. Charan Das Mahant 481

(ix) Need to declare Sardar Sarovar Project in Gujarat as a National project and ensure its timely completion with adequate provisions of funds for the scheme

Shri Harin Pathak 482

(x) Need to send a Central Team for evaluation of drought-situation in Madhya Pradesh and Uttar Pradesh

Shri Virendra Kumar 483

(xi) Need to declare Bargi dam 'Mukhya Nahar Pariyojana' in Jabalpur as a national project and bring it under the purview of Accelerated Irrigation Benefit Programme

Shri Rakesh Singh 484

(xii) Need to expedite the construction of railway line between Bhind, Madhya Pradesh and Etawah, Uttar Pradesh

Shri Ashok Argal 485

(xiii) Need to declare Kaushambi district in Uttar Pradesh as a National Tourist Spot and provide necessary infrastructure for the tourists

Shri Shailendra Kumar 486

(xiv) Need to open a Kendriya Vidyalaya in Khurja, district Bulandshahar, Uttar Pradesh

Shri Surendra Singh Nagar 487

(xv) Need to undertake repair works on N.H. 107 in Bihar

Shri Dinesh Chandra Yadav 486

(xvi) Need to establish a welfare fund for the jobless Non-Resident Indians returning to India due to global economic recession

Shri A. Sampath 489

(xvii) Need to set up Community Mental Health Centres for mentally-ill people in Chennai, Tamil Nadu

Dr. P. Venugopal 490

(xviii) Need to expedite completion of Teesta Barrage Project

Shri Nripendra Nath Roy 491

(xix) Need to provide employment to the wards of SSB trained volunteers and financial ex-gratia relief grant to SSB trained volunteers

Shri Sansuma Khunggur Bwiswmuthiary 492

**DEMANDS FOR GRANTS (GENERAL), 2009-2010**

Ministry of Power 493-554, 571-695

Shri Uday Singh 494-507

Shri P.L. Punia 508-513

Shri Shailendra Kumar 514-517

Shri Dara Singh Chauhan 518-521

| | |
|---|---|
| Shri Jagdish Sharma | 522-525 |
| Shri Mithilesh Kumar | 526 |
| Shri T.K.S. Elangovan | 527-529 |
| Shri Premdas | 530 |
| Shri Tathagata Satpathy | 531-536 |
| Shrimati Supriya Sule | 537-539 |
| Shri A. Sampath | 540-543 |
| Shri K. Sugumar | 544-546 |
| Shri Kaushalendra Kumar | 547 |
| Shri D.B. Chandre Gowda | 548-552 |
| Shri K. Bapiraju | 553-554, 571-573 |
| Shri Virendra Kumar | 574 |
| Shri Arjun Ram Meghwal | 575-577 |
| Shri N. Kristappa | 578-579 |
| Shri N. Cheluvaraya Swamy | 580-581 |
| Shri M. Raja Mohan Reddy | 582-583 |
| Shri Radha Mohan Singh | 584-587 |
| Dr. Rattan Singh Ajnala | 588-590 |
| Shri Asaduddin Owaisi | 591-593 |
| Shri Ninong Ering | 594-596 |
| Shri P. Lingam | 597-599 |
| Shri Jagdanand Singh | 600-603 |
| Shri Premchandra Guddu | 604-605 |
| Shri Narahari Mahato | 606-608 |
| Shri K. Sudhakaran | 609-612 |
| Shri Anurag Singh Thakur | 613-622 |
| Shri Ravindra Kumar Pandey | 623-626 |
| Shri Vijay Bahuguna | 627-628 |

| | |
|---|---|
| Shri S.D. Shariq | 629-630 |
| Dr. Vinay Kumar Pandey | 631-632 |
| Shri Brijbhushan Sharan Singh | 633-637 |
| Shri Sushil Kumar Singh | 638-643 |
| Shri Sajjan Verma | 644-645 |
| Shri C.L. Ruala | 646-647 |
| Shri Bhudeo Choudhary | 648-653 |
| Shri Thol Thirumaavalavan | 654-657 |
| Shri Uday Pratap Singh | 658-659 |
| Shri Syed Shahnawaz Hussain | 660-661 |
| Shri J.M. Aaron Rashid | 662-667 |
| Shri Sansuma Khunggur Bwiswmuthiary | 668-672 |
| Shri Hansraj G. Ahir | 673-674 |
| Shri Tufani Saroj | 675-676 |
| Shri Sushil Kumar Shinde | 677-694 |

**STATEMENT BY MINISTER**

Recent visit to India by the Secretary of State of the United States of America, Ms. Hillary Clinton

| | |
|---|---|
| Shri S.M. Krishna | 556-570 |

**ANNEXURE –I**

| | |
|---|---|
| Member-wise Index to Starred Questions | 707 |
| Member-wise Index to Unstarred Questions | 708-710 |

**ANNEXURE-II**

| | |
|---|---|
| Ministry-wise Index to Starred Questions | 711 |
| Ministry-wise Index to Unstarred Questions | 712 |

# OFFICERS OF LOK SABHA

**THE SPEAKER**

Shrimati Meira Kumar

**THE DEPUTY SPEAKER**

Shri Karia Munda

**PANEL OF CHAIRMEN**

Shri Basu Deb Acharia

Shri P.C. Chacko

Shrimati Sumitra Mahajan

Shri Inder Singh Namdhari

Shri Franciso Cosme Sardinha

Shri Arjun Charan Sethi

Dr. Raghuvansh Prasad Singh

Dr. M. Thambidurai

Shri Beni Prasad Verma

Dr. Girija Vyas

**SECRETARY GENERAL**

Shri P.D.T. Achary

# LOK SABHA DEBATES

---

---

LOK SABHA

----------

Tuesday, July 21, 2009/ Asadha 30, 1931 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Mr. Deputy-Speaker, Sir, the former President was frisked at the Indira Gandhi Airport. It is most unfortunate. The Minister for Civil Aviation should make a statement in the House. … (*Interruptions*)

**उपाध्यक्ष महोदय :** अभी क्वैश्चन ऑवर है, उसके बाद लेंगे ।

**(Q.No. 241)**

**श्री मनसुखभाई डी. वसावा :** उपाध्यक्ष जी, माननीय मंत्री जी ने प्रश्न का जवाब दिया है, वह वैसे तो जवाब देखने और पढ़ने से सही लगते हैं लेकिन जो जवाब आज दिया गया है, उसके पहले भी ऐसे कई प्रश्न आये तो सेम ही जवाब आये हैं। फिर भी लगातार खननों में गैर-कानूनी काम अवैध रूप से चलता रहा है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि किसी किसी क्षेत्र में अवैध खनन कार्य हो रहा है, वहां 40एमएम से लेकर 100एम.एम. के होल बनाये जाते हैं लेकिन अवैध काम करने वाले लोग 200एमएम से 500एमएम के होल बनाकर ब्लास्टिंग करते रहते हैं। इस भारी ब्लास्टिंग के कारण जमीन का पानी नीचे चला जाता है और कहीं कहीं धरती कम्पन का भय होता रहता है। इससे धरती का खोखलापन हो जाता है और इस क्रिया से भारी मात्रा में आस-पास के क्षेत्रों में इन्सानों का भी नुकसान करता है...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** माननीय सदस्य प्रश्न पूछें।

**श्री मनसुखभाई डी. वसावा :** मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार के पास ऐसी जानकारी है, यदि है तो ऐसे लोगों को अवैध काम करने से रोकने के लिये क्या कदम उठाये हैं?

SHRI B.K. HANDIQUE: Sir, the power for controlling and containing illegal mining does not rest with the Central Government. The power rests with the State Governments. The State Governments have been given that power and it is they who can tackle the situation because this is a law and order problem and only they are competent enough to take action on it. But, legal provisions in the MMDR Act have been strengthened in 1999 to check the problem of illegal mining more effectively. For the benefit of the hon. Member, may I quote some of the rules? There are provisions included for transported and storage and confiscation as against mere seizure. Section 4(1A) was introduced and Section 21(4) of the Act was amended to bring transport and storage of illegally raised mineral within the purview of law. Section 21(4A) has been introduced for confiscation of mineral, tool, equipment, vehicle or any other thing seized for illegal mining. There is a law for this. I do not want to waste the time of the House. We have passed the law and have further strengthened the law. But laws have to be implemented in the State where mines are located. That is the look-out of the State Government.

But we are in constant touch with the State Government and they are taking action. I think the hon. Member has not given any specific case. If he gives any specific case, I will definitely look into it.

**श्री मनसुखभाई डी. वसावा :** महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि हम टी.वी. के माध्यम से या कई अखबारों में पढ़ चुके हैं, मैं आपको एक भी मामला बताऊं, मैं बता भी सकता हूं, लेकिन आपको भी मालूम होना चाहिए कि कानून होते हुए भी गैर कानूनी कृत्य चलते रहते हैं। केवल मैं ही नहीं, सभी लोग जानते हैं और आप भी जानते हैं, लेकिन ये कृत्य फिर भी नहीं रूकते हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि कानून होते हुए भी, हमारे पास बहुत स्ट्रांग कानून हैं, लेकिन फिर भी हम उन कानूनों को गैर कानूनी काम करने वालों पर लागू नहीं कर पाते हैं। कहीं-कहीं हम समझौता कर लेते हैं। जो ठेकेदार हैं या कंपनियां हैं, हम कंपनियों के साथ समझौता कर लेते हैं। अगर वे चोरी करने में पकड़ी जाती हैं तो उन्हें सजा दी जानी चाहिए। हम उनके साथ समझौता क्यों करते हैं? मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि समझौता करने का कारण क्या है?

SHRI B.K. HANDIQUE: Sir, I could not understand as to who does the *samjautha and* with whom. The Central Government passes the law and it is implemented by the State Government. I would like to cite a few instances where actions were taken by the Indian Bureau of Mines, which administers the MMDR Act, 1988. During the year 2008-09, the target for number of mines to be inspected was 2,500, but the achievement was 2,645, which was more than the target; the number of mines in which violations pointed out were 1,034; the total number of violations pointed out were 1,963; the number of violations rectified after pointing out violations was 818; the number of show-cause notices issued was 276; the number of violations rectified after the show-cause notices were issued was 270. So, we have taken action.

So, we have taken action. The hon. Member is not giving any specific case. He is just saying that there are cases all around. Please pin point one case so that I can just help the hon. Member. I can also try to give the answer. Definitely, I will accept the suggestion if the hon. Member convinces me or convinces the House.

**श्री घनश्याम अनुरागी :** महोदय, पूरे देश में पर्यावरण की स्थिति बहुत खराब होती जा रही है। रोजाना अखबारों के माध्यम से यह खबर पढ़ने को मिलती रहती है। मैं उत्तर प्रदेश का रहने वाला हूं और मध्य प्रदेश व राजस्थान इससे लगे हुए हैं। यहां आये दिन नदियों और पहाड़ों का स्वरूप लगातार बदलता जा रहा है और पूरे देश में पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। मैं बुंदेलखंड का रहने वाला हूं। वहां पर नदियां और पहाड़ हैं। वहां पर लगातार उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा अवैधानिक तरीके से खनन किया जा रहा है। वह इस तरह से खनन कर रही है, जिससे पर्यावरण का पूरा स्वरूप ही प्रदूषित हो रहा है और इससे जन-जीवन पूरी तरह से परेशान हो रहा है।

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप प्रश्न पूछिए।

**श्री घनश्याम अनुरागी :** महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से केवल इतनी प्रार्थना करना चाहता हूं कि जो खनन हो रहा है, उससे पर्यावरण खराब न हो, हमारे देश का स्वरूप न बदले, हमारे लोगों में तकलीफ, बीमारियां न बढ़ें। क्या आप खनन कराने से पहले इसकी जांच करा सकते हैं, यह जांच किस स्थिति में करायी जा सकती है, या नहीं करायी जा सकती है, यह बताएं? हमारे स्टेट के लोग बहुत गरीब हैं। वहां पर बालू ली जाती है ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** माननीय सदस्य प्रश्न पूछें।

**श्री घनश्याम अनुरागी :** महोदय, मैं पहाड़ के बारे में बोल रहा हूं। लखनऊ में हजारों, करोड़ों पहाड़ों के पत्थर लगाये जा रहे हैं जिससे पर्यावरण खराब हो रहा है और यह खनन किया जा रहा है। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** माननीय सदस्य प्रश्न पूछें।

...(व्यवधान)

**श्री घनश्याम अनुरागी :** महोदय, मैं पूछना चाहता हूं कि बालू के लिए जो अवैध तरीके से खनन हो रहा है, उसे आप रोकने का प्रयास करेंगे या नहीं करेंगे? मेरी विशेष प्रार्थना है कि पर्यावरण ठीक हो सके, इसके लिए आप कार्यवाही करें।

SHRI B.K. HANDIQUE: Sir, the hon. Member wants to know whether the concerns of environment and conservation have been taken care of or not. I would like to say that before we clear a mine, we have to get past the Ministry of

Environment and Forests. I tell you this is the toughest task. To get past the Environment Impact Assessment of the Ministry of Environment and Forests is the toughest task. It is the toughest test to get past the Ministry of Environment and Forests. So, all these things have been done. It is not that the Government is not aware of the problems. A lot of steps have been taken. The Ministry of Environment and Forests have taken all care so that before they gave us the clearance, they ensure themselves that environment will not be damaged.

**श्री घनश्याम अनुरागी :** उत्तर प्रदेश में, बुंदेलखंड में रोज़ जो खनन हो रहा है ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप एक ही सवाल पूछ सकते हैं। श्री सतपाल जी महाराज।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप बैठिये।

...(व्यवधान)

**श्री सतपाल महाराज :** उपाध्यक्ष महोदय, हमारे उत्तराखंड में बहुत सी नदियाँ प्रभावित होती हैं। नदियाँ रेत लाती हैं पहाड़ों से और रेत से नदी का वाटरबैड बढ़ता जाता है। वहाँ पर माइनिंग रोक दी गई है। मंत्री जी क्या यह बताने का कष्ट करेंगे कि इनके पास कोई साइंटिफिक डायरैक्शंस हैं जो यह स्टेट गवर्नमैंट को दे सकें ताकि रेत निकाली जाए और जिससे नदी का प्रभाव जो विनाशकारी हो जाता है, वह न हो?

SHRI B.K. HANDIQUE: Sir, my answer remains the same. It is the primary responsibility of the Ministry of Environment and Forests and they do it religiously. I can tell this august House that this is the toughest test to get past and even we do not get the clearance that soon.

**श्री सतपाल महाराज :** आप कुछ डायरैक्शन देते हैं या नहीं?

SHRI B.K. HANDIQUE: If there is such a thing happening, definitely we will request the Ministry of Environment and Forests. It is not a question of giving the direction.

SHRI YASHWANT SINHA : It is the Government's policy that in the mining sector for all non-atomic, non-fuel minerals, hundred per cent foreign direct investment will be allowed. मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि इस नीति के बनने के बाद

कितनी बड़ी परियोजनाएँ माइनिंग सैक्टर में 100 प्रतिशत फॉरैन इनवैस्टमैंट के साथ शुरू हुई हैं और विशेषकर झारखंड राज्य में कितनी इस प्रकार की परियोजनाएँ चल रही हैं?

SHRI B.K. HANDIQUE: Would you please repeat your question?

SHRI YASHWANT SINHA : Sir, shall I put the question again?

Sir, the question that I am asking is this. The foreign direct investment in the mining sector for all non-atomic and non-fuel minerals is permitted hundred per cent. This is the Government's policy. Now, what I would like to know from the hon. Minister is this. As a result of this policy and as a result of this liberalization, how many major projects with hundred per cent foreign direct investment have been started in this country and how many of them are in the State of Jharkhand?

SHRI B.K. HANDIQUE: As far as the FDI is concerned, I need a separate notice on that. The material is with me. Actually, you give a separate notice on it and then I will respond to the question. It has nothing to do with this question.

SHRI ARJUN CHARAN SETHI : The answer to the question asked by the hon. Member is no doubt exhaustive. But, at the same time, at the end of the answer he has referred and I would just like to quote the last sentence:

> "However, the existing legislative framework is under review in the light of the National Mineral Policy, 2008 and the recommendations of the Hoda Committee."

Sir, since he has referred to the Hoda Committee and it is under the review of the Central Government, does he know that the mineral bearing States, like Orissa, Chattisgarh, Jharkhand, Karnataka, Rajasthan and even West Bengal, have objected to the certain recommendations of the Hoda Committee? It is because they think that if the recommendations of the Hoda Committee will be implemented, the interests of the mineral bearing States will be hampered and it will go against the constitutional framework of our country. All the Chief Ministers met not only once but also more than once and represented it to the hon. Prime Minister of India. Till today, no decision has yet been taken, if I remember

correctly. Will the hon. Minister clarify the position? What is the position now? Before taking any decision in this sensitive issue, would the contention or the representation made by all the States which I have mentioned be considered? The Government should see to it that in no way the constitutional arrangement made in our Constitution should be disturbed in order to protect the interests of the States concerned.

SHRI B.K. HANDIQUE: Sir, the hon. Member will remember that a number of times, this question has been raised on the floor of the House. We had assured at that time also. A number of meetings has been held. The hon. Member may himself know that the meeting was held with the hon. Prime Minister. After all the consultation, we framed a National Mineral Policy. After considering all the Hoda Committee's recommendations - best of Hoda Committee" s recommendations are there – now, the policy is finalised. Naturally, it will come before Parliament. You will have enough time to debate.… (*Interruptions*) But so far as consultation is concerned, I can assure you that it was done a number of times. He will remember himself that the hon. Prime Minister also met them and he was in the consultation.… (*Interruptions*)

SHRI ARJUN CHARAN SETHI : What was the result? Has the Government considered the contention of the States concerned? While implementing the particular recommendations of the Hoda Committee, has the Government of India considered the interests of the States concerned? Would the interests of the States concerned be protected?… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: There is no supplementary question by other Members.

SHRI B.K. HANDIQUE: Sir, our objective is to maintain the interests or protect the interests of every State.

SHRI BASU DEB ACHARIA : A large quantity of iron ore is being exported from our country although a large number of Iron and Steel Plants are being set up and a Memorandum of Understanding has also been finalized and singed by the

States of Orissa, Jharkhand, West Bengal and Chhattisgarh. In the year 2007-08, a quantity of 89 million tonnes of iron ore was exported. Next year, there was some deceleration because Shri Chidambaram imposed a duty of Rs.500 per tonne on export of iron ore. So, there was some deceleration but subsequently it was reduced and again export increased. There is a demand for ban of export of iron ore from our country as there is a ban in some countries which are importing iron ore from our country. They are not exporting their iron ore. They have deposits of good quality of iron ore. May I know from the hon. Minister whether the Government would consider imposition of a ban on export of iron ore from our country to protect our own indigenous industries?

SHRI B.K. HANDIQUE: We have not taken any decision in the matter. So, definitely, it is a suggestion which we shall consider. I say "shall consider" only. In 2008-09, the production was to the tune of 204 million tonnes and the consumption was 89 million tonnes. So, there was actually no dearth of it. Hence, iron ore could be exported. … (*Interruptions*) But in spite of the fact, the hon. Member says that he wants that it should be banned. Well, whenever an hon. Member gives a suggestion, we are always ready to give it a consideration. We will go through it. If it is acceptable, we will select that and if it is not acceptable, we will not.… (*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : I would request you to seriously consider it.

SHRI B.K. HANDIQUE: I will not only consider it but also most seriously consider it.

**(Q. No. 242)**

**श्री राकेश सिंह :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत देश की जो महत्वपूर्ण परियोजनाएं हैं, उसके कार्य करने की गति अत्यंत धीमी है। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना देश की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके अंतर्गत छः लेन रोड का निर्माण होना है। मध्य प्रदेश, जहां से मैं चुन कर आया हूं और मंत्री जी, आप भी आए हैं, जो देश के केन्द्र में स्थित है और भेदभाव का शिकार है, एक किलोमीटर हिस्सा भी वहां से होकर नहीं गुजर रहा है। इसका मतलब यह हुआ कि छः लेन रोड मध्य प्रदेश में बननी संभव ही नहीं होगी। ऐसे ही ईस्ट-वेस्ट कोरीडोर और नार्थ-साऊथ कोरीडोर, ये दोनों भी बहुत महत्वपूर्ण परियोजनाएं हैं, इन दोनों को अगर मिला लें तो मात्र 621 किलोमीटर सड़कें उस प्रदेश में, जहां देश के 17 राजमार्ग होकर गुजरते हैं,...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय:** कृपया आप सवाल पूछें।

**श्री राकेश सिंह :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं सवाल पर ही आ रहा हूं, यह उसी से जुड़ा हुआ है, इसके बिना बात पूरी नहीं होगी। उसमें से मात्र 621 किलोमीटर सड़कों का निर्माण वहां होना है। उसमें से भी मात्र 43 किलोमीटर का काम ही प्राधिकरण अभी तक पूरा कर पाया है। इसी तरह जबलपुर से भोपाल 303 किलोमीटर है, उसे सन् 2004 में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को दो लाईन से चार लाईन में बदलने के लिए स्थानांतरित कर दिया गया था। उस पर भी अभी तक काम प्रारम्भ नहीं हो सका है।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि ऐसी स्थिति में सम्पूर्ण महाकौशल सहित पूरे पूर्वी मध्य प्रदेश का जो सबसे प्रमुख शहर जबलपुर है, जो मेरा और आपका दोनों का ही संभागी मुख्यालय है, उसे नार्थ-साऊथ कोरीडोर से जोड़ने के लिए जबलपुर से मात्र 85 किलोमीटर की दूरी पर लखनादोन स्थित, जो एन एच 7 पर है, उसे क्या दो लेन से चार लेन में बदलने का निर्णय सरकार लेगी?

**श्री कमल नाथ:** उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो चिन्ता व्यक्त की है, खास कर महाकौशल क्षेत्र, जो मध्य प्रदेश में है, मेरी चिन्ता उनसे कम नहीं है, मेरी भी उतनी ही चिन्ता है, क्योंकि यह क्षेत्र मेरा अपना क्षेत्र भी है। जहां तक दो, चार और छः लेन का प्रश्न है, यह ट्रेफिक पर आधारित है। इसका एक फार्मूला बनाया है कि कितने ट्रेफिक में दो, चार और छः लेन होगी, क्योंकि सीमित संसाधनों में हमें यह देखना है कि जहां ट्रेफिक की क्षमता 15 या 20 साल बाद चार या छः लेन की होगी, वहां अभी चार लेन बनाने की आवश्यकता नहीं है। हमने ये नियम बनाए हैं कि जहां ट्रेफिक 15 हजार पीसीयू से कम है, उसे हम अभी दो लेन में करेंगे, दो लेन का मतलब दस मीटर है। दस मीटर की सड़क बनाए जाएगी। 15 हजार पैसेंजर

कार युनिट्स का हमने मापदंड बनाया है। हमारा यह प्रयास रहेगा कि जहां-जहां देश में आज ट्रेफिक के आधार पर आवश्यकता है, what the traffic can bear? इसमें जो भी सुविधा हो - चाहे सर्विस लेन की, फ्लाईओवर की या अंडर पास की हो, यह सड़क पर ट्रेफिक की जो केपेसिटी है, उस पर आधारित है। उसे देखते हुए यह निर्णय किया जाता है। माननीय सदस्य ने जो भोपाल्-जबलपुर और रीवा-जबलपुर की बात की है, इस बारे में मैंने मध्य प्रदेश सरकार से बात की है। उन्होंने हमें कहा है कि भोपाल--जबलपुर, मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन को दे दी जाए, मैं उस प्रस्ताव का इंतजार कर रहा हूं। जैसे ही उनका प्रस्ताव आएगा, उस पर हम विचार करेंगे।

**श्री राकेश सिंह :** उपाध्यक्ष महोदय, मुझे प्रसन्नता है कि माननीय मंत्री जी को उस क्षेत्र की बराबर चिन्ता है, क्योंकि वह उनका अपना क्षेत्र भी है। मैंने पहले ही प्रश्न में पूछा था कि क्या जबलपुर से लखनावन जो टू लेन है, उसे फोर लेन करने के बारे में विचार करेंगे, उसका उत्तर मुझे अभी तक नहीं मिला है, उसका उत्तर वे दे दें।

मेरा कहना है कि पिछले पांच वर्षों में मध्य प्रदेश सरकार ने सड़कों के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर लिया है। ऐसी सड़कें जो राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और अन्य परियोजनाओं में शामिल नहीं हैं, उनके बारे में मध्य प्रदेश सरकार ने जन-संकल्प 2008 के माध्यम से निर्णय लिया है कि सभी संभागीय मुख्यालयों को आपस में फोर लेन रोड से जोड़ा जाए। इसके लिए 1267 किलोमीटर सड़कों के विस्तार और उन्नयन का एक प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा गया है, यानी उनके मंत्रालय को प्रेषित किया गया है। माननीय मंत्री जी, मैं ऐसा मानता हूं कि आपसे बेहतर कोई नहीं जानता कि किसी प्रदेश के विकास में सड़कों का कितना महत्वपूर्ण योगदान होता है। विशेष रूप से जब हम मध्य प्रदेश की बात करते हैं, तो आजादी के बाद से लगातार वह उपेक्षित क्षेत्र रहा है और सड़कों के मामले में तो वह बहुत ही पिछड़ा रहा है। इसलिए ऐसे प्रदेश के लिए इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी देने का काम क्या केन्द्र सरकार करेगी?

**श्री कमल नाथ:** उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य के ध्यान में लाना चाहता हूं कि पिछले डेढ़ महीने में मैंने मध्य प्रदेश सरकार के साथ मीटिंग्स की हैं और हम योजनाएं बना रहे हैं, ताकि मध्य प्रदेश में जो सड़कों की गति कम रही है, उसे बढ़ाया जा सके और जहां ऐसा अहसास होता है कि वह उपेक्षित रहा है, तो मुझे भी इस बारे में चिन्ता है। मैं बताना चाहता हूं कि सी.आर.एफ. (सेंट्रल रोड फंड) की बात हो, नैशनल हाईवे योजनाओं की गति बढ़ाने की बात हो, उसे आवश्यक प्राथमिकता मिलेगी।

SHRI N.S.V. CHITTHAN : Mr. Deputy-Speaker, Sir, the National Highways Authority of India has created history by constructing world-class roads. But, Sir, in many places, in many roads, sufficient signboards are not put up in prominent places about the diversions, thus resulting in fatal accidents.

May I request the hon. Minister, through you, will he take steps through his Ministry through TV channels all over India, to popularize the traffic rules, roads, diversions and precautions to be taken by the motorists, cyclists and pedestrians to minimize the accidents at the newly formed roads under the National Highways Authority of India?

SHRI KAMAL NATH: Safety is a very important factor. Safety concerns and environmental concerns in all road projects have to necessarily be built in. The hon. Member has drawn my attention to the question of signages, and also to the question of enlightening people. Various methods can be used for that. But if signage is the issue, I will be very happy…

SHRI N.S.V. CHITTHAN : Through TV channels.

SHRI KAMAL NATH: As far as signages are concerned, if the hon. Member can bring to my notice and write to me any specific case where signages are required, I will be very happy to see that is done. On the other hand, as far as publicity is concerned of making the people aware of road safety issues, we will consider this. There are many ways of enlightening people. Which is the best way, we will have to look into. But, I will certainly keep the recommendation of the hon. Member in mind.

**श्री गोरखनाथ** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि आपने सड़कों के चौड़ीकरण करने, यानी दो लेन से चार लेन की करने के बारे में अपने उत्तर में कहा है, लेकिन उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग जी.टी. रोड है, जो इलाहाबाद से बनारस के बीच में, जो दो लेन से चार लेन प्रस्तावित थी, वह अभी तक नहीं बन पाई है। उसके कई कारण हैं, जैसे कहीं नगर हैं, कहीं बाजार है, कहीं शहर है, जिनकी वजह से उसके किनारे जो बिल्डिंग्स बनी हैं, वे तोड़ी नहीं जा सकीं, जबकि अब तक उसे दो से चार लेन की बनकर तैयार हो जाना चाहिए था। उसमें देर भी हो रही है। उसे बनाने में

कठिनाई भी आ रही है। इसलिए उसके ऊपर फ्लाई ओवर बनाकर उस रोड का काम किया जा सकता है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि वह सड़क जो बहुत ही महत्वपूर्ण है, जो पेशावर से दिल्ली तक जाती है और उसे दो से चार लेन बनाने की योजना भी है, लेकिन अभी तक वह पूरी नहीं हो पा रही है, तो उन नगरों में जैसे इलाहाबाद और बनारस के बीच में गोपीगंज है, हंडिया, हनुमानगंज और भी कई कस्बे हैं, वहां चार लेन नहीं बन रही हैं, तो उसे क्या फ्लाई ओवर से जोड़कर, उस व्यवस्था को पूरी करेंगे?

**श्री कमल नाथ:** जब ऐसी सड़क एक शहरी क्षेत्र से या बड़े कस्बे से जाती है तो सभी उपायों पर विचार किया जाता है। यह प्रश्न दूसरा है, पर फिर भी माननीय सदस्य ने मेरा ध्यान आकर्षित किया है तो मैं इसे अवश्य देखूंगा कि इसका सबसे सही उपाय क्या निकल सकता है ताकि इस सड़क की जो समस्या है, इस समस्या का हल निकल सके।

**श्री जगदीश शर्मा :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि बिहार सरकार में जो इनके राष्ट्रीय राजमार्ग हैं, वे करीब 90 परसेंट जर्जर और खराब स्थिति में हैं। खासकर एक राजमार्ग एन.एच. 110 है। जहानाबाद जो उग्रवाद प्रभावित इलाका है, आदरणीय मैडम सोनिया गांधी भी 1998 में वहां नरसंहार को देखने गई थीं। वह सड़क 110 (अरवल-जहानाबाद-एकन्तूसराय-बिहार शरीफ) राष्ट्रीय राजमार्ग है। आज उस पर चलना दूभर है और आवागमन बिल्कुल बन्द है। एक भी मोटरकार और बस उस पर नहीं चल रही है। राज्य सरकार ने बार-बार भारत सरकार के इनके मंत्रालय को इस बारे में लिखकर भेजा है। हम आपके माध्यम से यह जानना चाहते हैं कि क्या सरकार बिहार के जो राष्ट्रीय राजमार्ग हैं, विशेषकर राजमार्ग 110, जो अरवल से जहानाबाद, बिहार से जाता है, उसके चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और जो जर्जर स्थिति में है, उसको तत्काल बनाकर आवागमन चालू करने का विचार रखती है?

**श्री कमल नाथ:** महोदय, राष्ट्रीय राजमार्ग 110 के बारे में जो माननीय सदस्य ने मुझे जानकारी दी है, यह दो लेन से चार लेन हो सकता है, यह मैं नहीं जानता, क्योंकि यह ट्रैफिक की क्षमता पर निर्भर करता है कि कितना ट्रैफिक है। अगर ट्रैफिक 15 हजार पी.सी.यू. से ज्यादा होता है, यह मापदण्ड है, तो इसको दो लेन से चार लेन बनाने का हम जरूर विचार करेंगे।

**श्री जगदीश शर्मा :** हम दो लेन का ही कह रहे हैं, आप दो लेन ही बनवा दीजिए, हम चार लेन के लिए नहीं कह रहे हैं।

**श्री कमल नाथ:** मैं उसी पर आ रहा हूं। माननीय सदस्य ने कहा है कि इस राजमार्ग की मरम्मत की आवश्यकता है, इसकी रिपेयर की आवश्यकता है। मैं इसको जरूर प्राथमिकता दूंगा।

**डॉ. संजीव गणेश नाईक :** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि राष्ट्रीय महामार्ग एन.एच.-4 मुम्बई का सबसे बड़ा ट्रैफिक वाला इलाका है, जहां से मुम्बई में करीब-करीब लाखों की संख्या में ट्रक्स आते हैं। वहां ब्रिज का कोई नया एलाइनमेंट नहीं किया गया है। हमने अधिकारियों से जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि इसके बारे में कोई सोच-विचार नहीं किया जा रहा है। मैं मंत्री महोदय से जानकारी लेना चाहूंगा कि इस बारे में कोई दोबारा सर्वेक्षण कराने का विचार है?

**श्री कमल नाथ:** इस राजमार्ग के बारे में, जो माननीय सदस्य ने कहा है, मुझे जानकारी नहीं है। मैं उनको जानकारी भिजवा दूंगा।

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि झारखंड राज्य में कोलकाता से उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली जो 4 लेन सड़क है...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** मैं सब तरफ देख रहा हूं और सब को एकोमोडेट करने की कोशिश कर रहा हूं।

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय :** उसे समय सीमा के अन्तर्गत जो पूर्ण होना था, वह अभी भी अपूर्ण है। उस 4 लेन रोड पर इतने एक्सीडेंट्स हो रहे हैं कि हमें लगता है कि एक महीने में वहां पचासों लोग एक्सीडेंट के शिकार हो रहे हैं। मेरा मंत्री महोदय से आग्रह होगा कि कब तक वहां 4 लेन सड़क का निर्माण कराइएगा? मंत्री महोदय, हमें ऐसी जानकारी है कि उसको दो वर्ष पहले ही पूर्ण होना था। उसमें काम की क्वालिटी भी ठीक नहीं है।

**श्री कमल नाथ:** माननीय सदस्य ने एक सड़क के बारे में जानकारी दी है। यह बात सही है कि बहुत सारी सड़कों में आज के दिन कुछ डिले हुई है। क्योंकि सबसे बड़ी समस्या आज सड़कों के लिए लैंड एक्विजीशन की है। ...(व्यवधान)

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय :** मंत्री महोदय, सड़क का काम चल रहा है। एक हाई-वे है, कलकत्ता से लेकर दिल्ली तक, नेशनल हाई-वे नंबर टू है, जिसको ग्रांड ट्रंक रोड बोलते हैं, मैं उसकी बात कह रहा हूं। कहीं पर लैंड एक्विजीशन का कोई मामला नहीं है, वहां काम चल रहा है।

**श्री कमल नाथ :** इसकी प्रत्येक सड़क के बारे में मुझे जानकारी नहीं है। क्योंकि यह प्रश्न ...(व्यवधान) मैं आपको बता रहा हूं। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** यह राष्ट्रीय राजमार्ग है।

**श्री कमल नाथ :** यह एनएच टू है, पर यह जो स्ट्रेच है, इसके बारे में मुझे जानकारी नहीं है। माननीय सदस्य ने कहा है कि इसमें देरी हुयी है। मैं एक जनरल बात कह रहा हूं कि देरी का एक प्रमुख कारण है

कि लैंड एक्विजीशन की समस्या होती है। किसी सड़क को अगर दो लेन से चार लेन करना है, तो लैंड एक्विजीशन होता है। ...(व्यवधान)

**श्री यशवंत सिन्हा :** सब कुछ हो गया है। काफी कुछ कंपलीट हो गया है, केवल कुछ पार्ट में इनकंप्लीट है। Land acquisition is not a problem.

**श्री कमल नाथ :** अगर इस सड़क में लैंड एक्विजीशन की समस्या नहीं है, तो मैं इस पर आवश्यक कार्यवाही कराऊंगा। ...(व्यवधान)

**श्री अखिलेश यादव :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जी.टी. रोड ऐतिहासिक सड़क है, जो शेरशाह सूरी द्वारा बनायी गयी, इसमें आधी सड़क सिक्स-लेन हो चुकी है, कुछ जगह फोर-लेन भी हो चुकी है। कानपुर से लेकर मुगलसराय और बिहार तक के लिए फोर-लेन और सिक्स-लेन का काम चल रहा है। लेकिन कानपुर से पीछे, कन्नौज जहां मेरा संसदीय क्षेत्र आता है, मैनपुरी, एटा, अलीगढ़ होकर दिल्ली तक के रास्ते के लिए अभी तक सिक्स-लेन या फोर-लेन करने की कार्यवाही शुरू नहीं हुयी है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या इसको फोर-लेन या सिक्स-लेन बनाने की कृपा करेंगे?

**श्री कमल नाथ :**ट्रैफिक के आधार पर मैंने जो सीमायें बतायी हैं, अगर ट्रैफिक की क्षमता होगी, मैं नहीं जानता क्योंकि मुझे उस क्षेत्र की ...(व्यवधान)

**श्री अखिलेश यादव :** कानपुर से लेकर मुगलसराय तक का तो फार्मूला ठीक है, लेकिन आपका वही ट्रैफिक का फार्मूला कानपुर से आगे क्यों ठीक नहीं है? ...(व्यवधान)

**श्री कमल नाथ :** यह प्रश्न सर्विस लेन के बारे में है, एक-एक सड़क के बारे में नहीं है। अगर माननीय सदस्य मेरा ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, तो मैं इस पर आवश्यक ध्यान दूंगा। यह फार्मूला के मुताबिक है कि छः लेन होने हैं, उसमें वह क्षमता है कि वहां छः लेन हो सकते हैं। हमें यह देखना है कि इसमें ट्रैफिक की क्या क्षमता है? ...(व्यवधान)

**श्री जगदम्बिका पाल :** यह बहुत महत्वपूर्ण सवाल है। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय** : आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

SHRI M. SREENIVASULU REDDY : Sir, we need Half-an-Hour discussion on this.… (*Interruptions*)

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** उपाध्यक्ष महोदय, यह बहुत इंपोर्टेंट सवाल है। आप इस पर आधे घंटे की चर्चा करा लीजिए। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप नोटिस दीजिए। अगर नोटिस देंगे, तो विचार किया जाएगा।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**(Q.No. 243)**

**श्री प्रभातसिंह पी. चौहान :** महोदय, मैं बाक्साइट के संबंध में कहना चाहता हूं। गुजरात, बाक्साइट के क्षेत्र में उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के बाद तीसरे क्रमांक वाला स्टेट है। क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप लोग लिखकर देंगे, तो विचार होगा। प्रश्न के अलावा कोई बात रिकार्ड में नहीं जाएगी।

*(Interruptions) ...* *

**श्री प्रभातसिंह पी. चौहान :** क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि गुजरात में बाक्साइट की ओर-खदानों के बारे में केंद्र सरकार की क्या योजना है? ...(व्यवधान)

SHRI B.K. HANDIQUE: I did not get his question.

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया आप दोबारा प्रश्न करिए।

**श्री प्रभातसिंह पी. चौहान :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि गुजरात बाक्साइट के संबंध में उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के बाद तीसरे नंबर का स्टेट है। क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि गुजरात में बाक्साइट की ओर-खदानों के बारे में केंद्र सरकार की क्या योजना है?

SHRI B.K. HANDIQUE : Sir, I believe he wants to know whether there is enough bauxite in the country. … (*Interruptions*) Is it so? … (*Interruptions*) You are asking about Gujarat. Sir, what actually the hon. Member wants to know about? … (*Interruptions*) Does he want to know whether we have any plans? … (*Interruptions*)

**उपाध्यक्ष महोदय :** माननीय सदस्य जानना चाहते हैं कि क्या गुजरात में बॉक्साइड के आधार पर केन्द्र सरकार ने कारखाना खोलने के लिए कोई योजना बनाई है?

SHRI B.K. HANDIQUE : Sir, the Ministry had received a representation from Shri Vikrambhai Arjanbhai Madam, hon. Member of Parliament, Lok Sabha seeking an inquiry into the closure of bauxite mines in Jamnagar district, Gujarat. Actually, we have taken all interest so that the bauxite which actually Gujarat has, should be preserved. The point is this. The Gujarat Government wants to ban

---

* Not recorded

export which has actually created a situation there. From the Ministry, we have advised the Government several times that the livelihood of many people is dependent on the sale and export of bauxite. There is an immediate need for the State Government to do a rethink of the State policy regarding bauxite mining in order to allow proper environment for reopening of the bauxite mining operations and take suitable measures to ensure that bauxite mining is resumed in the State at the earliest.

Sir, actually they do not allow the bauxite to be mined or exported because the Government there is reserving it for future development in Gujarat. Gujarat has bauxite reserves. The country has got bauxite reserves. There is no problem about this. In fact, we have got enough. We have more than necessary now. … (*Interruptions*)

**श्री प्रभातसिंह पी. चौहान :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से दूसरा प्रश्न पूछना चाहता हूं कि बॉक्साइड के खदानों में हो रही धांधली को रोकने के लिए केन्द्र सरकार की क्या योजना है?

SHRI B.K. HANDIQUE : I am sorry, I cannot get his question. … (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : He wants to know whether the Central Government has any programme to correct this defect in Gujarat.

SHRI B.K. HANDIQUE : Sir, on bauxite, in the Government we have not any plan immediately. There are five primary producers of aluminium in India – National Aluminium Company Limited. … (*Interruptions*) I have to refer to aluminium companies to reply on bauxite. … (*Interruptions*)

**उपाध्यक्ष महोदय :** मंत्री जी जवाब दे रहे हैं। आप शान्ति से सुनिए।

…(व्यवधान)

SHRI B.K. HANDIQUE : Sir, these companies are – National Aluminium Company Limited, Bharat Aluminium Company Limited, Hindustan Aluminium Company Limited, Madras Aluminium Company Limited and Vedanta Aluminium Company Limited. Actually, there are provisions to curb illegal mining in our mineral policy. … (*Interruptions*) I will just give the details. …

(*Interruptions*) If there is illegal mining, we have got to stop that. Under the statutory provision, no mining operation can be undertaken without a mining lease duly granted, executed and registered by the lessee with the State Government. … (*Interruptions*)

SHRI YASHWANT SINHA : What is the law to stop it? It is being violated with impunity. That is the question. What are you doing about it? … (*Interruptions*)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप लोग शोरगुल मत कीजिए। मंत्री जी को बोलने दीजिए।

…(व्यवधान)

SHRI B.K. HANDIQUE: Sir, they say that law is being violated. If it is violated. … (*Interruptions*) I have already said … (*Interruptions*)

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया आप लोग चुप हो जाइये। मंत्री जी को सहयोग कीजिए।

…(व्यवधान)

SHRI B.K. HANDIQUE: Sir, I have already said … (*Interruptions*)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप लोग शांत रहिये और बैठ जाइये।

…(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Ramesh Bais.

… (*Interruptions*)

**श्री संजय निरुपम :** उपाध्यक्ष महोदय, मंत्री जी का जवाब अभी पूरा नहीं हुआ है। आप उनका जवाब तो आने दीजिए। उसके बाद आप उन्हें क्वश्चैन पूछने के लिए बुलाइये। …(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइये। वैसे भी मंत्री जी जवाब देंगे, आप नहीं देंगे।

…(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप बैठिये, वह बोल रहे हैं।

…(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप लोग शांति बनाये रखिए।

…(व्यवधान)

SHRI B.K. HANDIQUE: Sir, this question of illegal mining in Gujarat will not arise of the main Question he has asked. So, we need a separate notice for that.

Sir, in spite of the fact that it requires a different notice, I tried to give answer, but they did not allow me to speak. That is the problem.

**श्री रमेश बैस :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि बॉक्साइट एल्यूमिनियम बनाने के काम आता है। मैं पूछना चाहता हूं कि सरकार के पास ऐसी कोई योजना है कि यदि कोई व्यक्ति प्लांट न डालकर बॉक्साइट की लीज लेना चाहे, तो क्या सरकार उसे लीज देगी?

SHRI B.K. HANDIQUE: If he does want to do any exploration or exploitation of bauxite, definitely we shall give the permission. … (*Interruptions*)

**श्री अशोक अर्गल :** उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो क्वश्चैन पूछा है, और मंत्री जी ने जो जवाब दिया है, आप इन दोनों का मिलान करा लीजिए। …(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** ठीक है, आप शांत रहिए।

…(व्यवधान)

SHRI P.C. CHACKO : Mr. Deputy-Speaker, Sir, part (c) of the Question says whether surveys have been undertaken to explore/exploit new bauxite mines/reserves in the country. In this regard, I would like to say that even after five decades, a complete survey of the minerals of the country is not done and a survey map is not being finalized. The survey mentioned by the hon. Minister in his answer, which is laid on the Table, is a survey conducted on a ritual basis or in a routine manner.

The State I am coming from has 14 million tonnes of bauxite ore. This is a preliminary finding, but no economic exploitation of this ore has been done and no detailed survey is being conducted by the Geological Survey of India or by the Mines and Minerals Development Corporation. I would like to inform this House that outdated technology is being used by the Geological Survey of India for exploration purposes. The minerals are the primary wealth of any nation. Will the Minister order the Geological Survey of India to have a total survey about the mineral wealth of the country in collaboration with technical agencies outside? Sir,

reconnaissance survey, aerial survey and so many other technically advanced survey procedures are available. There are lot of unexploited minerals.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please ask the question.

SHRI P.C. CHACKO : Sir, I am coming to that. Will the Minister assure this House that a new survey about the mineral wealth of the country will be undertaken by the Geological Survey of India in collaboration with technical agencies having the latest know-how and also publish the mineral map because it makes possible further industrial exploitation of minerals?

SHRI B. MAHTAB : Perhaps, the hon. Minister would now say that it is a State subject. … (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: No discussion on this.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: You are a senior Member of the House.

… (*Interruptions*)

SHRI B.K. HANDIQUE : Sir, the Geological Survey of India (GSI) has been regularly surveying for all the minerals, and they are competent enough. They also have the geological mapping of all the minerals.

So far as Bauxite is concerned, I do not understand as to why they do not try to understand for my sake that Gujarat actually … (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The Question, now, is not on Gujarat.

… (*Interruptions*)

SHRI B.K. HANDIQUE : No, I want to answer the other Question. … (*Interruptions*) I am going to the other Question. … (*Interruptions*)

**(Q.No. 244)**

SHRI L. RAJAGOPAL : Thank you, Mr. Deputy-Speaker, Sir. It has been widely reported -- namely, the statement of Mrs. Hillary Clinton -- that India holds only three per cent of the world's cultivable land, but it has more than sixteen per cent of the world's population.

It is said that the Government of India is supporting the Indian companies to acquire land overseas in order to increase the land holdings by Indian companies. It is heartening to note that a lot of Indian companies have acquired land especially in Ethiopia, Tanzania and Madagascar. I would like to know this from the hon. Minister, whether the Food and Agriculture Organization of the UN objected to such deals wherein land holdings cannot be acquired in the under-developed Nations? What plans is the Government of India taking to tackle such a situation if it is the case?

SHRI SHARAD PAWAR : We have not heard about any opposition from any organization. In fact, the Government of India itself is not taking any initiative in this regard because we feel that the land is an inherently political issue across the globe. Hence, it is a very sensitive issue.

There are two things. Suppose, we encourage to buy land outside India, then there is a possibility within the country that certain sections of the farming community might take a stand and ask us that : "why we are unnecessarily investing outside India unless and until we have successfully converted waste-land into proper land or proper position?" This might be the objection from within.

Secondly, if any country is buying substantial land in any other country either today or tomorrow or day-after tomorrow, then there might be some objection from that country. Hence, the Government of India -- as a whole -- is not taking any initiative, but definitely we have heard that some of the Indian companies have taken initiative and they have bought certain land outside India.

SHRI L. RAJAGOPAL : I want to know this from the hon. Minister. Has any credit been extended to Ethiopia? I was told that more than Rs. 3,000 crore has been given to Ethiopia to boost the production of sugar, so that it could be exported back to India. How much sugar has been exported by Ethiopia to India because of our credit extension to Ethiopia? Has any such credit been extended to any other country? If so, I would like to know the details of the same from the hon. Minister.

SHRI SHARAD PAWAR : In fact, we are not supporting any export of sugar as on today. About two years back, when there was a surplus production, the Government of India was giving incentive for export. But that is not the case today. Today, the overall production has dropped, and our stock position is not very comfortable. Hence, we are not encouraging it.

Secondly, we are not importing directly from Government-to-Government basis. We have definitely allowed the domestic sugar industry to import raw sugar; process it here; and make it available for the public just to improve our stock position. There are certain countries that are taking initiative, particularly, countries like Brazil, which is a main player. I have not got any report that Ethiopia is exporting any sugar to India.

**श्री हुकुमदेव नारायण यादव :** उपाध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने कहा कि कच्चे माल को मंगाकर, प्रोसेस कराकर, पक्का माल बनाकर यहां बेचा जाए, इसके लिए कुछ कम्पनीज काम कर रही हैं। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जब वह कच्चे माल को यहां मंगाकर प्रोसेस करके पक्का माल बनाकर बेचेंगे तो बनी बनाई चीनी का आयात क्यों नहीं किया जाता? चाहे नाक इधर से पकड़ो या उधर से, मतलब तो एक ही है। कच्चा माल मंगाओ, प्रोसेस करके बेचो या पक्का माल मंगाकर हिन्दुस्तान में बेचो, एक ही बात है। लेकिन हिन्दुस्तान का जो चीनी उद्योग है और गन्ना उत्पादक हैं, वे क्या करेंगे? हमारे बिहार और यू.पी. जैसे राज्यों में कई शूगर मिल्स बंद हैं। इसलिए बिहार और यू.पी. में जो चीनी के कारखाने बंद हैं, उन्हें खड़ा करने की कोशिश की जाए, ताकि उससे किसान को भी फायदा हो और देश में चीनी का उत्पादन भी बढ़ेगा, साथ ही साथ चीनी का आयात भी कम होगा। इस पर सरकार का ध्यान क्यों नहीं जा रहा है?

**श्री शरद पवार:** महोदय, मैंने शुरू में ही कहा था कि इस साल देश में चीनी का उत्पादन कम हुआ है और गन्ने का उत्पादन भी कम हुआ है। इसलिए लोगों की ओर से शिकायत आ रही है कि चीनी के दाम 25, 26, 27 रुपए प्रति किलोग्राम तक और उससे भी ऊपर जा रहे हैं। दो महीने के बाद देश में दशहरा और दीपावली जैसे त्यौहार आएंगे, तब परिस्थिति और भी गम्भीर हो सकती है। इसलिए इस बारे में कुछ न कुछ रास्ता निकालने की आवश्यकता है। रास्ता क्या निकाला जा सकता है, देश में चीनी के स्टॉक की पोजिशन बढ़ाना ही एक रास्ता हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में  सरकार के सामने दो रास्ते हैं। एक तो यह है कि तैयार चीनी का आयात करके यहां लोगों तक पहुंचाने का बंदोबस्त किया जाए। दूसरा रास्ता यह है कि रॉ चीनी यहां लाकर प्रोसेस की जाए और लोगों को अवेलेबल कराया जाए। सरकार ने दूसरा रास्ता स्वीकारा, क्योंकि अगर कच्ची चीनी लाकर यहां प्रोसेस की जाएगी तो देश की इंडस्ट्री की केपेसिटी यूटिलाइजेशन बढ़ेगी और यहां के मजदूरों को भी थोड़ा-बहुत काम मिलेगा। इसलिए मिलकर काम करने से परिस्थिति में बदलाव आएगा, इस कारण यह रास्ता स्वीकार किया है। जहां तक मिलें बंद होने का सवाल है, ये मिल्स मैनेजमेंट की समस्या के कारण भी बंद हो सकती हैं। इस पर राज्य सरकारों को ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत सरकार किसी बंद पड़ी शूगर मिल को चलाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर नहीं लेती है, क्योंकि यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। मगर एक बात है कि शूगर डवलपमेंट नाम का एक फंड है, जिसके माध्यम से चीनी मिलों का आधुनिकीकरण करने के लिए भारत सरकार चार प्रतिशत ब्याज दर पर पैसा देती है। अगर कोई चीनी मिल ज्यादा गन्ना पेरने के लिए सामने आती है तो हम उसे भी इस फंड से चार प्रतिशत की ब्याज दर से पैसा देते हैं। उत्तर प्रदेश से बहुत से प्रस्ताव आए हैं, जिन्हें भारत सरकार ने स्वीकार किया है, लेकिन बिहार की तरफ से एक भी प्रस्ताव नहीं आया...(व्यवधान)

**श्री उदय सिंह :** बिहार से भी आया है।...(व्यवधान)

**श्री शरद पवार:** नहीं आया है, यह बात मैं पूरी जिम्मेदारी से कह रहा हूं। अगर आया है तो आप मुझे दिखाएं, मैं सदन से माफी मांगूंगा कि आया है और हमने उस पर अमल न किया है, लेकिन अगर नहीं आया होगा, तो आप क्या करेंगे, यह आपको बताना होगा। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि बिहार की तरफ से कोई ऐसा प्रस्ताव नहीं आया है। उत्तर प्रदेश का है, महाराष्ट्र का है, गुजरात का है, कर्नाटक का है, तमिलनाडु का है, लेकिन बिहार का नहीं है। आएगा तो मैं मदद करने के लिए तैयार हूं।

DR. K.S. RAO : Sir, there is shortage of oilseeds and pulses in the country and we are importing thousands of crores of rupees worth edible oilseeds and pulses every year. We are good at poultry, fisheries, dairy and agriculture in several respects. Our country is advanced in manufacturing farm implements also. The hon. Prime

Minister, and Sonia Gandhiji, have introduced NREGS to provide work to the farm labour in the villages. When the countries in Africa are providing lakhs of acres of land at very reasonable terms, should the hon. Minister not take advantage of that and then encourage the corporate sector by providing, if necessary, money from the foreign exchange reserves? In this way, the corporate sector can send thousands of our farmers to these countries, provide market to our manufacturers and get pulses and oilseeds, etc., into our country at a very cheap rate.

I wish to know from the hon. Minister whether he will take the initiatives to provide investment from the foreign exchange reserves to the corporate sector in order to come forward and take this up in a big way…. (*Interruptions*)

**12.00 hrs.**

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइये। पहले उन्हें जवाब देने दीजिए।

…(व्यवधान)

**श्री उदय सिंह :** मेरा माननीय कृषि मंत्री जी से सवाल है…(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइये, पहले उन्हें जवाब देने दीजिए। दोनों का जवाब तो नहीं होगा।

**श्री उदय सिंह :** दोनों का जवाब नहीं होगा, ठीक है, लेकिन इन्होंने कहा कि बिहार से सरकार के पास कोई परपोजल नहीं आया। …(व्यवधान) मैं कहना चाहता हूं कि बिहार ने परपोजल भेजा है। …(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइये। आपकी कोई भी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है।

…(व्यवधान) *

**श्री शरद पवार:** पहले जो सवाल पूछा गया है, उसका जवाब देने की मेरी जिम्मेदारी है। …(व्यवधान)

अंत में, मैं माननीय ऊर्जा मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि बहुत दूरदर्शिता वाला एक बजट इन्होंने प्रस्तुत किया है।

**उपाध्यक्ष महोदय :** अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए। अब आपकी कोई बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी।

…....(व्यवधान)*

---

* Not recorded

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** उपाध्यक्ष महोदय, ऊर्जा देश का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है। आपने मुझे उस पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं मंत्री जी का बहुत सम्मान करता हूं। वह मुख्य मंत्री भी रहे हैं, गवर्नर भी रहे हैं और आज हमारे बीच केन्द्रीय मंत्री के रूप में बैठे हैं। जहां तक इस यूपीए सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2012 तक सबके घरों में बिजली पहुंचा दी जाएगी, तो मैं उस पर कुछ कहना चाहूंगा।

बिजली का उत्पादन हम कई स्रोतों जैसे जल, कोयला, परमाणु, अक्षय, पवन और सौर से करते हैं। 11वीं पंचवर्षीय योजना में हमारे योजना आयोग के उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया जी ने कहा है कि 78,000 मेगावाट बिजली पैदा की जाएगी। दूसरी तरफ आप देखें कि आज भी पूरे देश में जो 2.45 करोड़ बीपीएल परिवार हैं, अधिकांश बिजली से वंचित हैं। सरकार की योजना थी कि इन सभी परिवारों के घरों में एक बल्ब के लिए बिजली मुफ्त दी जाएगी। मैं माननीय सदस्यों से कहना चाहता हूं कि आप भी अपने क्षेत्रों में जाते हैं तो कितने बीपीएल परिवारों के घरों में एक बल्ब बिजली दी जा रही है, यह सब आप अच्छी तरह जानते हैं।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय:** कृपया आपस में बातें न करें।

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** जहां तक उत्तर प्रदेश का सवाल है, तो उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है, ह्रदय प्रदेश है। मेरा ऐसा मानना है कि अगर इसका विकास नहीं हुआ तो पूरे देश का विकास नहीं हो सकता। इस बात का उल्लेख भारत के मानचित्र में भी है, इसे हम अपने को कभी अलग नहीं कर सकते। उत्तर प्रदेश की पिछले 15 वर्षों में 420 मेगावाट बिजली उत्पादन की उपलब्धि रही, जबकि लक्ष्य 1826 मेगावाट का था।

पुनिया साहब अभी बोल रहे थे। मैं इनका बड़ा सम्मान करता हूं, क्योंकि वह कांग्रेस पार्टी, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की प्रदेश सरकारों में चीफ सेक्रेटरी के पद पर रह चुके हैं। चीफ सेक्रेटरी का प्रदेश में बहुत बड़ा ओहदा होता है। वह सारी फाइलें लेकर जाता है। पुनिया साहब ने जो कहा, मैं उस पर नहीं जाना चाहूंगा। लेकिन तत्कालीन समाजवादी पार्टी की सरकार के समय जब मुलायम सिंह यादव जी मुख्य मंत्री थे, उस समय रोजा शाहजहांपुर का पावर प्रोजेक्ट था, दूसरा, श्रीनगर जल विद्युत परियोजना, तीसरा, इलाहाबाद में मेजा, करछना और बारां में, चौथा, पारीक्षा- झांसी जिसकी केपेसिटी बढ़ाए जाने की बात थी और पांचवां, हरदवागंज की क्षमता बढ़ाए जाने की बात थी। इन सब पर उस सरकार ने पैसा देकर क्षमता बढ़ाने का काम किया था। आप जाकर प्रदेश की हालत देखें तो मालूम होगा कि उस वक्त ग्रामीण क्षेत्रों में जो 14 से 16 घंटे तक बिजली मिलती थी, वर्तमान में मेरे खयाल से हफ्ते में चार-छः

घंटे ही बिजली मिल पाए तो बहुत बड़ी बात समझी जाती है। इस समय वहां दो-चार घंटे ही बिजली मिल पाती है।

पुनिया साहब ने उत्तर प्रदेश सरकार के श्वेत पत्र के बारे में भी कहा। मैं भी कल उसे देख रहा था। उसमें इतनी बढ़ा-चढ़ाकर बात कही गई है, जिससे लगता है कि वर्तमान सरकार ने ही जीरो से लेकर अब तक का बिजली उत्पादन किया है। चाहे कांग्रेस की सरकार रही या कोई और सरकार रही, किसी भी सरकार ने कुछ नहीं किया। ऐसा उन्होंने श्वेतपत्र जारी किया है। ठीक है, आप 24 घंटे उत्तर प्रदेश को बिजली दे दें, तो बहुत अच्छी बात होगी। उसी परिप्रेक्ष्य में मैं कहना चाहूंगा कि हमारे माननीय मुलायम सिंह जी की सरकार में, दादरी प्रोजैक्ट गैस पर आधारित था, जिसमें 27500 मेगावाट बिजली पैदा करने की योजना थी। माननीय पुनिया साहब उस बारे में विस्तार से कह रहे थे। मैं कहना नहीं चाहूंगा कि यह किसकी देन है? मैंने माननीय मंत्री जी से सप्लीमेंट्री क्वेश्चयन में कहा था कि अगर उस समय गैस मिल जाती, कांग्रेस गवर्नमेंट अगर उस समय गैस दे देती, तो उत्तर प्रदेश में 24 घंटे बिजली रहती और अन्य प्रदेशों को उसे भेजने का कार्य भी हम करते। यह उपलब्धि थी। ...(व्यवधान) लेकिन आपने बड़ा सकारात्मक जवाब दिया कि हम पेट्रोलियम मंत्री जी से बात करके गैस उपलब्ध कराएंगे, ताकि वह प्रोजैक्ट चालू हो और प्रदेश आत्म-निर्भर बने। यह बड़ी अच्छी बात है और इसके लिए हम माननीय मंत्री जी का बहुत आभार व्यक्त करते हैं।

राजीव गांधी विद्युतीकरण के बारे में यहां पर बात कही गयी है। यह योजना वर्ष 2005 से लागू हुई, जिसमें कहा गया कि 1.25 लाख गांवों में बिजली पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया। उत्तर प्रदेश की बात मैं बता रहा हूं। आज भी करीब डेढ़ लाख मज़रों में जो गांव हैं, उनमें आज भी बिजली का नामोनिशान नहीं है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि हमने समय-समय पर आपको पत्र भी लिखे हैं, आपने इस बजट में उनके लिए प्रावधान भी किया है। इसमें आपने 100 से 200 आबादी वाले जो गांव हैं, उनमें 27000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है और कहा है कि राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत हम उनमें विद्युत पहुंचाएंगे। यह बहुत अच्छी बात है। लेकिन राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना में आप 20,000 किलोवाट बिजली का करंट प्रवाहित करते हैं, लेकिन छोटे-छोटे ट्रांसफोरमर्स आप लगाते हैं। उसमें एक ट्रांसफॉरमर में केवल 10 व्यक्ति कनैक्शन ले सकते हैं। वे जल्दी-जल्दी जल जाते हैं, जिससे वह योजना असफल है। मैं चाहूंगा कि बड़े ट्रांसफॉरमर आप लगाएं। अगर किसी गांव का विद्युतीकरण हो तो वहां बड़ा ट्रांसफॉरमर लगे, ताकि पूरे गांव में विद्युत प्रवाहित हो सके। होता क्या है कि आपने विद्युतीकरण कर दिया और हर गांव में एक या दो ट्रांसफॉरमर्स लगे, लेकिन कनैक्शन्स लेने वाले लोग हजारों में हैं। मैं चाहूंगा कि

10 किलोवाट का ट्रांसफॉरमर हटाकर ज्यादा बड़े किलोवाट का ट्रांसफॉरमर लगाएं ताकि पूरे गांव में बिजली प्रवाहित हो और लोग कनैक्शन लेकर घर को रोशन कर सकें।

उत्तर प्रदेश की पुरानी विद्युतीकरण परियोजना पर ध्यान दें तो पता लगेगा कि अगर गांव में चार-पांच खम्बे भी लगे हैं तो मान लिया गया कि उस गांव का विद्युतीकरण हो गया। हम लोग अपनी निधि से दो खम्बे, चार खम्बे, पन्द्रह खम्बे, बीस खम्बे लगवाते हैं, जबकि निधि बहुत कम है। अभी माननीय पुनिया साहब निधि की ओर ध्यान दिला रहे थे। मैं चाहूंगा कि या तो इस निधि को बढ़ाया जाए या इस निधि को बिल्कुल खत्म कर दिया जाए। इस निधि को खत्म करके आप खुद विद्युतीकरण करवाएं। हमसे पेयजल के लिए, बिजली के लिए, सड़क के लिए भी निधि मांगी जाती है। हम लोग चुने हुए प्रतिनिधि है, इसलिए स्कूल और कॉलिज के लिए भी वे हमसे अपेक्षा करते हैं। लेकिन हम सब चीजों के लिए निधि दे नहीं पाते हैं और हम लोग बदनाम भी होना नहीं चाहते। ...(व्यवधान)

**श्री गोविन्द प्रसाद मिश्र (सीधी):** आप पूछिये कि जो आप बिजली के लिए पैसा देते हैं...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप उन्हें बोलने दीजिए।

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** माननीय मंत्री जी को सब पता है। महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में उल्लेख किया गया है कि 100 दिन में 5653 मेगावाट बिजली पैदा करेंगे। 2300 मेगावाट बिजली क्षमता स्थापित हो चुकी है, ऐसा आपने दावा किया है। लेकिन मुझे नहीं लगता है कि इस प्रकार का कोई कार्यक्रम आपने किया है।

**उपाध्यक्ष महोदय :** आपके यहां से चार आदमी और बोलने वाले हैं, उन्हें भी बोलने का मौका मिलना चाहिए।

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** उपाध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने कहा कि इस पंचवर्षीय योजना में 78 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता करेंगे, लेकिन दो वर्षों में केवल 15 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाई है। मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं, यूपीए सरकार के साथ हैं कि आपने जो लक्ष्य रखा है, उस लक्ष्य के मुताबिक कम से कम आप बिजली का उत्पादन करें। अगर देखा जाए, तो पूरे देश की इक्नोमिक व्यवस्था एक कृषि पर आधारित है और दूसरी विद्युत पर आधारित है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। अगर बिजली नहीं है, तो कोई भी काम, कोई भी उत्पादन चाहे लघु उद्योग हों, बड़े उद्योग हों, किसी भी तरह के काम में प्रगति नहीं हो सकती है। छोटे-छोटे उद्यमी भी बिजली पर निर्भर करते हैं। आज उत्तर प्रदेश में बिजली की स्थिति इतनी खराब है कि सभी कल-कारखाने, छोटे-बड़े उद्योग करने वाले व्यापारी हों, सबका काम ठप पड़ा हुआ है।

महोदय, मैं दूसरी बात कहना चाहता हूं कि आप यहां से राज्य सरकार को पैसा भेजते हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने जो श्वेत पत्र जारी किया है, मैं चाहूंगा कि कम से कम इतना कर दीजिए कि प्रदेश में 24 घंटे बिजली रहे। लेकिन जो पैसा आप दे रहे हैं, उसका भी आपको मूल्यांकन करना चाहिए। आज अगर आप पैसा दे रहे हैं, तो पूरा का पूरा पैसा पार्कों में पत्थर लगाने पर, मूर्तियां लगाने पर खर्च किया जा रहा है।...(व्यवधान) वहां कोई काम नहीं हो रहा है। दूसरी तरफ पूरे प्रदेश में पर्यावरण को इतना खतरा हो गया है कि चाहे वह लखनऊ की जेल हो या नोएडा में जो पार्क पत्थर में तबदील हो रहे हैं, वहां हजारों की संख्या में पेड़ काटे गए हैं। वहां पशु-पक्षी बेघर हो गए हैं, लोग मर रहे हैं।...(व्यवधान) आदमी को ही नहीं, पूरे पर्यावरण को खतरा पैदा हो गया है। आप वहां केंद्र की टीम भेजें।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइए। माननीय सदस्य को बोलने दीजिए।

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** आप देखिए कि वहां बिजली की क्या हालत है। मैं केवल एक और बात कह कर अपनी बात समाप्त करूंगा।

महोदय, नए हाइडल बनाने के लिए आप जो जमीन का अधिग्रहण करते हैं, वहां जमीन का जो मुआवजा दिया जाता है, वह बहुत नामिनल होता है। मार्केट वैल्यु पर किसानों की जमीन का अधिग्रहण करने की कोशिश करनी चाहिए। ऊसर, बंजर जमीन को अधिग्रहण करने के लिए प्राथमिकता देनी चाहिए। अगर थोड़ी बहुत किसान की जमीन का अधिग्रहण हो रहा है, तो मार्केट वैल्यु के आधार पर मुआवजा देना चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**श्री दारा सिंह चौहान (घोसी):** उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे चर्चा में भाग लेने का अवसर प्रदान किया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। माननीय ऊर्जा मंत्री जी बैठे हैं। उन्होंने कई बार सदन में स्वीकार किया है कि आज पूरा देश बिजली के गंभीर संकट से जूझ रहा है। केवल उत्तर प्रदेश की ही नहीं, पूरे देश के बिजली संकट की बात को मंत्री जी ने स्वीकार किया है। जैसा माननीय विद्वान साथी कह रहे थे, उन्हें मैं बताना चाहता हूं कि किसी दूसरे हैड का पैसा किसी और हैड में खर्च नहीं किया जा सकता है। आज पूरे देश की महत्वपूर्ण आवश्यकता ऊर्जा है, जो हर आदमी के घर से, कुटीर उद्योग से शुरू होती है। विद्युत छोटे, कुटीर, बड़े उद्योगों के लिए बहुत आवश्यक है। इस बात को ध्यान में रखते हुए हमारे देश के राष्ट्र निर्माताओं ने आजादी के बाद विद्युत क्षेत्र को प्राथमिकता दी है। मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि सन् 1948 में विद्युत अधिनियम को डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर ने बनाया। उन्होंने विद्युतीकरण को आम आदमी की अनिवार्य आवश्यकता बताते हुए इसकी जिम्मेदारी केंद्र पर डाली, क्योंकि उन्हें पता था कि कृषि और ग्रामीण उद्योग, जो निजी क्षेत्र में उत्पादन करते हैं, वे बिजली नहीं खरीद पाएंगे और न ही किसानों को कृषि से इतना लाभ मिल पाएगा कि वे बिजली की उचित कीमत देकर बिजली खरीद सकें।

मैं आपके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि आजादी से लेकर 1989 तक प्रदेश में कुछ समय अगर 2-4 महीना या साल भर छोड़ दिया जाए तो यह देखेंगे कि 42 साल तक कांग्रेस की हुकूमत रही है और 4700 मेगावॉट तक बिजली का उत्पादन हो पाया। 1989 से लेकर वर्ष 2002 के बीच में 13 वर्ष में 1000 मेगावॉट बिजली पैदा हुई है। वर्ष 2000 में उत्तरांचल बंटने के बाद 1000 मेगावॉट बिजली जो पन बिजली परियोजना एनएचपीसी के द्वारा बनाई जाती थी, अलग होने के बाद वह उत्तराखंड को चली गई और इसके बाद हमारे पास कुल 4700 मेगावॉट बिजली रह गई। इसलिए मैं बार-बार उत्तर प्रदेश को लाना चाहता हूं क्योंकि बार-बार इसकी चर्चा हुई है और उ.प्र. देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। वहां पर केवल 4700 मेगावॉट बिजली 1989 से लेकर वर्ष 2002 के बीच में पहुंची। हम इस बात को केवल आपके ध्यान में लाना चाहते हैं कि जहां हम नयी बिजली नहीं पैदा कर पा रहे हैं, वहीं 1992 में ऊंचाहार तापी विद्युत परियोजना जो 420 मेगावॉट की थी, एनटीपीसी को 1992 में बेच दी गई। …(व्यवधान) इसीलिए तो संज्ञान में लाना चाहता हूं। अगर सरकार इस बात को नोटिस में लेती तो हमें कहने की जरूरत नहीं पड़ती।

तत्कालीन सरकार ने वर्ष 2000 में टांडा तापी बिजली परियोजना जो 440 मेगावॉट की थी, यह भी एनटीपीसी को बेच दी गई है। उस समय बीएसपी की सरकार नहीं थी। अब आप लोग निर्णय कर सकते हैं कि सरकार किसकी थी?…(व्यवधान) इस प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र के विकास को भारी झटका लगा और उत्तर प्रदेश की बिजली की आपूर्ति में काफी कमी आई। वर्ष 2002 में बीएसपी की सरकार बनने के

14 वर्ष बाद 420 मेगावॉट की क्षमता का जो परीक्षा विस्तार की बात हमारे साथी कह रहे थे और जहां उत्पादन शुरु हो चुका है, पूर्व की सरकारों ने ऊर्जा उत्पादन को गंभीरता से नहीं लिया और ऊर्जा उत्पादन हेतु परियोजनाएं स्वीकृत नहीं की गईं। इसलिए उत्तर प्रदेश में वर्तमान समय में विद्युत की 7500 से लेकर 8000 मेगावॉट की मांग के सापेक्ष केन्द्रीय परियोजनाओं के हिस्से को मिलाकर उपलब्धता जो 6500 मेगावॉट है, इस प्रकार जो डिमांड और सप्लाई में 1000 मेगावॉट का अंतर रहता है और पीक ऑवर में यह लगभग 3000 मेगावॉट बढ़ जाता है, इसलिए इस तरफ मैं माननीय ऊर्जा मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं। इसलिए मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय सरकार के उपक्रम के साथ संयुक्त क्षेत्र में भी ऊर्जा उत्पादन हेतु दो समझौते किये गये थे जिसमें मेजर परियोजना जो 1320 मेगावॉट की फतेहपुर की 2000 मेगावॉट परियोजना की स्वीकृति दी जा चुकी है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद निगम के माध्यम से जहां एक ओर जो परीछा विस्तार- 2 में जून, 2010 में 500 मेगावॉट हरदुआगंज विस्तार में जून, 2010 तक 500 मेगावॉट व अनपारा-डी परियोजना से दिसम्बर 2011 तक 1000 मेगावॉट उत्पादन प्रारम्भ हो जाएगा। वहीं पर ओबरा-सी परियोजना जो 1320 मेगावॉट पर हो जाएगी, इसके अतिरिक्त 5 वर्षों में 5000 मेगावॉट की अतिरिक्त उत्पादन क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया गया है जिसमें से 1320 मेगावॉट क्षमता जो अनपारा-ई परियोजना की स्वीकृति दी जा चुकी है, यह परियोजना मैं समझता हूं कि 2014 तक पूरी हो जाएगी।...(व्यवधान) आगे की भी बता रहा हूं। वर्तमान सरकार द्वारा इस श्रेणी में बारा परियोजना जो 1980 मेगावॉट करछना परियोजना 1320 मेगावॉट की स्वीकृत की है जिसका 4 वर्षों में उत्पादन प्रारम्भ हो जाएगा। ओबरा-सी परियोजना 1320 मेगावाट की कार्य योजना शीघ्र प्रारंभ हो जाएगी। इसके अतिरिक्त पांच वर्षों में 5000 मेगावाट की अतिरिक्त उत्पादन क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया गया है जिसमें से 1320 मेगावाट क्षमता अनपरा-ई परियोजना की सहमति दी जा चुकी है। मैं समझता हूं कि यह परियोजना 2014 तक पूरी हो जाएगी। ...(व्यवधान) आप क्यों बोल रहे हैं आज तो आपको सुनने वाला भी कोई नहीं है।...(व्यवधान) वर्तमान सरकार द्वारा इस श्रेणी में बारा परियोजना 1980 मेगावाट की करछना परियोजना में 1320 मेगावाट की स्वीकृति की है, इसमें चार वर्षों में उत्पादन प्रारंभ हो जाएगा। कुछ परियोजना दो-तीन वर्षों में आएंगी, इनमें रोजा परियोजना से जून, 2010 तक 600 मेगावाट, अनपरा-सी परियोजना से दिसंबर, 2010 तक 1200 मेगावाट और श्रीनगर परियोजना से 2011 तक 300 मेगावाट ऊर्जा मिलने लगेगी। इसके अतिरिक्त वर्ष 2017 तक 15000 मेगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन हेतु एटा में 1320 मेगावाट, सोनभद्र में 1980 मेगावाट और ललितपुर में 4000 मेगावाट व यमुना एक्सप्रेस वे अथॉरिटी के अंतर्गत 2000 मेगावाट परियोजनाओं की स्वीकृति दी गई है।

माननीय महोदय, मैं माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि राज्य सरकार द्वारा पारेषण वितरण क्षेत्र में नई क्षमता सृजन करने के लिए कई विस्तार योजनाएं तैयार की गई हैं इसके अंतर्गत शहरी क्षेत्र में उपभोक्ता की बेहतर आपूर्ति के लिए प्रदेश में कानपुर, आगरा जैसे इनपुट बेस्ड फ्रेन्चाइजी प्रारंभ किए गए हैं। यह व्यवस्था शीघ्र ही अन्य सात शहरों में शुरू करने की योजना बनाई गई है।...(व्यवधान)

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** शहरों में बिजली की कटौती पांच घंटे की है।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप बैठ कर न बोलें।

**श्री दारा सिंह चौहान :** मैं इसके बारे में ही बता रहा हूं। ...(व्यवधान) प्रदेश में ओवरलोडिंग की समस्या खत्म करने के लिए 1341 करोड़ रुपए की योजना का कार्य प्रारंभ किया गया है। पारेषण के क्षेत्र में 11वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत 2012 तक 20000 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत किया गया है, जिसमें से 8000 करोड़ रुपए का निवेश निजी क्षेत्र के माध्यम से किए जाने की कार्यवाही चल रही है। 452 नए विद्युत उपकेन्द्रों के निर्माण पर लगभग 766 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे और 557 सब स्टेशनों की क्षमतावृद्धि के लिए 310 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।...(व्यवधान)

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** यह श्वेत पत्र है।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप कृपया अपनी बात समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री दारा सिंह चौहान :** यह श्वेत पत्र नहीं सच्चाई है।...(व्यवधान) सच्चाई देखकर सरकार कुछ बोल रही है। मैं सच्चाई को सामने लाना चाहता हूं।...(व्यवधान) प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित परियोजनाओं में 20000 मेगावाट की परियोजनाओं को पूरा करने के लिए भारत सरकार से कोयला एवं गैस आबंटित किए जाने की सदस्यों ने मांग की है लेकिन इस संबंध में सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भी केंद्र सरकार ने ध्यान नहीं दिया गया वरना इस प्रदेश में नागरिकों को 24 घंटे बिजली मिलने लगती। मैं इस तरफ माननीय मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं।

महोदय, वर्तमान सरकार द्वारा भारत सरकार को कई बार उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने अनुरोध किया है क्योंकि उत्तर प्रदेश में कोई खदान नहीं है। वहां कोयला उपलब्ध नहीं हो सकता है इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से और यूपीए सरकार से कहना चाहता हूं कि राज्यों को कोयला आबंटन में वरीयता देनी चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा इस सुझाव पर कोई निर्णय नहीं लिए जाने के कारण योजनाओं के क्रियान्वयन में

विलंब हो रहा है। केंद्र सरकार पूरे देश में 28000 मेगावाट क्षमता के 7 अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट्स लगाने की बात कर रही है लेकिन प्रदेश को कुछ आबंटित नहीं किया गया है।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप अपनी स्पीच पार्टली ले कर दें।

...(व्यवधान)

**श्री दारा सिंह चौहान :** मेरे पास समय है, मुझे अपनी बात कहने दी जाए।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आपको जितना समय दिया गया था आपने उससे ज्यादा बात कही है।

...(व्यवधान)

**श्री दारा सिंह चौहान :** केंद्र सरकार के पास उत्तरी क्षेत्र में केंद्रीय परियाजनाओं में 1749 मेगावाट का विवेकाधीन कोटा है, जिसमें से उत्तर प्रदेश को मात्र 406 मेगावाट बिजली मिलती है। उत्तर प्रदेश में बिजली की आपूर्ति में लगभग 3000 मेगावाट का अंतर है। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान इधर जरूर आकृष्ट करना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा सूबा है इसलिए इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश में नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन की सिंगरौली विद्युत संयंत्र की कोई न कोई इकाई अक्सर खराब रहती है।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आपकी बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी। जगदीश शर्मा जी, आप बोलिए।

...(व्यवधान)*

**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती):** महोदय, यह उत्तर प्रदेश का मामला है इसलिए इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। मैं माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि विद्युत उत्पादन वितरण के क्षेत्र में खामियां हैं। प्राइवेट एजेंसियों से बिजली मिलती है और वितरित की जाती है। लेकिन हरियाणा में कितनी वितरित करते हैं और यहां कितनी करते हैं? ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आपको मौका मिलेगा।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** दारा सिंह जी, आपकी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है।

...(व्यवधान)*

---

* Not recorded

**उपाध्यक्ष महोदय :** जो माननीय सदस्य अपना भाषण लिखकर देना चाहते हैं, वे सभा पटल पर 'ले' कर दें।

**श्री जगदीश शर्मा (जहानाबाद):** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने इतने महत्वपूर्ण विषय पर मुझे बोलने का अवसर दिया। आज पूरे देश में बिजली का संकट है। कुछ राज्यों को आप छोड़ दें तो पूरा देश बिजली संकट से गुजर रहा है और बिजली आज के समय में जीवन रेखा है। कहावत है - 'जल ही जीवन' लेकिन जल भी बिजली के बिना लोगों तक नहीं पहुंच सकता, आज यह स्थिति है। केन्द्र सरकार की इसमें जो भूमिका है, माननीय मंत्री, शिंदे साहब, अनुभवी और जानकार हैं और एक प्रश्न के उत्तर में जवाब देते समय जब यह कह रहे थे तो मैं सुन रहा था कि यह राज्य सरकारों का दायित्व हैं। मैं भी इस बात को मानता हूं। लेकिन पूरे देश में संघीय व्यवस्था में सरकार चलती है और जो केन्द्र सरकार की भूमिका है, वह एक अभिभावक की भूमिका है। आज जो पिछड़े प्रदेश हैं, गरीब राज्य हैं, अविकसित राज्य हैं, उन्हें बिजली के क्षेत्र में विशेष अवसर देकर उनके क्षेत्रों में बिजलीकरण का काम कराना है। शिंदे साहब को मैं बताना चाहता हूं कि आप बिहार में कांग्रेस के प्रभारी भी रहे हैं और बिहार के एक-एक जिले की आपको जानकारी है। बिहार कितना पिछड़ा है, बिहार में आपने कांग्रेस प्रभारी की हैसियत से बहुत समय दिया है। मैं उस समय विधान सभा में एम.एल.ए. था। मैं जानता हूं, आपको वहां की जानकारी है। आप जहानाबाद जैसे पिछड़े इलाके में भी गये हैं और आपको उस इलाके का पूरा तजुर्बा है। बिहार में बिजली के क्षेत्र में पिछले 15-16 सालों में एक मेगावाट बिजली बढ़ोतरी का काम भी नहीं हुआ है। मैं किसी पर आरोप नहीं लगाता लेकिन मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि जब श्री कृष्ण सिन्हा बिहार के मुख्य मंत्री थे, यह इतिहास है और माननीय पंडित जवाहर लाल नेहरू यहां प्राइम मिनिस्टर थे। बिहार में पहला यूनिट लगा। प्रधान मंत्री, पंडित जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में **श्री** बाबू जो वहां के मुख्य मंत्री थे, उन्होंने बरौनी, कांटी और पतरातू में यूनिट लगवाये। लेकिन झारखंड के बंटवारे के बाद पतरातू झारखंड में चला गया और बरौनी और कांटी दो इकाई बच गईं। बिहार में जब श्री नीतीश कुमार की सरकार आई तो उन्होंने ईमानदारी से प्रयास किया और आज भी प्रयासरत हैं। आज हम बरौनी में 60,70 और 100 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रहे हैं, जो पहले शून्य पर था। कांटी को उन्होंने एन.टी.पी.सी. के हवाले किया, समझौता हुआ। लेकिन मैं बता रहा हूं कि वहां प्रगति बहुत धीमी है। काम बहुत मंद गति से चल रहा है और यदि इसी गति से काम चलता रहा तो बिहार में बिजली के क्षेत्र हम बिल्कुल ही नाकारा साबित हो जायेंगे।

आज बिहार में सूखे की स्थिति है। सैंट्रल ग्रिड से हमारा एलोकेशन 1300 मेगावाट है। हमारे बिहार का डिमांड 2500 मेगावाट का है। 2500 के विरुद्ध आपने 1300 मेगावाट सैंट्रल ग्रिड से एलोकेट किया है

और हमें आठ सौ, साढ़े आठ सौ मेगावाट मिल रहा है। हमें इससे अधिक नहीं मिल रहा है। मैं मंत्री से निवेदन करना चाहता हूं कि बिहार से आपका अटूट रिश्ता रहा है। आप बिहार के लिए एलोकेशन बढ़ाइये और बिहार सरकार आपका पैसा भी चुकता कर रही है। वहां की सरकार के जिम्मे आपका कोई पैसा बकाया नहीं है। जो बिहार सरकार खरीद रही है, उसका पेमेन्ट भी करती जा रही है। हम निवेदन करना चाहते हैं कि कांटी का काम त्वरित गति से हो और समय सीमा के अंदर हो और बिहार का जो एलोकेशन 1300 मेगावाट है, उसे बढ़ाकर कम से कम 1500 मेगावाट तत्काल जरूर किया जाए, चूंकि वहां सुखाड़ की स्थिति है।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा कहना है कि बिहार से प्राइवेट सैक्टर्स के कुछ प्रस्ताव बिजली उत्पादन के लिये आये थे जिन्हें बिहार सरकार ने केन्द्र के विद्युत मंत्रालय को भेजे हैं लेकिन स्वीकृति इसलिये नहीं मिली कि कोल लिंकेज नहीं है। मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि आप बिहार सरकार को कोल लिंकेज दीजिये ताकि प्राइवेट सैक्टर्स को बिजली उत्पादन के क्षेत्र में मंजूरी मिल सके और बिहार विद्युत के मामले में अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इसके अलावा बिजली का सब से सस्ता साधन पनबिजली है। बिहार की सीमा नेपाल से लगी हुई है। नेपाल की नदियों में बराबर प्रयास चल रहा है। इस प्रश्न को हमारे नेता शरद यादव जी ने बार बार उठाया है कि नेपाल में हाई डैम बनाकर बिजली का उत्पादन किया जाये ताकि नेपाल के साथ साथ बिहार और पूरे देश को बिजली मिल सके। इसका दूसरा बड़ा फायदा बाढ़ से होने वाली क्षति से बिहार को निज़ात मिल सकेगी। बिहार बाढ़ की समस्या से मुक्त हो सकता है। इसलिये मेरा निवेदन है कि केन्द्र से एक स्पेशल टीम गठित होकर जाये और इस का सर्वेक्षण करे। मैं इस सदन के माध्यम से प्रधान मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि यह बहुत बड़ा संकट है। कोसी त्रासदी के बारे में बार-बार पार्लियामेंट में सवाल उठता है लेकिन कोई कारगर कदम नहीं उठाया जाता है। नेपाल सरकार से समय सीमा के अंतर्गत बातचीत करके पन-बिजली, जो सब से सस्ती है, के उत्पादन के बारे में प्रयास किया जा सकता है। इससे न केवल बिहार को बल्कि पूरे देश को बिजली मिल सकेगी। इस ओर कदम बढ़ाने की आवश्यकता है।

उपाध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार ने राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना चलाकर बहुत अच्छा काम किया है। यह योजना देश के महान नेता के नाम पर है जिन्हें हम श्रद्धा से देखते हैं। वह देश के लिये शहीद हो गये। मैं माननीय विद्युत मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि वह कांग्रेस पार्टी की तरफ से बिहार के प्रभारी मंत्री रहे हैं जिन्हें जमीनी हकीकत की जानकारी है । आज जहां जहां बिजली का काम हो रहा है, वहां बड़ा-बड़ा बोर्ड लगा दिया जाता है लेकिन बोर्ड पर गांव का नाम नहीं लिखते हैं। आप चाहें तो जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। चूंकि मैं 33 साल तक विधानसभा का सदस्य रहा हूं और आज सांसद बनकर

आया हूं तो मुझे मालूंम है। बोर्ड पर गांव का नाम लिखा जाना चाहिये। बिहार के 24 जिले पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन के अंतर्गत काम कर रहे हैं। लेकिन स्थिति क्या है? बिजली के लिये कांट्रेक्ट अलॉट करते हैं लेकिन उनके आफिसर पटना में बैठते हैं। हम एम.एल.ए. थे और आज एम.पी. हैं लेकिन आज तक किसी आफिसर से मुलाकात नहीं हुई है। मैं कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं। अगर पावर ग्रिड कारपोरेशन के आफिसर से एक एम.पी. बात करना चाहे तो वह बात नहीं हो सकती है। मैं सच्चाई बता रहा हूं। यही जमीनी हकीकत है। मैं अपने क्षेत्र में गया तो पाया कि पोल गाड़ दिया गया है लेकिन तार नहीं लगा है। ट्रांसफॉर्मर लगा दिया गया। 11000 का एलटी.लाईन का ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। मैंने स्थानीय कांट्रेक्टर से पूछा तो उसने बताया कि पोल गाड़ने का काम मेरा है लेकिन ट्रांसफॉर्मर लगाने वाला दूसरा है जो पेमेंट लेकर चला गया है। स्व. राजीव गांधी के नाम पर कम से कम उस महान आत्मा को ठेस पहुंचाने का काम न करें। मेरे दिल में भी दर्द है। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि जो खामियां हैं, उन्हें दूर किया जाये। गांव में एक लाईन जा रही है जिसे कई माननीय सदस्य ने कहा है लेकिन मैं इसलिये दोहराना नहीं चाहता क्योंकि यह एक गांव का मामला नहीं, सारे गांवों की बात है। 11000 एलटी की तार जा रही है, उस पर कीमती सामान लग गया है लेकिन गांव में केवल एक तार दी है, उससे क्या होगा? क्या उससे टी.वी. देख सकेगा या एक बल्ब से काम चल जायेगा? गांव में आप जिसे बीपीएल कहते हैं, आज उनमें से 80 परसेंट लोग खेतिहर हैं और खेती कर रहे हैं। उन्हें भी जरूरत है, आप गांव को लाइन देना नहीं चाहते, कहते हैं कि पैसा नहीं है, तो एक हजार गांव मत करिए, सौ गांवों को ही दीजिए। इन सौ गांवों के लिए, चाहे एपीएल हो, बीपीएल हो, एपीएल के लिए पैसा लेकर कीजिए।

महोदय, गांव में क्या हो रहा है, आपका अधिकारी जाता है, कहता है कि यह बीपीएल के लिए है। गांव में भेदभाव शुरू हो गया है। एपीएल कहता है कि हमने भी तो सरकार को वोट दिया है। इससे समाज और गांव में तनाव पैदा हो जाता है। यह योजना सबके लिए है। हम आपसे एकदम ईमानदारीपूर्वक कह रहे हैं कि इसे सबके लिए कीजिए। बीपीएल को आप मुफ्त बिजली दीजिए लेकिन इसे सबके लिए कीजिए। हम बीपीएल के लिए भी आपसे एक बात कहना चाहते हैं कि बीपीएल के लिए भी आपने लिख दिया है कि महीने में इन्हें 50, 55 या 75 रूपए देने पड़ेंगे। उसके यहां बिजली नहीं हैं और उसके पास बिल जाता है तो वह कहता है, अभी वह हमें एमपी नहीं मान रहा है क्योंकि हम विधायक 33 साल से हैं। वह कहता है कि विधायक जी मेरी लाइन कटवा दीजिए। यह बताइए कि बिजली जलाने के लिए गरीब आदमी 55 रूपए कहां से देगा?

महोदय, हम निवेदन करना चाहते हैं कि अगर आप बीपीएल को लाइन दे रहे हैं तो उन्हें फ्री ऑफ कॉस्ट दीजिए, मुफ्त बिजली दीजिए। आप मेरे साथ चलिए, वह चाहता है कि उसकी लाइन कट जाए।

ठेकेदार क्या कर रहा है, काम पूरा किया नहीं है और कागज में लाइन जोड़ दी है। उसके पास बिल जा रहा है, इससे वहां हाहाकार मचा हुआ है। हम एक बात का निवेदन करना चाहते हैं कि ट्रांसफॉर्मर में पैसा तो 10 केवीए, 16 केवीए, और 25 केवीए का लग रहा है। हम निवेदन करना चाहते हैं कि अगर आपको देना ही है तो हर गांव में 100 केवीए का एल.टी.श्री फेज़ और 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर दीजिए। आपके पैसे में अंतर नहीं आएगा।

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया समाप्त कीजिए।

**श्री जगदीश शर्मा :** यह जो 10 केवीए का है, आप उसमें टोटा फंसाने का काम रोकिए। पुलिस कहां-कहां बैठेगी, वहां चार आदमी गये, 10 केवीए का ट्रांसफॉर्मर है, उसमें टोटा फंसा दिया और फटाक से ट्रांसफॉर्मर जल गया। इसका क्या मतलब है, अगर आपको देना ही है तो 100 केवीए का दीजिए ताकि खेती-किसानी का भी काम हो, गांव का भी काम हो, एपीएल का भी काम हो, बीपीएल का भी काम हो यानि सर्व समाज को इसका लाभ मिले। इससे शिन्दे साहब का भी नाम होगा और श्री राजीव गांधी जी का भी नाम होगा। इन्हीं बातों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**श्री शरद यादव (मधेपुरा):** महोदय, मैं मंत्री जी से एक बात कहना चाहता हूं। जो बिजनेस मैन हैं, प्राइवेट लोग हैं, उन्हें तो ब्लॉक का एलॉटमेंट हो रहा है। ये इतने मामले पैंडिंग हैं और अभी माननीय सदस्य ने बिहार की बिजली की हालत बतायी है। ब्लॉक का एलॉटमेंट प्राइवेट लोगों और बिजनेस मैनों को तो हो रहा है, लेकिन सरकार के जो ब्लॉक हैं, उन्हें नहीं हो रहा है। यह आपको पर्सनली देखना चाहिए।

**विद्युत मंत्री (श्री सुशीलकुमार शिंदे):** मैं इसका जवाब दूंगा। सरकारों को भी दे दिया है। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र सरकार को दे दिया है।

**श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह (मुंगेर):** महोदय, मैं एक बात बताना चाहता हूं कि बिहार में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना में सेकेंड फेज़ का कई जिलों का प्रस्ताव, डीपीआर आपके यहां एक साल से पैंडिंग है। आप उसे क्लियर कीजिए।

**श्री सुशीलकुमार शिंदे :** इसका जवाब मैं अपने उत्तर में दूंगा।

* **श्री मिथिलेश कुमार (शाहजहांपुर):** नये हाइडल बनने पर विभाग द्वारा जो जमीन अधिग्रहीत की जाती है। जिसका मुआवजा नहीं दिया जाता है जिससे किसानों को बड़ी समस्या है। कृपया किसानों को मुआवजा दिलाने की व्यवस्था की जाये।

अतः आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि 33 KVA अथवा 132 KVA में नये हाइडल निर्माण हेतु सरकार को जमीन की व्यवस्था कराने हेतु किसानों को मुआवजा दिलाने का निर्देश देने की कृपा करें।

---

* Speech was laid on the Table

**14.59 hrs.**

(Shri Francisco Cosme Sardinha *in the Chair*)

SHRI T.K.S. ELANGOVAN (CHENNAI NORTH): Mr. Chairman, Sir, I rise to support the Demands for Grants for the Ministry of Power for the year 2009-10 as proposed by the hon. Minister of Power.

While the intentions of the hon. Minister are laudable, I doubt whether they are achievable. The hon. Finance Minister in his Budget speech has increased the allocations for the Accelerated Power Development and Reforms Programmes to Rs. 2080 crore anticipating that this would greatly reduce the gap between the power demand and supply. The National Electricity Policy envisages power for all by the year 2012. During the Eleventh Plan Period, a capacity addition target of about 78700 MW has been set by the Planning Commission. Also, the Government anticipates a capacity of 12,000 MW of captive power to the system during the Eleventh Plan Period. All these promises look good. It would be a matter of pride to this Government if these projections are achieved.

**15.00 hrs.**

Sir, to a question in this august House which was raised on 3.7.2009, the Minister had laid a statement regarding fund requirement for Eleventh Plan period, fund availability and funding gap. In the State sector, funds required for generation, transmission, distribution and R&M is around Rs. 5,31,000 crores. Whereas fund available to the States is Rs. 2,51,000 crore. A funding gap of Rs. 2,79,000 crore is estimated by the Government of India. For the Central Plans, a gap of Rs. 37,000 crore is envisaged. In the private sector, a gap of Rs. 1,04,000 crore gap is anticipated. Hence, there is a total funding gap of Rs. 4,21,000 crore. How are we going to fill this gap? What are the Government Plans to raise funds to fill up this gap?

Sir, we might have achieved many things in the past, but we have never achieved the target set by the Planning Commission in all its Five Year Plans,

particularly in the power sector. Targets should not be just realistic but it should also be realisable. I am not critical about the Government ambitions. I am fully supporting the Government Plans. But it is also my duty to point out the shortfall and bring it to the notice of the Government.

Sir, in my home State of Tamil Nadu, there has been huge power shortage recently. Because of the failure of wind, the wind mills which use to generate more than 1000 MW of power have failed. Hence, there was a grave shortfall and the Government had to resort to increased power cuts.

Sir, post 1991 era has greatly changed the life style of the people of our country. Those electronic gadgets and equipments which were considered luxuries have become necessities. Domestic consumption of power has greatly increased. Hence, the Governments, both at the Centre and the State, should resort to annual incremental power generations. Setting up of new plants would take time for commissioning. The existing power plants should be so devised to increase its generation annually. In Tamil Nadu, the Kudankulam Nuclear Power Project was started ten years ago. The plant has to generate 2000 MW of power. But even after ten years, not a single unit was generated. Last year, the Government has signed an MoU with Russia for a capacity addition of another 8000 MW in the same unit. The Minister should categorically say as to when generation would start from this unit.

Sir, the NTPC and NHPC can be renamed as North Indian Thermal Power Corporation and North Indian Hydel Power Corporation because not a single power plant is commissioned by these two corporations in the whole of South India. Only now, the NTPC is planning to set up two plants, one in Andhra Pradesh and another one in Tamil Nadu.

Sir, as far as North India is concerned, there is sufficient coal available. There are perennial rivers which would help hydel projects in that area. There is a LNG terminal set up in Dahej in Gujarat which would help gas based power plants. But in the South, coal is available only in Neyveli, that too sub-standard

coal. Hydel power is most unreliable because all the rivers flowing into Tamil Nadu are controlled by the surrounding States. Hence, in spite of the fact that Tamil Nadu contributes about 40 per cent of the total exports in our country and the Government of Tamil Nadu has provided an investor friendly atmosphere, there is not enough power generation in the State. So, I request the Government to speed up their power projects.

The DMK Government headed by Dr. Kalaignar M. Karunanidhi is the first Government in India to provide supply of free powers to the farmers way back in 1989. Normally, it should be construed as a populist measure. But since water for irrigation is pulled out of the control of the Government of Tamil Nadu, it has become a necessary investment to sustain the quantum of agricultural products. It is because our farmers have to rely mostly on ground water.

The Central Electricity Authority data shows that while the electrical conditions are improving in India as a whole, the Southern Region has been unable to keep up with the demand. It further states that South is the only part of the country which is not growing in its power capacity.

Enormous amount of natural gas has been found in the Krishna-Godavari basin which is situated in South India. But the entire natural gas is being planned to be taken to either Gujarat or Uttar Pradesh for power generation.

I would request the hon. Minister to kindly intervene and see that Krishna-Godavari basin gas is utilised for power generation and supply to the Southern States.

With these words I support the Demands for Grants moved by the hon. Minister of Power.

***श्री प्रेमदास (इटावा):** आपके माध्यम से अवगत कराना चाहता हूं कि सरकार द्वारा किसी भी जगह एन0टी0पी0सी0 प्लांट की स्थापना होती है। हजारों एकड़ जमीन की जरूरत होती है। सरकार एक्वायर करती है। उस क्षेत्र के किसानों द्वारा एवं अन्य जनमानस द्वारा पूरा सहयोग किया जाता है एवं उस प्लांट से कुछ सहयोग नहीं मिलता है। दूसरे प्रदेश को बिजली भेज दी जाती है।

मेरी मांग है दिवियापुर जिला औरया में एन.टी.पी.सी. का प्लांट लगा हुआ है उसी क्षेत्र में बिजली देना निश्चित करें जिससे की वहां के लोगों को लाभ मिल सके।

* Speech was laid on the Table

SHRI TATHAGATA SATPATHY (DHENKANAL): Thank you, Mr. Chairman, for allowing me to participate in the discussion and voting on the Demands for Grants under the control of the Ministry of Power for 2009-10.

I would like to divide, what I wish to say, into two parts. First, because of paucity of time, I would like to talk about only three major problems of my State, namely Orissa. The State Government under the able leadership of Shri Naveen Patnaik has been effectively trying to generate, transmit and distribute power or energy as equitably and as efficiently as is possible.

Under the instigation of the federal Government, the Government of Orissa, in 1999, which was then a Congress-led Government, had embarked on an ambitious plan to privatise the energy sector. In the process, two States in this nation, namely Orissa first, and second, the State we are in now, that is Delhi, went ahead with the process of privatisation. But, now unfortunately we find that the federal Government has decided to do a volte-face and avoid taking up responsibilities which are due and for which they had been clamouring.

Everybody told us that privatisation will bring in a new era and that it would help us to create a state where there will be no shortage of energy. In the process, one of the major companies, albeit it does not enjoy a majorly good reputation, out of four discoms, it took up three in Orissa. North Orissa, West Orissa and South Orissa are with Reliance Power and CESCO is with the State Government, which is controlling mostly the coastal part of Orissa.

We have been deprived of funding from the Central Government under the pretext that we have gone in for privatisation. That has hampered transmission and distribution, by not enabling the State Government and the Corporations under the State to modernise these assets. The State Government had been asked by the federal Government to set up an Ultra Mega Power Project which is supposed to have a minimum generating capacity of 2,000 megawatt in Orissa. The State Government in the district of Sundergarh, in a place called Vedabahal, gave the land and has got the necessary clearance from the Ministry of Environment and

Forest and has been able to organise all the pre-requisites for starting the power plant there. The State Government has suggested two other sites, with equal opportunities there too. But, unfortunately, the Central Government has not thought it fit to react to the request of the State Government and the Ministry of Power is obviously neglecting Orissa in this aspect. I, for one, am not a person who will cry here on bended knees saying that my State is poor and please help my State. Everybody has been speaking in that same tone. But I take pride in the industrious character of the `Oriya', the average young `Oriya' and I take pride in the natural endowments that the State of Orissa has received from the Almighty. Therefore, we are not a poor State; we are not poor people; we are capable people; and we are able to take our own decisions – whether social and political – which our hon. Chief Minister has also proved in the past few years that we are able to stand up on our own legs. We do not need anybody's assistance. But the impediment is primarily coming in from the Central Government or the Federal Government in letting us go in our own way because of the Federal structure of this nation. Therefore, even in an ideal project like the *Rajiv Gandhi Grammen Vidyutikaran Yojna* (RGGVY) whereby you intend to electrify every village by 2012, the impediment is that the work has been given to the Central Corporations like NTPC, NHPC and some such organisations. Now, these organisations are not under the control of the State Governments.

Many complaints have been heard about the RGGVY from different States. I have been listening to all the speeches, but nobody, unfortunately, has highlighted this fact. In my own constituency of Dhenkanal, Talcher is one of the hubs. One of our colleagues from the South has mentioned that NTPC and NHPC should be named as `North India Thermal Power Corporation'. I would say that we would be happy if Corporations like NTPC and NHPC also went away to the South.

Sir, in Talcher we are blessed with millions of tonnes of fly ash every year. We do not know what to do with it. They initially gave us very rosy pictures that

there will be no problems, create fly ash bricks. How many bricks can you create? Even if you do create, the transportation cost of the bricks is so high that beyond a certain point, they do not prove economical and nobody wants to buy them. So, we have these huge ash ponds coming up all over Angul and Dhenkanal districts and it is creating a mess in the lives of the common people. So, actually, we are sick and tired of these organizations. An unfortunate part is that in the previous Government, during the NDA Government, a huge NTPC project was inaugurated in Talcher and the whole project was earmarked that all the power generated from that project would go to the State of Karnataka, i.e., in the South of India. So, we take the brunt; we take the pollution; the dirt; the fly ash; the dirty water, but the energy goes to the South of India.

Now, under the RGGVY, you have again bestowed the onerous task of electrifying our villages on those same corporations. There is nobody who is supervising it. This Central Government is not concerned and is not following up on the achievements of these Corporations. The State Government has no authority to haul anybody up and by that what is happening is that there is total laxity; there is total neglect and nothing is being achieved. Sir, in my own two districts of Dhenkanal and Angul and in the rest of Orissa, we see that the progress is very slow and yet there is nobody to pull them up and there is no *lagaam* on them.

The other point is that you have the Accelerated Power Development and Restructuring Programme (APDRP). This scheme is primarily meant for urban and blocks headquarters' system management. Money is being spent in huge quantities for these projects. You also have an RAPDRP now. But what I had mentioned earlier, by virtue of privatisation, Orissa initially got Rs. 74 crore in the Tenth Plan. But, after that, only once we got that money. Now, we have been deprived of any more funds primarily because you are giving the example: "You have privatised; you have gone ahead with privatisation and now you should fend for yourself." The private companies are unwilling to under-write these sums.

Therefore, Orissa is being deprived of any more funding in this sector. I would not say this as a plea. I am not beseeching you. This is my demand to the federal Government that we also have organisations like the GRIDCO, the Orissa Power Transmission Corporation Limited and the Orissa Hydro-Power Corporation which are capable, efficient with proven track records. These organisations have proven track records. You can fund these organisations because primarily what is happening is this.

For example, if you take the Reliance Infrastructure, which is handling Orissa and Delhi, it is spending Rs. 38 billion in developing the transmission and distribution network in Delhi. That is because politically and in every way that you can think of, Delhi is vital for its goodwill on a larger scale. So, it is investing in Delhi. But where does it get the money from? When it was BSES, it had taken up Orissa. So, the initial investment for this Company by which it took up the distribution network in Delhi was from Orissa. But there is no investment by this Company in Orissa. On the one hand, because of your persistence, we privatised it. The Company does not invest now. On the other hand, you are blaming us saying: "Since you have gone in for privatisation, we will not give you any money." So, you are stopping the funding to the State. Therefore, we are being the losers. Because of their insistence and their interests, we have privatised it and yet we are the losers.

MR. CHAIRMAN : Please conclude now.

SHRI TATHAGATA SATPATHY : Sir, I would need two more minutes from you. I will be very brief. You will be surprised how brief I will be!

In the second part of my speech, I will dwell on the slightly broader ambit of the nation. I am very sad to note that even in the last Lok Sabha – I was here – we had a Vote of Confidence. The Government and the party which was controlling the Government, which still controls the Government, could risk the federal Government on the egoistic issue of the Indo-US Nuclear Treaty which was signed by us. They won. They managed. Whatever they did, I should not get

into that. But what I am trying to say is that even from that period till now, the Government of India has not made any estimation of what the power requirement of this country will be in 50 years, by 2050. So, what is the target that we are trying to reach for power generation in this country?

Sir, if you see the 17th Electric Power Survey by the Central Electricity Authority, it had forecast a demand of 7,94,561 million units for 2008-09 with a peak deficit of 12 per cent. But, if you see what is our present installed capacity as on April 1, 2009 – April 1 is the Orissa Day – it is 1,47,965.40 MW. This is as per the CEA's website. So, our deficit is huge. What are your plans? You have not been able to project your plans properly. You have not been able to tell the nation, to tell the House how you propose to deal with the shortfall that the nation is facing. When you are claiming that there will be power for all by 2012, how do you expect and how do you think you will meet the required, assured quality and affordable energy by that time?

MR. CHAIRMAN: Please wind up.

SHRI TATHAGATA SATPATHY : I will wrap up. Now that you have instructed me, I should wrap up.

Personally I would like to congratulate the Prime Minister for one good thing that he has done in these last five years during the previous Lok Sabha and now and that is, he has signed on emission capping of this nation at the risk of upsetting those bureaucrats who have sold their souls to multinational and international companies which want to set up all their polluting industries within the territory of India. So I would like to congratulate the Prime Minister for this. But the Power Ministry also has to take into account that if you are strengthening the emission laws, you have to decide what sort of power sector you want to concentrate on.

MR. CHAIRMAN : Please conclude now. Shrimati Supriya Sule.

SHRI TATHAGATA SATPATHY : Sir, are you asking me to conclude?

MR. CHAIRMAN: Yes. I have given you enough time.

SHRI TATHAGATA SATPATHY : Lastly I would say that hydro power is one power which is eco-friendly and cost-efficient. Even if the initial investment is high – it is true it will be high – but within 10 to 12 years any hydro power unit that we have seen in India has been able to pay back its capital investment. Then hydro power is the cheapest power that is available in India. We have tremendous capacities for that from the Northeast to my State of Orissa which has 11 large river basins. We can not only make ourselves power sufficient, but we can also empower our colleagues from the South and also the North with a lot more power.

MR. CHAIRMAN: Please wind up now.

SHRI TATHAGATA SATPATHY : But I would like to say that it is time that we concentrated on what sort of power we want. Nuclear power is not the answer to the requirements of what India will have by 2050.

Before I wind up, I would request the Government and the Minister that they should come up with a White Paper on what is the estimation they have about the requirement of energy by 2050, how they want to meet that requirement and what are the plans that they have to meet that requirement without damaging the environment.

SHRIMATI SUPRIYA SULE (BARAMATI): Mr. Chairman, Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak on such a serious subject of power. I think everybody in this august House believes that if we want to grow, it is not possible without effective and efficient distribution and generation of power. As we are all aware, electric power is a unique form of energy which is the engine of growth for economic development. Unlike all other energies, electrical energy is the only form of energy which cannot be stored. It has to be generated and transmitted immediately. The demand for electricity is also elastic. The more we give, the more it is used up and our country is probably one of the few developing countries where the per capita consumption is extremely low. As one of my colleagues has mentioned earlier and as many of my colleagues from Orissa, Bihar and Uttar Pradesh have also mentioned that if there has to be industrial development in all our States, electric capacity addition programme has to be the top priority of the States. My colleagues have talked about all the various reasons for power shortage. I do not want to repeat all those points and take the time of the House. I would like to table all my points.

But before that, I would like to make an intervention about a point which my colleague from Bihar has extensively talked about and that is about single phasing. I think single phasing, as we are all aware, is a State Subject. It is a choice and an option which all the States are forced to do because there is not enough power generation in all our States. Maharashtra has done it. We have spent Rs. 500 crore till today on single phasing. We are all aware and as my colleague from Bihar mentioned that today when we all go back to our constituencies, most of our people in our villages tell us: 'we do not want single phasing, we want to stay in darkness for 24 hours, but please give us 3-phase electricity even if it is for 6 to 8 hours a day because we need it for education of our children and more so for running agricultural pumps.' So, I think, it is an extremely alarming situation.

I think there is deficit in every State and whether it is 2,000 megawatt or 3,000 megawatt or 5,000 megawatt, these numbers are inconsequential. What we

really need is that we should accelerate all our programmes and provide electricity, as soon as possible, to all our homes in every village. We talk about many schemes. Even my colleague Shri Tathagata Satpathy mentioned that 2009 was the deadline for every village to be electrified and 2012 when every home will have electricity, including forest fringes. So, we would like the Government to give us some guidance and clarification as to how we are going to achieve this with such a huge deficit of power.

Besides this, the real problems which occur in are the delicensing. There are a lot of very good programmes run by the Government, which we support, but the Ministry of Environment and the Ministry of Power really need to accelerate these programmes. There are three or four projects even in my State which are delayed because there are no clearances from the Ministry of Environment and Forests. Even if delicensing is talked about starting since 1991, we are not seeing results in most of our States.

The other thing is the constraint to open access in transmission. That is a big problem. It has happened, but still there are constraints at the State levels.

What again, my colleague, Mr. Tathagata Satpathy, talked about is nuclear power. I think, we all supported the deal, we still support it, but we need to know our action plan how are we going to grow. We talked about 20,000 MW to be happening. If the hon. Minister could guide us as what is the road map for nuclear energy, it would help us know about it more?

The other point, which my colleague from Uttar Pradesh made, is land acquisition. Land acquisition is a serious problem today. Most of the farmers do not want to give their land even to put a pole for electrification or even wind mills. Unless we have a proper Act in place for land acquisition, I do not think, we can take up all our power projects today.

My last point is about privatisation of distribution. Today, besides generation, distribution and transmission seem to be the biggest handicap in our country in every State. I think, if we use the franchise model, Bhiwandi Model,

When we talk about energy security, we have to, in my opinion, secure the power sector from the growing stranglehold of the private players in this sector as well as in the related sectors like coal, petroleum and natural gas. It is high time and I think it is the right time to take a close look at the cost and benefits of the so-called reforms in power sector, which have given a free hand to the private players in generation, transmission, distribution and trading of electricity. Private players need to be disciplined so that they are made accountable for any slippage in the shortfalls in capacity addition.

Lastly, Sir, I would request the hon. Minister that the Central and the State power utilities should be encouraged to take up large scale expansion of their capacities. My suggestion to the Government is that they should have a relook at the decision to entrust the ultra mega power projects of 4,000 megawatt to the

private players. It is better to take up these projects in the Central sector as there will be no time and cost overruns. An important factor is affordable tariff.

Coming to my State, in conclusion, the NTPC had constructed the first phase of Visakhapatnam unit of 1,000 megawatt – Simhadri. When the previous Telugu Desam Party Government was there, the then Chief Minister had successfully allocated 1,000 megawatt to Andhra Pradesh. In the second phase, a unit of 1,000 megawatt is being constructed. NTPC is saying that 40 per cent of the power would be given to Andhra Pradesh. My request to the hon. Minister of Power is that even in the second phase, 1,000 megawatt has to be given to Andhra Pradesh for the simple reason as mentioned by the hon. Member from Andhra Pradesh just now that we are giving free power to the farmers.

I am concluding. Lastly, I come to the Energy Conservation Act, 2001. It is very unfortunate that the State Regulatory Commission and the various State Governments have completely and conveniently forgotten this Energy Conservation Act, 2001. What it says is that an energy audit has to be done and that report has to be sent to REC. In turn it goes to the Bureau of Energy Efficiency. What this Energy Conservation Act, 2001 proposed was that by doing so, the energy intensity in the system is reduced which results in reducing generation which ultimately results in lower carbon emissions. The Union Ministry has to sit with all the State Regulatory Commissions and the State Governments. If this is not done, it would be difficult. This Energy Conservation Act, 2001 is a very good device. I hope that the hon. Minister would be able to meet the targets set in the Eleventh Five-Year Plan.

**श्री निनोंग ईरींग (अरुणाचल पूर्व):** सभापति महोदय, सबसे पहले मैं आपको धन्यवाद देना चाहूंगा कि आपने मुझे सदन में बोलने का मौका दिया है। बिजली की समस्या सिर्फ भारत में ही नहीं है, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों में भी इसकी समस्या है। माननीय सदस्यों ने इस विषय में अपने-अपने विचार सदन के सामने रखे, फिर भी मैं अपनी तरफ से कुछ पंक्तियों में अरुणाचल प्रदेश के बारे में कहना चाहूंगा। इससे पहले मैं ऊर्जा मंत्री जी का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने 40 करोड़ रुपए का बजट रखा था, उसे वित्त मंत्री जी से बात करके बढ़ा कर 52 करोड़ रुपए किया है। इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं। कल भी सदन में चर्चा हुई थी कि पंजाब, हरियाणा राज्य को सूखे के समय में 50 मेगावाट का उत्पादन दिया था। कुछ माननीय सदस्यों ने यह भी कहा कि कोसी की बिहार में जल संशोधन के विषय में जो समस्या है, उसके बारे में आपने सुना होगा कि पाला साहब और बंसल साहब वहां गए थे, वहां चर्चा हुई और शायद कुछ समझौता हुआ है। यह शायद हमारे लिए बहुत लाभदायक होगा। एक्सीलरेटेड पावर डवलपमेंट रिफार्म्स में 1614 करोड़ रुपये बजट में रखे थे, उसे इस साल में 2080 करोड़ रुपया दे कर गुजरात, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, वेस्ट बंगाल के उद्योगपतियों के लिए तथा आईटी टेक्नोलोजी के जो कोर्सेस हैं, उनके लिए बहुत ही अच्छा होगा, ऐसी हम आशा करते हैं। हमारे यहां भी एपीडीआरपी कई टाउंस में शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं। हम वहां प्रोपोजल्स दे चुके हैं और कोशिश कर रहे है कि पावर फाइनेंस कारपोरेशन द्वारा उसे शुरू करें। जब हम राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के बारे में कहेंगे, यह एक और बहुत बड़ा कदम है। जो 5400 करोड़ का एक टार्गेट रखा है हमारे पूरे देश भर में जितने हमारे पिछड़े-वर्ग के लोग हैं, हमारे जो दूरदराज के लोग हैं, हमारे बीपीएल के जो लोग हैं, उनके लिए यह बहुत ही लाभदायक होगा। हमारे यहां पूरे देश में 2008-09 की रिक्वॉयरमेंट 109809 मेगावॉट की थी लेकिन हमें 96785 मेगावॉट उपलब्ध हुई यानी कि हमारे यहां शॉर्टफॉल 13024 मेगावॉट की रही है। इस बार विद्युत मंत्री जी ने फ्यूल थर्मल में 69000 मेगावॉट, कोयले से 78000 मेगावॉट, गैस से 16000 मेगावॉट, ऑयल से 1199 मेगावॉट, हाइड्रो-इलैक्ट्रिक में 36900 मेगावॉट और अन्य रिन्यूएबल एनर्जी सोर्सेज से 13242 मेगावॉट का टार्गेट रखा है जिसमें चटक, नथपा, टेहरी वगैरह अन्य छोटे-छोटे रिन्यूएबल एनर्जी सोर्सेज,इन से जो विद्युत उत्पादन होता है, इसको लेकर हमारा 150000 मेगावॉट का टार्गेट रखा गया है।

आप खुद भी सोच सकते हैं कि आजादी के समय हमारी क्षमता केवल 508 मेगावॉट की थी लेकिन आज की तारीख में 36916 मेगावॉट पन बिजली से हमें उत्पादन मिल रहा है।

सर, मैं दो मिनट और लूंगा क्योंकि मैं अरुणाचल प्रदेश के विषय में कहना चाहूंगा क्योंकि हमारा जो अरुणाचल प्रदेश है, वही आपके भविष्य की पावर समस्या का समाधान कर सकता है।

हमारे यहां इस बार जो ग्यारहवीं योजना है, इसमें 2600 मेगावॉट और 400 मेगावॉट की अभी हमारी आवश्यकता है और वे परियोजनाएं पूरी होने वाली हैं। इन परियोजनाओं में एक परियोजना हमारे सुवनसिरी में है, एक तवांग में है और एक 2000 मेगावॉट की परियोजना है, दूसरी परियोजना 600 मेगावॉट की है। इससे आप सोच सकते हैं कि 11वीं योजना में हमारा लक्ष्य 2600 मेगावॉट, 12वीं योजना में 20,000 मेगावॉट और 13वीं योजना में 12,400 मेगावॉट है। It means that 35,000 MW of power is already in the process of construction. We cannot be satisfied with that. सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें हमें तीन प्राथमिकता लेनी चाहिए। इनमें से एक है, Installation of the state grid. यानी जितने हमारे पॉवर प्रोजेक्ट्स हैं, उनको एक-दूसरे से कनैक्ट करना पड़ेगा। दूसरी चीज है, transmission line from the North-Eastern States to the main. रिक्वायरमेंट जो जरूरी होती है, जैसे कि पीजीसीएल से हमें बात करनी पड़ेगी और इसमें हमें केन्द्र सरकार की पूरी सहायता चाहिए होगी क्योंकि 2500 कि.मी. अरुणाचल प्रदेश से दिल्ली आने की जो समस्या है, वह बहुत ही जरूरी है, अगर हम इसे कर पाएंगे तब तो वहां बिजली का उत्पादन होगा लेकिन उसको लाना बहुत मुश्किल है। But as you come to the chicken neck, जिसे हम लोग मुर्गी की गर्दन कहते हैं, क्योंकि आप जब सिलीगुडी जाएंगे, वहां पर आप देखेंगे कि जो वहां 18 कि.मी. है, उसी में हमारे सारे विकास के कार्यक्रम- जैसे रोड नैटवर्किंग होती है, हमारी रेल लाइनें जाती है। इसलिए इन सबको ध्यान में रखकर ही मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि वे इस ओर विशेष ध्यान दें ताकि अरुणाचल प्रदेश की जो भविष्य की समस्या है, उसे आप अविलम्ब ठीक कर सकें। मैं अंत में इतना ही कहना चाहता हूं -

लूट के औरों का धन राज बनाया होगा।
महज रोटी के लिए सैकड़ों को मोहताज बनाया होगा।
वही शहंशाह ने वेहम में आकर
कब्र पर मुमताज के एक ताज बनाया होगा।

मैं आपको यही बताना चाहता हूं कि आज बहुत लोग एक छोटे सी बात के लिए वॉक आऊट करते हैं, विरोध भी करते हैं। लेकिन आप सोचिए चीन के समीप लगे हमारे प्रोजेक्ट्स की इतनी क्षमता है, वहां हमारे इतने सारे एवरग्रीन फॉरेस्ट हैं, हमें उसके लिए सोचना चाहिए। अगर मुझे चीन जाना है तो मुझे वीजा नहीं दिया जाता है और कहा जाता है- You are part of us. How can we give visa to you? मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यहां अरुणाचल प्रदेश और चीन के इश्यू को खत्म करना चाहिए। हम इसे बार-बार क्यों उठाएं? अगर मैं चीन जाऊंगा तो वीजा लेकर जाऊंगा? यहां इतने कार्यक्रम बना रहे हैं और हमारे लिए सोचना चाहिए क्योंकि हम भी वहां से, इतनी दूर से आते हैं। But, we are true nationalists. We are part of our great country and we are proud to be Indians.

आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका पुनः धन्यवाद करता हूं।

*SHRI P. LINGAM (TENKASI): Mr. Chairman, Sir, electricity is important in the lives of people and in the growth of the economy of a country. It is the central axis. Having this in mind, Central Electricity Act was passed in 1948 to keep power generation in the public sector. Thereafter, Electricity Boards were set up in the States. We could see a growth of these public sector undertakings which generated power to the tune of 1,47,000 MW. When the demand for power increased, the Government failed to increase power generation in a matching way, as a result of which the people and the country are facing power cut. The public, the farmers and the industrial units are greatly affected by these power cuts. We need to evolve ways and means to increase power generation so that we could meet the demands from various sectors.

Our country has got vast and rich potential to generate power in so many ways. If we could go in for linking the major rivers of the country, our hydel power potential will surge up tremendously. National Inter River Linking Authority has found out the feasibility to link 30 major rivers of the country. Hence there is an urgent need to go in for linking these rivers and efforts must be made to generate more power through increased hydel power projects.

In my constituency, Pamba, Achankovil and Vaippar rivers can be linked through which the power generation potential can be increased manifold. Hence there is a need to go in for this project. In the mean time, we must make use of the potential of wind energy and we can generate more power through the setting up of wind mills in a big way. These wind mills can be set up both on land and also on water bodies. Hence, due importance must be given to power generation from wind mills.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil

The bagasse available from sugar factories as a byproduct of sugarcane can be used for setting up power generation plants. So we must go in for making use of this potential of converting sugarcane waste to useful electricity.

We have Neyveli Lignite Corporation and there is a Thermal Power Station. We do not have such power stations elsewhere in the State and hence there is huge power shortage in Tamil Nadu. Power generation is inadequate and power cut has become rampant. Hence, I urge upon the Union Government to give more electricity from NLC's unit to Tamil Nadu so that we are helped to overcome power scarcity. The Government has announced that the contract labour there working for a long time without being regularized would get a fair deal soon. They must soon be made permanent employees. There is enough potential to go in for the fourth unit there in NLC. I urge upon the Government to go in for that to tide over the power crisis in Tamil Nadu.

We are talking about nuclear power that can contribute to the power needs of the country in a big way. We have nuclear technology available with us already. Thorium is available in our soil. We have technology to generate power from nuclear reactors. We can be self-reliant without having to look for aid from any other country. We need not pledge our sovereignty with other countries like the US. Hence, I urge upon the Government to withdraw from the Indo-US Civil Nuclear Cooperation Agreement. We must go in for increasing power generation indigenously. We have the potential to produce heavy water that is required for the atomic reactors. One such industrial unit that can produce heavy water is SPIC. That unit which was a PSU and became a private unit later is now shut down. The potential of this unit must not go waste. Hence, efforts must be made to revitalize this industrial unit in the interest of the nation and power generation. This unit can contribute to the Green Revolution of this country by way of manufacturing fertilizers and it can also contribute to power generation by way of manufacturing heavy water needed in the nuclear reactors. The organization SPIC that saw silver jubilee remains closed now. By way of re-opening SPIC and producing Heavy

Water, We can have Heavy Water supply to Koodankulam Atomic Power Project. Commencement of power generation in Koodankulam can help the power-starved Tamilnadu in a big way.

To-day there is manpower shortage in the power generation and distribution companies that used to be Electricity Boards. Outdated transformers and cables are causing power loss while maintenance work is hampered by want of work-force. Our EBs must be strengthened by way of employing workers in adequate number to attend to transformers and cables for transmission ensuring proper maintenance. I urge upon the Government to attend to this need on an urgent basis to help overcome the power crisis that stare at our face.

While emphasizing the need to generate more power, I also urge upon the Government to provide electricity to the needy poor, the farmers and the weavers free of cost and suitable schemes must be evolved in this regard. With these few words, I conclude my speech.

**श्री जगदानंद सिंह (बक्सर):** सभापति महोदय, सदन में विद्युत मंत्रालय के अनुदान की मांगों पर विमर्श हो रहा है। माननीय मंत्री जी यहां बैठे हैं। मैं अन्य बातों पर आने से पहले यह कहना चाहता हूं कि इस वर्ष 790 बिलियन यूनिट्स पावर इस देश में पैदा होगी और इसी पर देश आधारित रहेगा। जबकि वर्ष 2008-2009 में 723 बिलियन यूनिट्स का प्रोडक्शन हमारे बिजली घरों से हुआ था। इसका नतीजा यह होगा कि हम पिछले वर्ष से और पीछे चले जायेंगे। यह हमारे देश का ऐसा बजट है, जो गत वर्ष से हमें और पीछे ले जायेगा, शायद गत वर्ष में ऑफ पीक ऑवर में पूरे देश के पैमाने पर 11 परसेन्ट की कमी मांग और आपूर्ति में रही है। वह इस वर्ष बढ़कर 11.9 परसेन्ट होगी और पीक ऑवर में 9.3 परसेन्ट से बढ़कर 12.6 परसेन्ट का मांग और आपूर्ति में अंतर होगा। इसलिए ऐसा बजट है जिसमें स्पष्ट चित्र दीख रहा हो कि मांग और आपूर्ति के मामले में यह देश गत वर्ष से पीछे जायेगा।

महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि पूरे देश के सिनेरियो में हमारे बिहार की क्या स्थिति है, जहां से हम लोग आते हैं। वहां की स्थिति बड़ी जटिल है। वह गरीब सूबा है, पर कैपिटा कंजम्पशन सबसे कम है और उसी का नतीजा है कि हर क्षेत्र में हम लोग पिछड़े हुए हैं। लेकिन ईस्टर्न ग्रिड जिसका पार्ट बिहार है, वह इस वर्ष मांग और आपूर्ति के पैमाने पर सरप्लस में जायेगा। वर्ष 2008-2009 में जहां डेफिसिट 4.5 परसेन्ट था, इस वर्ष 2009-2010 में वह 2.4 के सरप्लस में जायेगा। लेकिन बिहार के उसी ईस्टर्न- रीजन का हिस्सा है मगर हमारे माननीय सदस्यों ने चर्चा की कि आखिर इस देश की समृद्धि और देश के उत्पादन में बिहार क्यों पिछड़ता चला जा रहा है? इस समय बिहार में ऑफ पीक ऑवर में 16.4 परसेन्ट मांग और आपूर्ति में अन्तर है।

पीक ऑवर में यह अन्तर 27.9 परसेंट इस वर्ष चला जाएगा, जबकि गत वर्ष 27.6 परसेंट की कमी पीक ऑवर में थी। जैसे-जैसे समय गुजरता जा रहा है, हमारी मांग और आपूर्ति में अंतर बढ़ता जा रहा है और यही हमारे पिछड़ेपन का कारण है। मैं इसकी चर्चा में जाना नहीं चाहता हूं कि अपने राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में आपूर्ति कैसे हो रही है। यह ठीक है कि 5 हजार से अधिक ट्रांसफॉर्मर जले हैं, यदि वह भी रहते तब भी हमारी मांग और बढ़ जाती, लेकिन मैं उसकी चर्चा यहां करना नहीं चाहता हूं।

महोदय, मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि यदि इस वर्ष विद्युत के उत्पादन में इस्टर्न ग्रिड सरप्लस में होने जा रहा है तो बिहार का एलोकेशन बढ़ना चाहिए और मांग और आपूर्ति का अंतर घटना चाहिए। मैं सदन में कहना चाहता हूं कि इस्टर्न ग्रिड से ढ़ाई हजार मेगावाट पॉवर प्रतिदिन बाहर जाता है और बिहार अंधेरे में रहता है। बिहार बिजली खरीदता है, पैसा चुकाता है, हमारे किसान बिजली के लिए पैसा देने को तैयार हैं। यह बात अलग है कि हमारे राज्य में भी शहर और गांव की

बिजली की मांग और आपूर्ति में बहुत बड़ा अंतर है, लेकिन उसकी चर्चा के लिए यह स्थान नहीं है। ढ़ाई हजार मेगावाट पॉवर इस्टर्न ग्रिड से बाहर नॉदर्न ग्रिड, वेस्टर्न ग्रिड, साउथर्न ग्रिड जाती है। हमारे सारे ग्रिड बैक टू बैक के सिस्टम पर बने हुए हैं, लेकिन  मेरा पिछले 5-7 सालों का अनुभव है कि कभी भी एक दिन में एक घंटे के लिए भी इस्टर्न ग्रिड को बाहर के ग्रिडों से बिजली नहीं मिली है और यहीं से लगातार पॉवर बाहर जाती है। आखिर यह अन्याय क्यों हो रहा है?  यदि इस देश में यही नीति रहेगी तो शायद कभी भी बिहार जैसे राज्य बिजली के मामले में आत्मनिर्भर नहीं हो पाएंगे और हमारी बिजली की आवश्यकता पूरी नहीं हो पाएगी।

महोदय, मैं दो-तीन बातों की चर्चा कर देता हूं। मांग और आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए कमी के राष्ट्रीय औसत के बराबर सभी राज्यों को विद्युत की आपूर्ति की जाए। एक नेशनल पॉलिसी होनी चाहिए कि मांग और आपूर्ति में कोई भी राज्य हमारे एवरेज डेफिसिट से आगे न जाए। दूसरी बात जैसे-जैसे नये उत्पादन केंद्र आ रहे हैं, उनका टैरिफ महंगा होता जा रहा है। हम पिछड़े राज्य हैं और जो नये बिजली घर बनेंगे, हमें उनसे महंगी बिजली खरीदनी पड़ेगी। मेरा कहना है कि केन्द्रीय सरकार के पुराने और नये बिजली घरों से उत्पादित बिजली की कीमत बराबर रहे। इसे हम जनरल टैरिफ कहते हैं। यदि पिछड़े राज्यों को जनरल टैरिफ पर बिजली नहीं मिलेगी तो इससे पिछड़े राज्यों को और परेशानी  बढ़ती जाएगी। आज बिजली खरीदने की क्षमता के आधार पर बिजली की कीमत तय हो रही है। जब हमारी फ्रीक्वेंसी घट जाती है तो उस समय बिजली की कीमत प्रति यूनिट चार्ज 9 रूपए, 10 रूपए तक पहुंच जाती है और समृद्ध राज्य उस समय बिजली खरीद लेते हैं, लेकिन गरीब राज्य उस समय 9 रूपए, 10 रूपए प्रति यूनिट में बिजली नहीं खरीद सकते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि भारत के अंदर ऐसा बाजार न बनाया जाए कि पिछड़े राज्यों को और महंगी बिजली खरीदनी पड़े। मुझे लगता है कि यह बहुत संकट का विषय है। जैसे ही ग्रिड में फ्रीक्वेंसी घटती है,  कीमत बढ़ने लगती है। तीसरी बात, इस देश के पैमाने पर जितना भी बिजली का उत्पादन हो रहा है। उसमें से आधी बिजली कृषि परिक्षेत्र को मिलनी चाहिए। चौथी बात, गांव में ट्रॉसफार्मर और लाइन लगाने का काम, जो पॉवर ग्रिड कर रहा है, चाहे बिहार में सम विकास योजना के माध्यम से या राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के माध्यम से हो। जिस तरह   pmsy सड़को का 5 वर्ष तक रख-रखाव, उसके एस्टीमेट का पार्ट होता है, उसी तरह ग्रामीण विद्युतीकरण का भी होना चाहिए, यह नहीं हुआ है । मैं आज बताना चाहता हूं कि ग्रामीण विद्युतीकरण जो राजीव गांधी जी के नाम पर हुआ है, उसके आधे से अधिक ट्रॉसफार्मर जले हैं, वे छोटे ट्रॉसफार्मर्स हैं। उन जले ट्रांसफार्मरों को कौन बदलेगा? बिहार बिजली बोर्ड का कहना है कि उनके पास वन फेज़, टू फेज़ कनेक्शन का ट्रासफार्मर नहीं होता है,  श्री

फेज़ का होता है। भारत सरकार की तरफ से आपूर्ति एक फेज़ और दो फेज़ की हो रही है। वहां ट्रासफार्मर 16 या 25 केवीए का लग रहा है।

इसको माननीय मंत्री जी देखें कि इतनी बड़ी कीमत - इस वर्ष 7500 करोड़ रुपये देश के पैमाने पर खर्च होने जा रहे हैं लेकिन वे सारी चीजें व्यर्थ में चली जाएँगी। यह देश कैसे आगे बढ़ेगा, हमारे गांव के लोगों को बिजली कब मिलेगी? मैं एक बात और कहना चाहता हूँ कि छोटे ट्रांसफॉर्मरों के स्थान पर थ्री फेज़ बड़े ट्रांसफॉर्मर आप लगवाएँ। महोदय, बिहार की उन योजनाओं को, जो बिहार के लिए अपनी बिजली पैदा करने का साधन हैं, 450 मैगावाट का कदवन प्रोजेक्ट भारत सरकार के सामने लंबित है। उससे हमारे सोन के इलाके को पानी भी मिलेगा। एक भी बूँद पानी व्यर्थ नहीं जाएगी। कदवन जलाशय बाणसागर समझौते का हिस्सा है। यदि बाणसागर समझौते को भारत सरकार लागू कराना चाहती है तथा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार को न्याय देना चाहती है एक समान स्तर पर, तो हमारे अपर रिपेरियन स्टेट्स को पानी रोकने से रोकना पड़ेगा । कदवन जलाशय बनना चाहिए। इससे 450 मैगावाट बिजली पीक आवर्स के लिए हमें भी मिलेगी और ईस्टर्न ग्रिड को आवश्यकता पड़ने पर हम दे सकते हैं जिससे देश को बिजली मिलेगी। 3500 मैगावाट बिजली बनाने की क्षमता कोसी हाई डैम की है । कोशी का पानी बाढ़ का कारण बना हुआ है। माननीय मंत्री जी से मैं कहना चाहता हूँ कि इस पानी से बिजली बननी चाहिए। सबसे बड़ा खतरनाक निर्णय जो मैं देख रहा हूँ, वह यह है कि कोयले की जहाँ उपलब्धता होगी, वहीं थर्मल पावर स्टेशन लगेंगे। उससे भी खतरनाक बात होने जा रही है। ...(व्यवधान) महोदय, मैं अपनी बात समाप्त करने जा रहा हूँ। जिन राज्यों में निजी बिजलीघर बनने वाले हैं, वे राज्यों को ऑफर दे रहे हैं कि 50 फीसदी बिजली उन्हें ही दे दी जाएगी। माननीय मंत्री जी से मैं कहना चाहता हूँ कि योजना आयोग आप पर भी दबाव डाल रहा है कि आप इस कंपीटीशन में आइए। जहाँ यह बिजली बनेगी, प्रचुर मात्रा में जहां कोयला होगा और फिर पचास फीसदी बिजली उन्हीं को मिल जाएगी। फिर बिहार जो पिछड़ा राज्य है, उसको बिजली कैसे मिलेगी। कैसे रीजनल इम्बैलैन्स दूर होगा। मैं एक उदाहरण देकर खत्म कर रहा हूँ। माननीय मंत्री जी को मैं बताना चाहता हूँ कि 1990 में मैं बिहार का ऊर्जा मंत्री था। आप सब लोगों के सामने जब राष्ट्रीय पैमाने पर ऊर्जा मंत्रियों की बैठक होती है, उस समय मैंने लोगों से कहा था कि सबसे ज्यादा डिमांड और सप्लाई में अंतर बिहार में है तीस फीसदी और उस समय के केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री जी ने बिहार का एलोकेशन बढ़ा दिया था। आज हाइयैस्ट डिफरैन्ट है। बिहार को 1500 मैगावाट की जरूरत है और आप बिजली दे पाते हैं 1000 मैगावाट से भी कम।

अंत में मेरा एक ही सबमिशन है कि मंत्री जी आपको एक नीति बनानी चाहिए कि जिसके पास मांग और आपूर्ति का सबसे बड़ा अंतर है, उसकी बिजली की कटौती किसी भी हालत में नहीं होगी। अभी

आपने यह निर्णय कर लिया कि हमें एलोकेटेड पावर मिलेगी, वरना 1500 मैगावाट की डिमांड पर हमें 1000 मैगावाट बिजली मिलेगी तो बिहार पिछड़ा रहेगा, गरीब रहेगा, वहाँ रोशनी नहीं मिलेगी, वहाँ खेती नहीं हो पाएगी।

इन्हीं शब्दों के साथ सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

**श्री प्रेमचन्द गुड्डू (उज्जैन):** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे विद्युत मंत्रालय की अनुदान की मांगों पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूँ।

माननीय सभापति महोदय, मैं माननीय विद्युत मंत्री जी का बहुत-बहुत आभारी हूँ कि राजीव गांधी विद्युतीकरण में उन्होंने 40000 करोड़ रुपये को बढ़ाकर 53000 करोड़ रुपये किया है। इससे देश के गरीब, छोटे, मझले टोले, दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के तमाम गाँवों को बिजली पहुँच सकेगी। साथ-साथ आदरणीय मंत्री जी का ध्यान मैं इस तरफ भी आकर्षित करना चाहता हूँ कि राजीव गांधी विद्युतीकरण में बहुत सारे राज्य अपनी स्वैच्छिकता अपना रहे हैं। जो आपकी मंशा है कि देश के गरीबों को, देश के मँझले टोलों तक बिजली पहुँचे, वे आपसे अनुबंध करके तो यहाँ से पैसा लेकर जा रहे हैं, लेकिन उन राज्यों में काम नहीं हो रहा है। मैं अपने राज्य मध्य प्रदेश और अपने निर्वाचन क्षेत्र उज्जैन का उदाहरण देना चाहता हूँ। उज्जैन जिले को 45 करोड़ रुपये सन् 2006 में दिया गया। दो साल के अंदर वहां के मझले टोलों का विद्युतीकरण किया जाना चाहिए था, लेकिन आज हालत यह है कि तीन साल हो गए हैं, उन कंपनियों का अनुबंध भी खत्म हो गया और अनुबंध खत्म होने के बाद वे कंपनियाँ पैसा लेकर इधर उधर चली गईं और उस पैसे का उपयोग नहीं हुआ। साथ ही माननीय विद्युत मंत्री जी ने यह भी कहा कि 5 अगस्त 2008 को यहाँ पर सभी सांसदों को उस कमेटी की मॉनीटरिंग के लिए अध्यक्ष या संयोजक बनाया गया, लेकिन मध्य प्रदेश की सरकार ने कहीं भी इसकी सूचना सांसदों को नहीं दी है।

इसकी मोनिटरिंग का इंतजाम किया जाना चाहिए। केन्द्र सरकार का जो पैसा गरीबों और दलितों के लिए जा रहा है, उसका उपयोग ठीक तरह से होना चाहिए। यदि उसका उपयोग सही तरीके से नहीं हो रहा है तो इसके लिए उनकी जिम्मेदारी निर्धारित की जानी चाहिए। मैं मध्य प्रदेश के संदर्भ में बताना चाहता हूं कि राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के अंदर बहुत ज्यादा गड़बड़ी की जा रही है, उस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

महोदय, वर्ष 2007-08 के मुकाबले वर्ष 2008-09 में 9 प्रतिशत अधिक बिजली का उत्पादन हुआ है, जिसके लिए मैं मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं।

महोदय, बहुत से अनुबंध प्राइवेट कम्पनियों के साथ किए गए हैं, जिनका अनुपालन नहीं हुआ है। मध्य प्रदेश के संदर्भ में मैं आपको बताना चाहता हूं कि वहां बिजली कम्पनियों से बिजली के उत्पादन के लिए अनुबंध किए गए हैं, लेकिन वहां एक कील भी अभी तक नहीं गाढ़ी गई है, एक यूनिट भी बिजली अभी तक पैदा नहीं हो पायी है। लेकिन मध्य प्रदेश से हजारों टन कोयला दूसरे राज्यों को जा रहा है, जहां उसका उपयोग हो रहा है। वर्ष 2020 का जो बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, वह प्राइवेट कम्पनियों

द्वारा बिजली उत्पादन के आधार पर है। लेकिन मध्य प्रदेश में एक यूनिट का भी उत्पादन नहीं हुआ है। लेकिन हजारों टन कोयले का खनन किया जा रहा है। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

SHRI NARAHARI MAHATO (PURULIA): Mr. Chairman, Sir, I am thankful to you for giving me a chance to participate in the discussion on Demands for Grants relating to the Ministry of Power for 2009-10.

The Hon'ble Members have been discussing the Demands for Grants of the Ministry of Power, 2009-10 for a very long time now. I belong to an undeveloped and backward district of Purulia, West Bengal. In this connection, I would like to make a few submissions.

The Accelerated Power Development and Reform Programme is an important scheme for reducing the gap between demand and supply of power. With nine 9% per cent plus annual growth of the economy, the energy needs of India are rising sharply. For meeting the growing needs of the economy, the generation capacity has to double itself for every ten years in the next three decades at least. As such there is a need to develop large capacity projects at the national level to meet the power requirements of the country.

The Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana was introduced in 2005. More than 30 per cent of villages are not electrified in my District. Not only in my District, there are some places in my State like Cooch Behar which is the most populated area with Scheduled Castes inhabitants. It is India’s first district where 52 per cent Scheduled Castes community people live. But till today, the Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana has not been introduced in a single village. My humble submission to the hon. Minister would be to look into the matter.

The Ministry of Power launched a unique initiative to facilitate the development of ultra-mega power projects at both coal pitheads and coastal locations. The National Electricity Policy envisages that energy peaking shortage is sought to be overcome by 2012. The Ministry of Power is playing an important role as a facilitator to coordinate with the concerned Ministries and State Governments for ensuring coal linkages as well as for environment and forest clearances.

Sir, I would like to appeal to the hon. Minister that allocation of power should be done through the UMPPS in consultation with the different States. Also, there should be regular monitoring of the UMPPS to help facilitate and resolve the key issues of concern. My humble submission to the hon. Minister is that the Ministry of Power should continue to monitor the progress of UMPPS with a view to ensuring that projects are commissioned well within the stipulated timeframe. The Ministry of Power should play an active role in the operationalisation of the projects.

There is a thermal power project in my parliamentary constituency, namely, the Santhaldihi Thermal Power Station. The progress of the work in this project is not satisfactory. There is also a hydro electric power project in my constituency, namely Purulia Pump Storage Project which has been set up with Japanese collaboration. There has been a persistent demand from the people in the Ayodha hills for the operationalisation of this project.

Sir, I would also like to bring to your kind notice that the work of the Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana is not being implemented properly in areas of my constituency. Electric poles have been put up connected by wires, but the transformer has not been installed and as a result the people are not getting electricity and consequently the villagers, the agriculturists and the students are suffering a lot of trouble.

MR. CHAIRMAN : Hon. Member, you may take your seat for a minute.

Hon. Members, since there are many Members yet to speak, if the House desires we may extend the time of the House till this debate his over.

Shri Mahato, you may please continue.

SHRI NARAHARI MAHATO : Sir, the work of the Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana is being implemented through contractors and they are not working properly. Signboards have been put up but nothing about the *mauja* or the names of the households to be covered in the area have been mentioned

anywhere. Even, the Member of Parliament of the area also is not consulted on this. I would like to request the hon. Minister to look into these aspects.

MR. CHAIRMAN: As I mentioned earlier, since there are many Members to speak on this debate, those hon. Members who want to lay their speeches on the Table of the House, may do so.

Shri K. Sudhakaran.

**17.59 hrs.**

(Dr. M. Thambidurai in the Chair)

SHRI K. SUDHAKARAN (KANNUR): Sir, with immense happiness and pleasure I rise to support the Demands for Grants for the Ministry of Power. But before I deal with the subject I would like to thank your goodself for giving me this opportunity to speak in this debate. I would also like to thank my Party President, Shrimati Sonia Gandhi for giving me the opportunity to represent the people of Kannur in this august House. I salute the democratic system of India which has enabled me to be here which is the supreme power centre of India.

Sir, India today is a fast growing country and also we have a fast growing economy and maybe after a decade, if we can maintain this growth rate, India will emerge as super economic power in the world.

**18.00 hrs.**

The main engine which propels the growth of any economy is power. The wheels of our industry and the pump sets in our paddy fields depend on power. We cannot move even an inch without having sufficient power. By considering all these facts, our Finance Minister has enhanced the budget allocation by 160 per cent for the power sector.

Today, we are a power starving country. Our traditional sources of power are hydel and thermal. I come from a State which is mainly depending on hydel power. Our hydel stations are generating their maximum capacity but it is not sufficient to meet the requirements of my State.

Any proposal for a new hydel project gives rise to a lot of environmental problems. Vast areas of flora and fauna may be affected and can create social and

ecological problems. Some hydel stations of Kerala were built during the period of erstwhile Maharajas. Some of them were recently renovated. Among the renovated projects, Pallivasal, Chengulam and Panniyar are notable. The renovation was totally a failure. Only after having spent a huge amount of money, we realised that the generation of power was reduced than what it was before. Actually, it was an unholy deal.

Moreover, the people of Kerala were fooled by a Canadian company. They betrayed the people with the connivance of some political leaders. The notorious Lavalin Case which is rocking the State of Kerala today is a typical case of corruption and lack of guidance of the Central Electricity Authority.

I understand that, as per the existing rules, any project above Rs. 100 crore needs the clearance of the Central Electricity Authority. But I know that in this case, either the Government of Kerala or the Electricity Board have not obtained any prior permission from the Central Electricity Authority. In the last week, during the Question Hour, hon. Member, P.C. Chacko raised a question regarding the same issue to the Finance Minister, Shri Pranab Mukherjee. But he did not supplement any answer. So, I ask the hon. Minister, through you Sir, whether the Government will inquire the whole episode and bring to light the irregularities in this deal. If the answer is 'No', a big question will arise in the federal system of India. If all other States go in the way of Kerala, what will be the position of the Central Government? Will the Central Government have any role to control such deals?

To meet the requirements of our nation, it is a reality that we have to produce more power. Thermal power which has the major share in power production in India is depending on coal as fuel. Low quality of Indian coal is emitting huge amount of ash polluting environment and atmosphere, and contributing to global warming. So, in this sector, our options are very limited. We have no option in hydel and we have no option in thermal. We have only one option, that is, nuclear. Today, it is recognised universally that nuclear power is

the cleanest source of power generation and I think, India should go in a big way for nuclear power generation.

In this context, I would like to highlight the Indo-US Nuclear Treaty which is a landmark in the power history of India which ended the nuclear isolation of India over 35 years. … (*Interruptions*) But a section of our political spectrum made it an issue to topple the Government. I remember the No Confidence Motion moved by the CPI(M) on the floor of this House with the connivance of the BJP which is part of the history of Indian Parliament.

The very same issue was debated during the period of elections. Sir, people gave a clear mandate to the UPA Government to come back to power. This election verdict is a clear message that this nation requires a democratic Government; this nation requires a stable Government; this nation requires a secular Government; and this nation requires a Government that has developmental activities and programmes. So, the people have voted for the UPA. The same people have taught a lesson to the LDF. They had more than sixty Members in the Fourteenth Lok Sabha. But the people have returned only two dozen Members in this House. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Hon. Member, already you have taken eight minutes. Your colleagues are waiting. Members from your own Party are waiting. Otherwise, we cannot give opportunity to them.

SHRI K. SUDHAKARAN : I have to submit some more issues regarding Kerala.

MR. CHAIRMAN: You can lay your speech on the Table of the House.

SHRI K. SUDHAKARAN : I would like to submit some issues regarding Kerala.

Regarding RGGVY Scheme, our State, Kerala, submitted its proposals for fourteen districts. Six of them were cleared. But when the allocation came we got only one district. Out of the 562 allotted districts, Kerala got only one district. Out of Rs. 25,000 crore, Kerala got only Rs. 19.75 crore.

We used to get a major share of power from Ramagundam, Kaiga and NLC. But Kerala's share has been reduced considerably. I would request the hon.

Minister to enhance the quota for Kerala. Kayamkulam thermal power plant is awaiting its promised expansion. In 2005, the hon. Prime Minister, Dr. Manmohan Singh laid the foundation stone for the expansion project. But the promise has remained a promise only. This promise is dragging just like anything.

Regarding Kuttiyadi Augmentation Scheme, I would like to say that even after all the formalities have been completed, it has not still been cleared. We are awaiting clearance from the Ministry of Environment and Forest. We have handed over the non-forest lands. We have remitted the amount for compensating afforestation. I am seeking the intervention of the Ministry.

I have many more points to make deal with. But I wind up my speech due to paucity of time.

* **श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** महोदय, हिन्दुस्तान में आजादी के 62 वर्षों के बाद भी बिजली का अभाव है और मांग दिन-प्रति-दिन बढ़ती जा रही है । देश की मांग के अनुरूप विद्युत आपूर्ति में देश और प्रदेश की सरकारें विफल रही हैं । आज जहां हम थर्मल पॉवर के अलावा हाइड्रो पॉवर पर निर्भर हैं, वहां सोलर, बायोमास और विंड इनर्जी का भरपूर दोहन नहीं कर पाए हैं, जो हमारे देश में प्रचर एवं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं ।

महोदय, बिजली की कमी के कारण जब हम बिजली का उत्पादन जनरेटर के माध्यम से करते हैं, तो लगभग 9 से 10 रूपए प्रति यूनिट खर्च होता है । अगर यही विद्युत हम सौर ऊर्जा, विंड इनर्जी या बायोमास से पैदा करें, तो प्रति यूनिट कम खर्च आएगा । डीजल सैटों के माध्यम से जब विद्युत उत्पादित की जाती है, तो कार्बन एमीशन्स भी बहुत मात्रा में होता है, जिससे पर्यावरण भयंकर रूप से दूषित होता है और वह मानव, पशु,पक्षी एवं अन्य समस्त जीवों के लिए हानिकर होता हे । हजारो करोड़ रूपए की भारत सरकार की सब्सिडी जो डीजल पर दी जा रही है, वह भी बच जाएगी अगर हम सोलर इनर्जी, विंड इनर्जी और बायोमास इनर्जी को बढ़ावा देने के लिए निवेश करें और ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे हमारे देश में ये तीनों प्रकार की उर्जा सस्ती दर पर उत्पादित की जा सकें। इसके लिए अनुसंधान एवं विकास हेतु भारत सरकार द्वारा भारी पूंजी निवेश की आवश्यकता हे । यदि ऐसा किया जाएगा, तो देश बिजली संकट से उबर सकता है औ देश को क्लीन ऊर्जा मिल सकती है ।

---

* Speech was laid on the Table.

महोदय, हिमाचल प्रदेश में विद्युत की खपत कम है, लेकिन वह अपनी आवश्कयता से दुगुनी विद्युत का उत्पादन करता हे, जिसका लाभ पूरे देश को मिलता है । हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री , प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने वर्ष 1998 में, भारतीय जनता पार्टी की सरकार के समय, हजारों मैगावाट की नई पनविद्युत परियोजनाओं की शुरूआत की । आज हिमाचल प्रदेश में 6500 मैगावाट का पनविद्युत उत्पादन हो रहा है, जो वर्ष 2012 तक बढ़कर 10,000 मैगावाट हो जाएगा, लेकिन इन विद्युत उत्पादन को लोगों तक पहुंचाने के लिए ट्रांसमीशन लाइनों की जरूरत है इन ट्रांसमीशन लाइनों को बनाने पर हजारों करोड़ रूपए व्यय होते हैं । हिमाचल प्रदेश सरकार 4500 करोड़ रूपए ट्रांसमीशन लाइनों पर व्यय कर रही है और 500 मैगावाट विद्युत की ट्रांसमीशन के लिए प्रदेश सरकार ने 2100 करोड़ रूपए विदेशी सहायता प्राप्त करने हेतु केन्द्र सरकार से आग्रह किया है । यदि केन्द्र सरकार हिमाचल प्रदेश सरकार के निवेदन पर ध्यान नहीं देती और प्रदेश को विदेशी सहायता उपलब्ध नहीं कराती है, तो देश में बिजली का संकट हमेशा बना रहेगा क्योंकि प्रदेश में जो उत्पादन हो रहा हे, उसे ग्रिड तक पहुंचाने के लिए ट्रांसमीशन लाइनों की जरूरत होती है और जब वे ही नहीं बनेंगी, तो उत्पादित ऊर्जा को उपयोग के लिए लोगों तक कैसे पहुंचाया जा सकेगा ।

महोदय, बिजली को कन्करेंट लिस्ट से स्टेट लिस्ट में लाने का एकमात्र तात्पर्य यही था कि केन्द्र सरकार विद्युत उत्पादन हेतु, ट्रांसमीशन लाइनों के निर्माण हेतु एवं इस क्षेत्र के विकास एवं विस्तार हेतु जितनी भी अधिक से अधिक सहायता प्रदेशों को देगी, उतना ही विद्युत का उत्पादन बढ़ेगा और इस क्षेत्र में जहां भी किसी प्रकार की गड़बड़ी और कमियां हैं, उन्हें दूर किया जा

सकेगा, लेकिन केन्द्र सरकार अपना दायित्व ठीक प्रकार से नहीं निभा रही है और हर कार्य के लिए प्रदेश सरकार पर जिम्मेदारी डाल देती है ।

महोदय, आज भी देश के लाखों गांवों में बिजली नहीं है । बिना बिजली के वहां विद्यार्थी पढ़ नहीं पाते हैं । देश के लाखों गांवों में बिजली के अभाव में यदि बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाएंगे, तो इसका अंततोगत्वा प्रभाव देश पर ही पड़ेगा और देश बिना बिजली के किसी भी क्षेत्र में प्रगति नहीं कर सकेगा । अतः मेरा आग्रह है कि तापी विद्युत, पनविद्युत के साथ-साथ सौर ऊर्जा, विंड इनर्जी और बायोमास इनर्जी की तरफ विशेष ध्यान दे औरे इन क्षेत्रों में भारी निवेश करे ।

महोदय, मेरे कुछ निम्नलिखित सुझाव हैं । मैं चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी इन पर गंभीरता से विचार करें और इन्हें स्वीकार करें, ताकि देश के गांव-गांव में बिजली पहुंच सके । जब गांव रौशन होंगे, तो देश अपने आप रौशन होगा ओर विश्व में महानायक बनने का सपना पूरा होगा ।

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह):** सभापति महोदय, 2009-10 की अनुदान मांगों पर सामान्य चर्चा करने के लिए आपने जो समय दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

MR. CHAIRMAN: Shri Pandey, please conclude within three minutes.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय :** बस तीन ही मिनट का समय है? मंत्री महोदय का मैं 2-3 विषयों पर ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। सरकारी आंकड़ों में देश के थर्मल पावर केन्द्रों, प्लांट फैक्टर, लोड फैक्टर, पी.एल.एफ. में पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष जो वृद्धि का आंकड़ा दिया जा रहा है, वर्ष 2007-08 में वह 78.06 परसेंट था, अब वह घटकर 77.2 परसेंट पर आ गया है। सबसे बड़ी बात है कि भूटान से जो बिजली ली जा रही है, उसको भी मंत्री महोदय ने उसमें जोड़ा है।

हमारे यहां झारखंड में थर्मल पावर प्लांट चन्द्रपुरा में है और बोकारो थर्मल पावर प्लांट है। मंत्री महोदय को जानकर ताज्जुब होगा कि यह चिराग तले अंधेरा वाली बात हो गई। हमारे यहां बिजली 24 घंटे में से 8 घंटे से ज्यादा नहीं रहती है, जबकि हमारे यहां से कोयला दिल्ली और हिन्दुस्तान के सारे प्रदेशों में जाता है। मंत्री महोदय, आपको जानकर ताज्जुब होगा कि चन्द्रपुरा में नया पावर प्लांट बन रहा है। आप बीच में शायद वहां गये भी थे। आपने देखा होगा कि सरकार को प्लांट को पूर्ण रूप से समय पर पूरा करवाने के लिए इण्टरैस्ट फ्री एमाउंट मिला, लेकिन आज वह प्लांट समय पर पूरा नहीं हुआ। भारत सरकार के अब पूरे पैसे पर इण्टरैस्ट लगने जा रहा है। आपने देखा होगा कि वर्तमान में बोकारो थर्मल प्लांट में भी नया प्लांट बन रहा है, चन्द्रपुरा में काम पूरा होने जा रहा है, लेकिन भेल को जो काम मिला, उसने तीन लेयर पर काम को बांटने का काम किया।

आप इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि काम की क्वालिटी किस ढंग की होगी। हमारे यहां वर्ष 1954 में कुनाल डैम का निर्माण हुआ और इसके बाद दामोदर वैली कारपोरेशन ने हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के लिए एचपीसीएल के द्वारा प्रस्ताव दिया। आज तक वह किस खाते में पड़ा हुआ है, यह हमारी समझ से बाहर का विषय है।

महोदय, हम जल से जो बिजली पैदा करते हैं, उसमें सबसे कम खर्च आता है। उसमें पांच मेगावाट का प्रपोजल शुरू से चला आ रहा है, लेकिन आज तक दामोदर वैली कारपोरेशन ने उस पर कोई काम नहीं किया। इससे बड़ी बात क्या हो सकती है, जिसके बारे में जगदा बाबू ने कहा, उन्होंने राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना की बात कही। हम उस बात से जोड़ते हुए यह कहना चाह रहे हैं कि आप समझ सकते हैं कि हम गरीब के घर में एक बल्व जला देते हैं, लेकिन बाकी गांव में रहने वाले लोगों को

अगर पम्पिंग सेट चलाना होगा, कुट्टी काटने की दुकान खोलनी होगी या और कोई भी काम करना होगा, तो कहां से उसके लिए ट्रांसफार्मर लगेगा? वह लोड ही नहीं लेगा। आप दो फेज का कनेक्शन दे रहे हैं।

महोदय, इससे बड़ी बात यह है कि संथाल परगना में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत एक भी आदिवासी गांव को नहीं लिया गया। आप समझ सकते हैं कि पूरे झारखंड में क्या स्थिति बनी हुयी है? काम की क्वालिटी की स्थिति भी ठीक नहीं है। महोदय, कोई मानीटरिंग नहीं है। मैं आपसे आग्रह करना चाहूंगा कि वर्तमान में आपने पूरे हिंदुस्तान में नए पावर प्लांट के लिए करोड़ों रूपए देने का काम किया है, लेकिन झारखंड के लिए मात्र 8.9 प्रतिशत ही फंड का एलोकेशन हुआ है।

महोदय, मेरा आग्रह है कि हमारे राज्य में कोयला है, पानी है, सब चीज है, लेकिन वर्तमान में वहां जो स्थिति है, उस पर आपकी अगर नजर नहीं जाएगी, तो झारखंड को नहीं बचाया जा सकता है और इस कारण वहां के लोगों में काफी आक्रोश है।

महोदय, कुछ विषय बाकी हैं, मैं उनको सदन के पटल पर रख रहा हूं।

*विद्युत मंत्रालय के अनुदान मांगों (सामान्य) 2009-10 पर चर्चा के लिए इस गरिमामय सदन में झारखण्ड एवं देश की ऊर्जा समस्या पर मा0 ऊर्जा मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। आज गांवों के करोड़ों लोगों को नियमित बिजली उपलब्ध नहीं होती।

सरकारी आंकड़े में देश में थर्मल पावर केन्द्रों में प्लांट लोड फैक्टर पीएलएफ पिछले वर्षों के तुलना में वृद्धि का आंकड़ा दिया जा रहा है। जबकि 2007-08 में पीएलएफ 78.6 से घटकर 77.2 समग्र हो गया। आश्चर्य है कि इसमें भूटान से आयतित बिजली को भी पीएलएफ में जोड़ दिया गया है। इस प्रकार 2008-09 के दौरान व्यस्ततम मांग मेगावाट एवं ऊर्जा जरूरत मिलियन यूनिट में क्रमशः 11.9 और 11.1 की कमी दर्ज की गयी है। इससे भी दुःखद बात यह है कि कई राज्यों खासकर झारखण्ड एवं बिहार में राज्य विद्युत बोर्डों का पीएलएफ क्रमशः 27.2 प्रतिशत के लक्ष्य के तुलना में उपलब्ध 8.3 प्रतिशत है और लक्ष्य 12.7 प्रतिशत की तुलना में उपलब्धि 0.8 प्रतिशत है।

देश में जब एनडीए की सरकार थी यानि 1998 से 2004 तक ऊर्जा की कमी प्रत्येक वित्तीय वर्ष में क्रमशः 5.9 प्रतिशत 6.2 प्रतिशत 7.8 प्रतिशत 7.5 प्रतिशत 8.8 प्रतिशत 7.1 प्रतिशत एवं 7.3 प्रतिशत रहा है जबकि यूपीए सरकार में 2005-09 के दौरान ऊर्जा आवश्यकता की कमी का ग्राफ बढ़ा है । 2008-09 के दौरान ऊर्जा की आवश्यकता 777039 मिलियन यूनिट थी जिसमें कमी 86001 मिलियन यूनिट है।

2007-08 मे क्षमता अभिवृद्धि का लक्ष्य 16335.2 मेगावाट रखा गया, उपलब्धि मात्र 9263 मेगावाट थी। देश में परमाणु अप्रसार संधि हुई। कहा गया कि इस संधि से बिजली क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेंगे, परन्तु 2008-09 के दौरान केन्द्रीय क्षेत्र, निजी क्षेत्र एवं राज्य क्षेत्र में न्यूक्लियर

---

*..* This part of the Speech was laid on the Table.

बिजली उत्पादन शून्य है। केन्द्रीय क्षेत्र में थर्मल से बिजली उत्पादन के लक्ष्य 1750 के विपरीत उपलब्धि 750 मेगावाट है। इसी प्रकार केन्द्र एवं निजी क्षेत्र में हाइड्रो का उत्पादन शून्य है। इससे साबित होता है कि राष्ट्रीय विद्युत नीति मे 2012 तक सभी को विद्युत उपलब्ध कराने का लक्ष्य 1000 यूनिट प्रतिवर्ष एवं 11वीं योजना में 78,700 मे.वा क्षमता अभिवृद्धि का प्रस्ताव विफल एवं भ्रामक साबित होगा।

देश में कोयला उत्पादन में करीब 74 प्रतिशत कोयले का इस्तेमाल विद्युत क्षेत्र में होता है और विद्युत उत्पादन का 66 प्रतिशत उत्पादन कोयला चालित तापीय यूनिटों में होता है। आयातित कोयले पर निर्भरता 2008-09 में करीब 16.00 मिलियन टन हो गया है जबकि हमारे क्षेत्र के सीसीएल एवं बीसीसीएल की बंद खदानों को पुनः चालू कर दिया जाए तो हम कोयले की मांग को पूरा करने में कामयाब होंगे।

2008-09 के दौरान 13,085 मे.वा क्षमता वाली 40 पन-बिजली परियोजनाएँ निर्माणाधीन है। इसके बाद 162 परियोजनाओं में से 77 स्कीमों हेतु 33,951 मे.वा की डीपीआर तैयार की जा रही है।

डीवीसी-के अन्तर्गत हमारे क्षेत्र में 1954 में कोणार बांध चालू किया गया था। एनएचपीसी ने 3 मे.वा क्षमता की एक पारम्परिक इकाई हेतु अनुशंसा की। अब डीवीसी इस कार्य के लिए मौन है। डीवीसी की 10वीं 11वीं योजना के अन्तर्गत विद्युत परियोजनाओं के अन्तर्गत क्षमता विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत बीटीपीएस 'ए' सीटीपीएस हमारे निर्वाचन क्षेत्र में है। इन विद्युत केन्द्रों में समय पर परियोजना का काम पूरा नहीं हो पा रहा है इसके अलावा विस्तार कार्य में कई त्रुटियां हैं।

राजीव गाँधी ग्रा.वि. परि.-हमारे क्षेत्र में यह कार्य डीवीसी द्वारा हो रहा है, परन्तु कार्य की गुणवत्ता खराब है। योजना के अन्तर्गत गांवों में सारे ट्रांस्फार्मर एवं एल.टी. लाइन 3 फेज 25 केवीए का होना चाहिए इसके विपरीत 16 केवीए 1 फेज का ट्रांस्फार्मर दिया जा रहा है जिससे किसानों को कोई लाभ नहीं होगा। बीपीएल को 40 वाट का एक बल्ब जलाने का प्रावधान है वह पर्याप्त नहीं है।

झारखण्ड में अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट्स दिया गया हे इसके लिए सरकार को धन्यवाद देता हूं। आग्रह करता हूं इस योजना का लाभ शीघ्र लोगों को मिले।

देश में 2003 में बने विद्युत अधिनियम में संशोधन कर विद्युत संशोधन अधिनियम 2007 से लागू किया गया है। इसमें कई नए प्रावधान जोड़े गए हैं जिसमें मुख्य रूप से यह उल्लेख है कि केन्द्र सरकार राज्य सरकारों के साथ संयुक्त प्रयास करेगी कि ग्रामीण विद्युत आधारभूत ढांचे के जरिए ग्रामों और बस्तियों सभी क्षेत्रों को बिजली सुलभ करवाएँ और घरों का विद्युतीकरण हो। इसके लिए विद्युत सुधार तथा त्वरित विद्युत विकास एवं सुधार कार्यक्रम एपीडीआरपी भी शामिल हैं। इस कार्यक्रम की संचालन समिति मे केन्द्र सरकारों के कई शीर्ष विभाग एवं चयनित राज्य सरकार शामिल हैं। समिति ने 13 राज्यों के लिए 1947.70 करोड़ रूपये की लागत से 599 परियोजना के

अनुमोदन प्राप्त किये हैं जिसमें से झारखण्ड में कुल 5 परियोजनाओं का चयन किया गया है। जिसकी लागत राशि 8.82 करोड़ है जबकि अन्य राज्यों को कई सौ करोड़ रूपये की लागत की परियोजनाएं तैयार की गयी है। इससे साबित होता है कि झारखण्ड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया और एपीडीआरपी अपने कर्तव्यों के निर्वहन में विफल है।

अतः केन्द्र सरकार देश में ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने एवं झारखण्ड मे विद्युत परियोजनाओ को सरजमीन पर लागू कराने के लिए ईमानदारी से पहल करे। *

**श्री विजय बहुगुणा (टिहरी गढ़वाल):** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, धन्यवाद। मैं ऊर्जा मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा जिनके कार्यकाल में देश में ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हुयी हैं। मैं विशेष तौर से आपका ध्यान उत्तराखंड की तरफ ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, जहां बड़ी मेजर जल-विद्युत परियोजना में परेशानी आ रही है।

महोदय, उत्तरकाशी एक पिछड़ा और सीमान्त जनपद है। वहां लोहारी-नागपाला हाइड्रो प्रोजेक्ट वर्ष 2004 में शुरू किया गया। आज तक करीब 5-6 सौ करोड़ रूपए उस जल-विद्युत योजना पर खर्च हो चुके हैं, जो 600 करोड़ रूपए की योजना है, लेकिन चुनाव की वजह से गंगा पर विवाद उठाया गया और उस पर काम बंद करा दिया। अब यह मामला केंद्र सरकार के पास विचाराधीन है। इसके लिए एक्सपर्ट कमेटी बनायी गयी, उसने कहा कि 16 क्यूसेक पानी आप छोड़ सकते हैं और इस तरह से गंगा का बहाव बना रहेगा। पर्यावरण की सारी क्लियरेंसेज गवर्नमेंट आफ इंडिया से थी, मिनिस्ट्री आफ फारेस्ट्री की क्लियरेंसेज गवर्नमेंट आफ इंडिया से थी, इसलिए पूरे जनपद में बड़ा अंसतोष है। करीब डेढ़ हजार लोग प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से इस परियोजना से जुड़े हुए हैं। यह सीमांत जनपद है, इसलिए मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि जल्दी से इस विवाद को खत्म कराने के संबंध में केंद्र सरकार निर्णय ले।

दूसरा मेजर पावर प्रोजेक्ट टिहरी में टी.एच.डी.सी. के द्वारा चल रहा है। महोदय, पूरा टिहरी का नगर, डूबा झील के अंदर। यह खेद की बात है कि वर्षों बीत गए हैं, लेकिन अभी तक कंपन्सैशन के मामले तय नहीं हो रहे हैं। केंद्र सरकार ने सारा पैसा रिहैबिलिटेशन के लिए राज्य सरकार को दे दिया है, लेकिन प्रदेश सरकार की बिल्कुल नाकामी है, जिससे आज तक लोग परेशान हैं, बाजारों की छांव में लोग रह रहे हैं, उनको कंपन्सैशन नहीं मिला, रिहैबिलिटेशन का कंपन्सैशन उन्हें नहीं मिला। केंद्र सरकार कहती है कि हमने प्रदेश सरकार को पैसा दे दिया।

सभापति जी, वहां जो झील बनी है, वह बहुत बड़ी है। उसकी लंबाई 40 किलोमीटर और गहराई हजार फीट है। उस झील की वजह से कई क्षेत्र जनपद से दूर हो गए हैं। वहां दो पुल बनने हैं, एक डोबराचाटी में और दूसरा चिन्यालीसौड़ में। केंद्र सरकार कहती है कि हमने पैसा राज्य सरकार को दे दिया और अब राज्य सरकार उसे बनाएगी, लेकिन राज्य सरकार कोई काम नहीं कर रही है। सारी जनता अस्त-व्यस्त और बहुत परेशान है। मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि वह मुख्यमंत्री को बुलायें और टिहरी के जो ये दोनों बड़े मेजर ब्रिजेज हैं, जिन पर विवाद फंसा है, उनको तत्काल सुलझाएं।

मेरा तीसरा अनुरोध, माननीय मंत्री जी से यह है कि वहां जो कर्मचारी काम कर रहे हैं, उनमें स्टैगनेशन हो रहा है। यह आपका बहुत मेजर कारपोरेशन है, इसलिए जो सर्विस रूल्स हैं, उन्हें आप स्वयं

देखें। वहां स्टैगनेशन नहीं होना चाहिए, प्रमोशन्स के एवेन्यूज रहने चाहिए, ताकि लोगों के प्रमोशन रूक न सकें।

मेरा अनुरोध है कि जो सोशल रिस्पौंसीबिलिटी फंड है, जो टीएचडीसी और एनटीपीसी हर पब्लिक सैक्टर खर्च करती है, उस सोशल रिस्पौंसीबिलिटी फंड की मौनीटरिंग के लिए उस क्षेत्र के एमपी का से जरूर होना चाहिए, उनकी राय जरूर होनी चाहिए ताकि उस पैसे का सही इस्तेमाल हो। उत्तराखंड सरकार को बिजली पैदा होने से 12 प्रतिशत रॉयल्टी मिलती है, लेकिन खेद की बात है कि प्रदेश सरकार जनपद के विकास या विस्थापितों के लिए उस 12 प्रतिशत रॉयल्टी में से एक पैसा भी खर्च नहीं करती। केन्द्र सरकार को नीति बनानी चाहिए कि जो राज्य सरकारें 12 प्रतिशत रॉयल्टी पा रही हैं, सैंट्रल प्रोजैक्ट्स में से उस रॉयल्टी का हिस्सा उन्हें उस क्षेत्र के विकास के लिए लगाना चाहिए जो रीहैबीलिटेशन से परेशान हैं या जहां सड़कों, नहरों, अस्पतालों, स्कूलों का विकास ठप्प हो जाता है। यह बहुत मेजर सवाल है। पूरा टेहरी उत्तरकाशी जनपद परेशान है। वह पर्वतीय क्षेत्र है।

आप पावर जनरेशन बढ़ा रहे हैं, लेकिन जो लाइन लॉसेज़ ड्यू टू पिलफरेज है, जिस तरह से यह बढ़ रहा है, अगर आप इसे नहीं रोकेंगे तो आपका जो प्रयास है कि ऊर्जा का लक्ष्य पूरा करें, वह पूरा नहीं होगा। लाइन लासेज़ बढ़ रहे हैं।

मैं मंत्री जी का बहुत धन्यवाद करता हूं कि वे समय-समय पर सांसदों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनते हैं। ...(व्यवधान) यह बहुत जरूरी है कि प्रदेश सरकार के मुख्य मंत्री को बुलाकर आप इन समस्याओं का समाधान करें।

मैं इस अनुदान की मांगों का समर्थन करता हूं।

**श्री शरीफ़ुद्दीन शारिक (बारामुला):** सभापति महोदय, बिजली के बारे में जो बात हो रही है, मैं भाषण करने के बजाए मंत्री जी से ज़ाति तौर पर गुज़ारिश करूंगा कि मैं रियासत जम्मू कश्मीर से हूं, जहां अल्लाह ने पानी की बोहतात दी है। हमारे पास 20 हजार मेगावाट पावर पैदा करने का पानी है, लेकिन उस पानी को इस्तेमाल करने के लिए हमारे पास पैसा नहीं है। हमने बगलिहार का 900 मेगावाट का एक पावर हाउस बनाया, लेकिन पाकिस्तान सरकार ने उस पर दस बार अड़चन डाली क्योंकि हमारे देश और पाकिस्तान के दरम्यान जो वाटर ट्रीटी हुई है, उसमें भारत सरकार ने उस वक्त कश्मीर के दरिया उन्हें दिए और पंजाब के दरिया अपने लिए रख लिए। उसका नतीजा है कि हम वहां काम नहीं कर सकते। इसलिए हमें बहुत मुश्किल होती है। मैं गुजारिश करूंगा कि हमारे पास पावर की बहुत कमी है लेकिन पावर की गुंजाइश इतनी ज्यादा है कि हम सारे नार्थ इंडिया को, सारे देश को पावर दे सकते हैं जिससे सारे देश को फायदा हो सकता है। हम इस वक्त अपने देश से ही 2000 करोड़ रुपये में पावर खरीद रहे हैं क्योंकि हमारे पास इसकी कमी है। मैं मंत्री जी से गुज़ारिश करूंगा कि वे इस बात पर गौर करें और कश्मीर के बारे में एक पॉलिसी बनाएं, हमें पैसे दे दें जिससे पावर पैदा हो ताकि हमें भी आराम मिले और देश के बाकी हिस्सों को भी आराम मिले।

सब जानते हैं कि जम्मू कश्मीर की रियासत का ज्यादा दारोमदार टूरिस्ट आमद-व-रफ्त पर है और वहां बहुत जबरदस्त टूरिज़्म चल रहा है। वहां हम बिजली के बगैर टूरिज़्म को भी फरोग नहीं दे सकते।

हमारे पास कोई कारखाना नहीं है। वहां बेरोजगारी है। इसलिए बिजली की जरूरत है ताकि वहां इंडस्ट्री हो और लोगों को थोड़ा रोजगार मिले। हमारे पास जो बड़े-बड़े सनतयाफ्ता और तालीम याफ्ता लोग हैं, उन्हें सरकार रोजगार नहीं दे सकती, चाहे कोई भी सरकार हो। इसलिए जरूरी है कि वहां कारखाने खुलें, सनत आ जाए और उसके लिए सबसे पहले बिजली की जरूरत है। मैं भारत सरकार और अपने पावरफुल मंत्री जी से गुजारिश करूंगा कि वे इसकी तरफ ध्यान दें और मनसूबे बनाकर, हमारे पास गुंजाइश है, उसका फायदा उठाएं ताकि हमें रोजगार मिले और पावर मिले।

**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती):** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं जानता हूं कि समय कम है, इसलिए आपके माध्यम से माननीय ऊर्जा मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि 14वीं लोक सभा में, पिछली यूपीए सरकार को न्यूक्लियर डील के मुद्दे पर लोक सभा में विजय हासिल करने के बाद 15वीं लोक सभा में जिस दृढ़ता का मैसेज मिला है, वह निश्चित रूप से इसलिए मिला है कि इन्होंने राष्ट्रीय विद्युत नीति बनाई थी जिसमें सन् 2012 तक प्रति व्यक्ति एक हजार यूनिट की परिकल्पना थी कि हम पूरे हिन्दुस्तान में हर हिन्दुस्तानी को विद्युत के मामले में आत्मनिर्भर बनाएंगे।

संभवतः न्यूक्लियर डील के बाद अब न्यूक्लियर बिजली पर पूरे हिन्दुस्तान की निगाह है कि कब हम ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होंगे। मैं अपने कुछ वाक्यों के माध्यम से माननीय ऊर्जा मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना चाहूंगा कि राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना की समयबद्धता, गुणवत्ता तथा राज्य सरकारों में विसंगतियों के कारण आ रही अड़चनों से, सतर्कता कमेटियों के माध्यम से उस पर केन्द्र की मजबूत पकड़ होनी चाहिए, ताकि समय से कार्य पूरा हो सके और उसका लाभ आम जनता को मिल सके।

दूसरा, अभी सदन में छोटे-छोटे हाइड्रो प्रौजेक्ट्स की बात आयी है। शिवालिक बैल्ट और नेपाल राष्ट्र से लगी हुई सीमा पर कोसी, राप्ती, घाघरा आदि तमाम ऐसे पहाड़ी नाले हैं, जो वहां से निकलकर हमारे हिन्दुस्तान में जल-पलवन कर बाढ़ की स्थिति से तबाही मचाते हैं। उन पर छोटे-छोटे बांध बनाकर 10,15 और 25 मेगावाट के प्रौजेक्ट्स लगाये जा सकते हैं। इस तरफ भी ध्यान देकर हम आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकते हैं। इसी तरह सोलर एनर्जी, विंड एनर्जी पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में ग्लोबल वार्मिंग को लेकर सीडीएम टेक्नोलॉजी के तहत कार्बन क्रेडिट के माध्यम से विदेशी मुद्रा हम अपने देश में ला सकते हैं। ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन में तमाम ऐसी गुंजाइशें हैं, जिसके माध्यम से हम अपनी एनर्जी के लॉस को बचा सकते हैं और कार्बन क्रेडिट का लाभ इस देश को प्रदान कर सकते हैं। ...(व्यवधान) मैं कुछ पंक्तियों के माध्यम से कहना चाहूंगा, मुझे भाषण देने की कोई आवश्यकता नहीं है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान उत्तर प्रदेश सरकार के एक पत्र की तरफ आकर्षित करना चाहूंगा, जो केन्द्र सरकार पर थोपा गया मिथ्या आरोप है। इस पत्र में मिथ्या जानकारी दी गयी है। मैं कहना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश में मांग और सप्लाई में एक हजार से लेकर तीन हजार रुपये तक का डेफीसिट है। उत्तर प्रदेश में केन्द्र के अलावा जो ऊर्जा दी जाती है, उसका दुरुपयोग किया जाता है। हमारी मांग है कि उस तरफ भी ध्यान दिया जाये, जिससे ऊर्जा आम जनता तक पहुंचे,

सही जगह पहुंचे, यह आप सुनिश्चित करें। इसके साथ ही इस पत्र में दादरी प्रौजेक्ट का कहीं कोई नाम नहीं है। रिलायंस पावर प्रौजेक्ट के रूप में वहां ढाई हजार एकड़ फर्टाइल एग्रीकल्चर लैंड लेने के लिए एक एग्रीमैट हुआ था। वर्ष 2005 में वह जमीन ली गयी थी। उस एग्रीमैंट के तहत यदि उस जमीन पर तीन साल तक कार्य न हो, तो यूपी गवर्नमैंट द्वारा उस जमीन को अधिग्रहित करके एनटीपीसी या अन्य माध्यम से कार्य करना चाहिए, लेकिन वहां अभी तक एक ईंट भी नहीं रखी गयी, शिलान्यास भी नहीं किया गया। मैं आपके माध्यम से, सर्वोच्च सदन के माध्यम से माननीय ऊर्जा मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए कहना चाहूंगा कि वहां किसानों की फर्टाइल जमीन भी ले ली गयी, लेकिन वर्ष 2005 से लेकर वर्ष 2009 तक उस पर कोई कार्य भी नहीं हुआ। उस समय तत्कालीन सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता का जो सपना दिखाया गया था, वह मिथ्या साबित हो रहा है। हमारी मांग है कि उस पर कार्रवाई करते हुए किसानों को कम से आप वह जमीन वापस दिला दें। ...(व्यवधान)

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** वहां गैस ही नहीं दी गयी। जब गैस ही नहीं देंगे, तब काम कैसे चालू हो जाएगा?

**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय :** गैस देंगे, आप आइये। ...(व्यवधान) राष्ट्रीय नीतियों के तहत गैस मिलेगी। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record except Dr. Vinay Kumar Pandey's speech.

*(Interruptions) ...* *

**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय :** उसकी प्रापर्टी यही है कि गैस राष्ट्रीय निधि है ...(व्यवधान) वह सरकार की नीतियों के तहत आपको मिलेगी।

---

* Not recorded

**श्री बृजभूषण शरण सिंह (कैसरगंज):** सभापति महोदय, हम सभी लोग जानते हैं कि बिजली की मांग और आपूर्ति में अन्तर है, लेकिन हम जो बिजली पैदा कर रहे हैं, उसका भी सदुपयोग नहीं कर पा रहे हैं। आज जो डिस्ट्रीब्युशन सिस्टम है, उसमें 35 प्रतिशत की क्षति होती है, जबकि यूरोप में यह क्षति 5 प्रतिशत और पाकिस्तान जैसे देश में 20 प्रतिशत ही है। इसे हम रोक सकते हैं। हमारे यहां लगभग 25,000 करोड़ रूपए की बिजली चोरी होती है, इसे भी रोका जा सकता है। अगले पांच-दस साल बाद हमें सात-आठ लाख मेगावाट बिजली की आवश्यकता होगी। हमारी परमाणु विद्युत की जो क्षमता है, 30,000 मेगावाट उससे भी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो हमारे गैर-पराम्परागत ऊर्जा के स्रोत हैं, उन पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए ऊर्जा मंत्रालय और गैर-परम्परागत ऊर्जा मंत्रालय को मिलकर एक बृहद योजना बनानी चाहिए। मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं। जब बिजली की बात होती है तो हम राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना की तरफ देखते हैं और जब सड़क की बात आती है तो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की ओर देखते हैं। हमारे पास जनता को संतुष्ट करने के लिए इसके अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है। मैं आरोप नहीं लगा रहा हूं, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इसकी गुणवत्ता प्रभावित हुई, मैं मंत्री जी से मिलकर एक विस्तृत कंप्लेंट दूंगा, विशेषकर बलरामपुर, बहराइच सहित चार-पांच जिलों में खंभे नहीं गड़े हैं, तार खींचे नहीं गए है, ट्रांसफार्मर लगे नहीं हैं, उसके बाद भी वहां काम अधूरा है। इसकी जांच कराने की जरूरत है क्योंकि हमें इन दोनों योजनाओं से बड़ी उम्मीद है। इसमें घोर अनियमितता हुई, मैं समय आने पर, इस सत्र के बाद जल्द ही इसकी एक विस्तृत कंप्लेंट दूंगा, लेकिन यह जरूर चाहूंगा कि जब उसकी जांच के लिए कोई कमेटी वहां जाए, तो हम लोगों को भी विश्वास में लिया जाए, जिसके संसदीय क्षेत्र में कमेटी जाए, वहां के सांसद को उसमें लिया जाए, तब हम आपको दिखाएंगे कि इस योजना की असलियत क्या है।

मैं आपका ध्यान उत्तर प्रदेश की ओर दिलाना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश की जो हालत है, वहां का जो विद्युत बोर्ड है, वहां का जो विद्युत विभाग है, उसके पास लाइनमैन तक नहीं हैं कि वे लाइन को ठीक कर सकें। गांव के लोगों ने, कस्बे के लोगों ने निजी लाइनमैन रखकर लाइन ठीक कराने का काम शुरू किया है, जिसका नतीजा यह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में एक वर्ष के अंदर तीन लोग मर चुके हैं। दूसरी सबसे बड़ी समस्या यह है कि अगर विद्युत का सामान चोरी हो जाए, तार या ट्रांसफार्मर चोरी हो जाए, तो विद्युत विभाग तब तक उस पर काम नहीं करवाता है जब तक थाने में उसकी एफआईआर दर्ज नहीं हो जाती है और उत्तर प्रदेश सरकार अपराध का आंकड़ा कम करने के लिए विद्युत चोरी की एफआईआर लिखने को तैयार नहीं है। इस बात से उत्तर प्रदेश के सारे सांसद सहमत होंगे। मैं कहना चाहता हूं कि इन छोटी-छोटी

बातों पर भी ध्यान दिया जाए। आपका जो सपना है कि वर्ष 2012 तक सभी को बिजली देने का, वह पूरा हो, गुणवत्ता कायम रहे, इन्हीं बातों के साथ मैं इस बजट का समर्थन करता हूं।

महोदय, मैं अपना बाकी भाषण सदन के पटल पर ले करता हूं।

* हम सभी इस तथ्य को स्वीकार करते हैं कि किसी क्षेत्र या देश के विकास में ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्थान है लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के 62 वर्षों बाद भी हम ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर नहीं हो पाये हैं। आज पूरा देश बिजली संकट से जूझ रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों की है। बिजली संकट का सबसे बड़ा कारण मांग की अपेक्षा उत्पादन का कम होना है। विद्युत उत्पादन पर जितना ध्यान दिया जाना चाहिए था उतना हमारी सरकारों ने नहीं दिया। साथ ही सरकार द्वारा किये गये पूंजी निवेश का उपयोग जनता के हित में ठीक से नहीं किया गया। हमारे अधिकांश विद्युत उत्पादन संयंत्र पुराने और जर्जर हालत में हैं जिससे वे अपनी क्षमता से कम बिजली पैदा कर रहे हैं। नये संयंत्रों की स्थापना पर जितना जोर दिया जाना चाहिए उतना नहीं दिया जा रहा है। देश में जो बिजली पैदा हो रही है उसका भी ठीक ढंग से सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। इसके दो प्रमुख कारण हैं।

1. पारेषण हानिः- वर्ष 2008-09 की जो आर्थिक समीक्षा संसद में प्रस्तुत की गयी है उसमें सरकार ने खुद माना है कि देश में 30 प्रतिशत से अधिक विद्युत हानि हो रही है। वास्तवितकता यह है कि भारत में 35 फीसदी ज्यादा पारेषण हानि होती है जबकि आस्ट्रेलिया में 5 प्रतिशत तथा योरोप के अधिकांश देशों मे यह हानि केवल 10 से 15 प्रतिशत होती है। यहां तक कि हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी 20 से 25 फीसदी पारेषण हानि होती है। पारेषण हानि का प्रमुख कारण पुराने तथा जर्जर विद्युत तारों और खंभों का होना एवं उनके रख-रखाव की कमी है।

2. बिजली की चोरीः-हमारे देश में हर साल लगभग 25 हजार करोड़ रूपये की बिजली चोरी होती है जिसमें विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की मिलीभगत होती है। यदि सरकार पारेषण हानि और बिजली चोरी पर अंकुश लगा दे तो कुछ हद तक विद्युत संकट से निजात मिल जायेगा।

महोदय, यदि ऊर्जा क्षेत्र को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया तो आने वाले समय में देश को गंभीर विद्युत संकट का सामना करना पड़ेगा। ऐसा आकलन किया गया है कि वर्ष 2030 तक देश में लगभग 7 लाख मेगावाट से 8 लाख मेगावाट विद्युत की आवश्यकता होगी। वर्ष 2030 के दौरान जल विद्युत अंशदान 1 लाख मेगावाट से अधिक नहीं हो सकता। देश में अच्छी गुणवत्ता वाले कोयले की उपलब्धता भी एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। धीरे-धीरे कोयले के आयात पर निर्भरता बढ़ती

*...* This part of the speech was laid on the Table.

जा रही है। वर्ष 2030 में परमाणु विद्युत 30 हजार मेगावाट से अधिक नहीं प्राप्त हो सकेगा। ऐसी स्थिति में जब तक नवींकरणीय स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और बायोमास आधारित बिजली के बड़े पैमाने पर दोहन करने को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जाता तब तक विद्युत संकट का समाधान संभव नहीं होगा। भारत की सौर, पवन, बायोमास और जल ऊर्जा क्षमता सम्मिलित रूप से 6 लाख मेगावाट से अधिक है। पारम्परिक और गैर पारम्परिक दोनों साधनों से एकीकृत विद्युत सृजन की धारणा को दीर्घकालीन परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। सरकार चाहे तो विद्युत मंत्रालय और गैर पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय को सम्मिलित करते हुए एक स्पष्ट ऊर्जा नीति बना सकती है।

महोदय, केन्द्र सरकार के अनेक लक्ष्यों में से एक लक्ष्य वर्ष 2010 तक देश के सभी घरों को विद्युत उपलब्ध कराना है लेकिन जिस रफ्तार से इस दिशा में काम चल रहा है हम अगले पांच वर्षों में भी इस लक्ष्य को पूरा करने की स्थिति में नहीं हैं। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना केन्द्र सरकार की एक महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना है। इसका बहुत जोर-शोर से प्रचार किया जाता है लेकिन हकीकत कुछ और ही बयान करती हैं। एक तो इस योजना कार्य बहुत धीमा है तथा दूसरे भारी भ्रष्टाचार के चलते मानको की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। माननीय विद्युत मंत्री ने 19 दिसम्बर, 2008 को इसी सदन को सूचना दी थी कि 2005-06 से 2008-09 तक इस योजना के तहत 69 हजार गांवों के विद्युतीकरण का लक्ष्य रखा गया है। इसके विपरीत वर्ष 2008-09 की आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि अभी तक 59 हजार 882 गांवों में बिजली पहुंचा कर गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले 53.78 परिवारों को 31 मार्च, 2009 तक कनेक्शन दे दिये गये हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि 10वीं पंचवर्षीय योजना की 235 चालू परियोजनायें 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान निष्पादित की जानी है। इससे साफ जाहिर है कि इस योजना का कार्य धीमी गति से चल रहा है।

इस योजना के अंतर्गत जिन गांवों का विद्युतीकरण पूरा होना दिखाया गया है उनमें से अधिकांश गांवों मे यह कार्य अधूरा है। कुछ गांवों में बिजली के खंभे गाड़ दिये गये हैं लेकिन तार नहीं लगा है और जहां तार भी लगा दिये गये हैं वहां विद्युत प्रवाह ही नहीं है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में अभी प्रथम चरण का ही कार्य अधूरा पड़ा है क्योंकि राज्य के दो जनपदों को छोड़कर शेष जिलों में अभी तक दूसरी किश्त का पैसा ही नहीं भेजा गया जबकि माननीय विद्युत मंत्री कई बार सदन मे आश्वासन दे चुके हैं। जहां तक मानकों का सवाल है, उसकी पूरी तरह अनदेखी की गई है। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने भारी कमीशन लेकर बड़े ठेकेदारों को काम करने का ठेका दे दिया जिन्होंने कम दर पर छोटे ठेकेदारों (पेटी कान्ट्रैक्टर) को फुटकर में वही काम सौंप दिया। इसका नतीजा यह निकला है कि बिजली के खंभों को गाड़ने के लिए निर्धारित मानक के अनुसार गड्ढे नहीं खोदे गये तथा खराब मसालों (ग्राडटिंग) का प्रयोग किया गया। कई जगहों पर सीमेंट और गिट्टी की जगह मिट्टी तथा ईट के टुकड़ों से ही गड्ढों को भराई कर दी गयी। इसके चलते लाइन चालू होने के पहले ही अनेक खम्भे गिर गये फिर भी अधिकारियों ने उसे ठीक कराने की जगह गांवों को हैंड ओवर कर दिया। उत्तर प्रदेश के गोंडा, बलरामपुर तथा बहराइच आदि जनपदों में ग्राउटिंग की गड़बड़ी से सैंकड़ों खम्भे या तो गिरे पड़े हैं अथवा झुक गए हैं। इसी तरह घटिया किस्म के

ट्रांसफार्मर लगाये गये हैं जो आये दिन जल जाते हैं। 11 हजार के.वी.ए. की लाइन से जनहानि न हो, इसके लिए स्टे इंसुलेटर लगाना अनिवार्य है परन्तु अधिकांश गांवों में इंसुलेटर नहीं लगाया गया है जिससे जन-धन के नुकसान का खतरा बना हुआ है।

अंत में, मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि सरकार बिजली उत्पादन बढ़ाने की दिशा में कारगर और ईमानदार कोशिश करे, पारेषण हानि तथा बिजली चोरी रोकने के लिये प्रभावी कार्यवाही करे, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना की गति को तेज कराते हुए पहले चरण के अधूरे कार्यो को शीघ्र पूरा करावे, निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करे तथा इस योजना में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करे।

इन शब्दों के साथ मैं विद्युत मंत्रालय की अनुदान मांगों का समर्थन करता हूं। *

**श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद):** सभापति महोदय, आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

मैं यह कहना चाहता हूं कि एक भारतीय होने के नाते हमें इस बात का गर्व है कि विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में, चाहे थर्मल हो, हाइड्रो, न्युक्लियर या रिन्युएबल सोर्सेज, सभी को मिलाकर दुनिया में बिजली उत्पादन के मामले में हम पांचवें स्थान पर हैं। हमें इस बात का गर्व है कि हमारा देश 6.6 मिलियन सर्किट किलोमीटर के साथ ट्रांसमिशन और वितरण की दृष्टि से दुनिया का तीसरा बड़ा देश है। लेकिन फिर भी हमारे देश में बिजली की मांग है और हमारी मांग तथा सप्लाई में काफी बड़ा अंतर है। इस संदर्भ में देखा जाए तो हम काफी पीछे हैं। हमारे देश में बिजली की उत्पादन क्षमता लगभग 1,48,000 मेगावाट है। जैसा कि आपने बताया है कि सरकार ने 11वीं पंचवर्षीय योजना में 78,000 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। मैं नहीं समझता कि आप कैसे इस लक्ष्य को पूरा करेंगे। 11वीं पंचवर्षीय योजना का यह तीसरा साल चल रहा है और हम अभी तक मात्र 12,000 मेगावाट तक ही पहुंच पाए हैं यानि प्रतिवर्ष 6000 मेगावाट। यदि इस दर को मान लिया जाए तो हम इस पंचवर्षीय योजना में मुश्किल से 30,000 मेगावाट का ही बिजली उत्पादन कर पाएंगे और अपने लक्ष्य से काफी पीछे रहेंगे। इसलिए मैं विद्युत मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि वह बताएं कि कैसे आप निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करेंगे?

हम बिजली उत्पादन के क्षेत्र में दुनिया में पांचवें स्थान पर जरूर हैं और ट्रांसमिशत तथा वितरण में इंफ्रास्ट्रक्चर के दृष्टिकोण से हमें तीसरा स्थान भले ही हासिल हो, फिर भी हमारे यहां केवल 631 यूनिट प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष है। इस हिसाब से हम चीन से काफी पीछे हैं और दुनिया के विकसित देशों से तो हम 18 से 20 गुना पीछे हैं। इस सम्बन्ध में मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि किसी भी विकसित समाज में ठीक बात है कि बिजली की खपत ज्यादा होती है।

हम 21वीं सदी में जा रहे हैं। बिना बिजली के न तो किसान का काम चलेगा, न मजदूर का काम चलेगा और न ही उद्योग चल सकते हैं। सभापति जी, अगर बिजली न रहे तो हमारी बात भी आप तक और मंत्री जी तक नहीं पहुंच पाएगी। इसलिए बिजली आज के जमाने में आराम की चीज न होकर एक जरूरत हो गई है इसलिए इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बिजली में जो नुकसान हम झेल रहे हैं, उसके आंकड़ों के हिसाब से ट्रांसमिशन और वितरण में 27 प्रतिशत का हमें लॉस है। इसी तरह सात प्रतिशत कलेक्शन लॉस होता है। इन दोनों को मिला दिया जाए और साथ ही व्यावसायिक नुकसान को भी जोड़ दिया जाए, तो हम तक पहुंचने वाली बिजली के लिए अतिरिक्त डेढ़ यूनिट का उत्पादन व्यय आता है। सिर्फ इसी सेक्टर में होने वाला नुकसान हमारी जीडीपी का लगभग चार प्रतिशत है। यह बहुत बड़ा गैप है।

कंसोलिडेटिड फिस्कल डेफिसिट को मूल रूप से राज्यों द्वारा वहन किया जाता है। इस प्रकार की पावर आउटेज और वेस्टेज से वर्ष 2008-2009 में सरकार को पिछले वर्ष 44,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। मैं कहना चाहता हूं कि हम इस लॉस को तो कम कर सकते हैं, उसके लिए क्या उपाय हमारे मंत्री जी ने सोचा है, वह इस बात का खुलासा अपने जवाब में करेंगे, ऐसी मैं उम्मीद करता हूं।

सभापति जी, मैं बिहार राज्य से चुनकर आया हूं इसलिए एक-दो मिनट में वहां की बात कहकर अपना भाषण समाप्त करूंगा। वहां बिजली की स्थिति बहुत खराब है, वैसे तो पूरे देश में ही बिजली की कमी है, लेकिन बिहार में ज्यादा ही कमी है। हम यह चाहते हैं कि केन्द्र हमें इस संदर्भ में विशेष सहयोग दे, मजबूती प्रदान करे। बिहार में 1320 मेगावाट के चार थर्मल पावर प्रोजेक्ट्स लगाने का प्रपोजल है। जिसको कोल-लिंकेज के लिए, वहां की सरकार ने, बीएसीबी ने, 27.6.2006 एवं 3.9.2008 तारीख को प्रोसेसिंग फीस जमा कर दी है। पिरपेंटी 1320 मेगावाट, चौसा 1320 मेगावाट, लखीसराय 1320 मेगावाट और नबीनगर 1980 मेगावाट के लिए कोल-लिंकेजिज अभी तक अवेटेड है, जबकि प्रोसेसिंग फीस जमा है। इसी तरह से नबीनगर में रेल और ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त उपक्रम के तहत 1 हजार मेगावाट का संयंत्र लगाने की स्वीकृति प्राप्त है।

महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं कि 16 अप्रैल 2004 को बिहार के पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने आपको एनओसी दी और उसके चार वर्ष के बाद कैबिनेट की स्वीकृति मिली, कैबिनेट की एप्रूवल मिली। जो काम एक दिन का था, कैबिनेट में ले जाना था, उसको करने में चार साल लगे, तो मैं कैसे समझूं कि भारत सरकार बिजली उत्पादन के क्षेत्र में बहुत गंभीर है और बिजली उत्पादन के मामले में देश को आत्म-निर्भर करना चाहती है।

राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना की चर्चा सभी माननीय सदस्यों ने की है। हम कहना चाहते हैं कि जब किसी गांव का आप विद्युतीकरण करें, वहां बिजली पहुंचाएं तो उसमें कोई कास्टवाइज फैक्टर नहीं होना चाहिए। उसमें एपीएल, बीपीएल का कोई सवाल नहीं होना चाहिए। पूरे गांव में जो भी व्यक्ति बिजली का कनैक्शन लेना चाहे, उसे बिजली दी जानी चाहिए और तीन-फेस की बिजली दी जानी चाहिए। केवल बल्ब जलाने के लिए ही बिजली नहीं दी जानी चाहिए। वह सिंचाई का काम न कर सके, मोटर न चला सके।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Hon. Member, you have already taken seven minutes. There is yet one more Member from your party to speak. Please conclude otherwise, I would not give him the chance to speak.

**श्री सुशील कुमार सिंह :** सर, मुझे एक मिनट का समय और दिया जाए। बिहार में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का दूसरा चरण भी स्वीकृति के लिए लम्बित है। मैं चाहूंगा कि इस चरण की भी स्वीकृति दी जाए। एक बात और कहना चाहूंगा कि जो डीपीआर बना है, उसमें पहले मात्र दस घर को विद्युतीकरण करने का लक्ष्य था और उसी के आधार पर डीपीआर बना। उन दस घरों को विद्युतीकरण करके हम मान लेते हैं कि पूरे गांव को हमने बिजली दे दी। इसमें संशोधन करना चाहिए और जहां भी हम बिजली पहुंचाएं वहां पूरे गांव को बिजली दें। ...(व्यवधान)

**श्री सज्जन वर्मा (देवास):** सभापति महोदय, इतनी उदारता हम लोगों के साथ भी करना।

**श्री सुशील कुमार सिंह :** उसमें भी एक गलत एग्रीमेंट है, वह यह है कि बिहार को जहां से बिजली एलोकेटेड है, तलचर, फरक्का, कहलगांव, ताला और रंगेय और उनके यूनिट फिक्स हैं कि यूनिट नम्बर एक से बिहार को बिजली मिलेगी या दो से मिलेगी या तीन से मिलेगी। जब वे यूनिट मेंटेनेंस में जाता है, रिपेयर होता है तो बंद कर दिया जाता है। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Now, Mr. Sajjan Verma.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record except the speech of Mr. Sajjan Verma.

*(Interruptions) …* *

MR. CHAIRMAN: You may lay your papers on the Table of the House and they would be treated as recorded. If you go on like this, how can I conduct the House? Now, you have already taken eight minutes.

Please take your seat.

---

* Not recorded

**श्री सुशील कुमार सिंह :** मैं अपना शेष भाषण सभा पटल पर रखना चाहता हूं।

*महोदय, मैं विद्युत मंत्रालय के अनुदान की मांगों पर चर्चा में भाग लेने के लिए इस सदन में उपस्थित हुआ हूं।

भारतीय होने के नाते हमें यह जानकर गर्व महसूस होता है कि हमारा देश विद्युत उत्पादन के भिन्न माध्यमों थर्मल, हाइड्रो, न्यूक्लियर तथा रिन्युएबल सोर्सेज को मिलाकर दुनिया के देशों में पांचवे स्थान पर है। हमें इस बात का भी गर्व है कि हमारा देश 6.6 मिलियन सर्किट किलोमीटर के साथ ट्रांसमिशन तथा वितरण की दृष्टि से दुनिया का तीसरा बड़ा देश है।

यद्यपि हम उत्पादन क्षमता के हिसाब से दुनिया में पांचवे तथा ट्रांसमिशन एवं वितरण की इंफ्रास्ट्रक्चर के दृष्टिकोण से तीसरे स्थान पर है फिर भी 631 युनिट प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष की खपत के हिसाब से चीन जैसे देश में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत से आधी से भी कम है। आज भी हमारे लगभग 20 प्रतिशत गांवों तक न सिर्फ बिजली नहीं पहुंच पाई है वरण 30 से 40 करोड़ देशवासी आज भी विद्युत आपूर्ति की सुविधा से महरूम हैं।

अगर हम विकसित देशों से अपने देश में विद्युत आपूर्ति की तुलना करें तो हम पायेंगे कि विकसित देशों में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 1000 युनिट प्रतिवर्ष अथवा 12000 युनिट प्रतिवर्ष है जो हमारे देश में 631 युनिट प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष खपत से कई गुणा अधिक है तथा प्रति व्यक्ति खपत का सालाना अंतर लगभग 11300 युनिट है अथवा यूं कहें कि विकसित देशों में हमारी प्रति व्यक्ति खपत से लगभग 15 से 18 गुना ज्यादा है।

हम जानते हैं कि तकनीकी रूप से विकसित सभी समाजों/देशों में प्रति व्यक्ति आय तथा ऊर्जा की खपत के बीच एक मजबूत गठबंध है। यानि ज्यादातर ऊर्जा की खपत, प्रति व्यक्ति आय अधिक होने का भी द्योतक है। अधिक ऊर्जा का उत्पादन विकास का द्योतक है। बिना ऊर्जा उत्पादन के विकास की प्रक्रिया बाधित होती है तथा हम विकसित देशों की तुलना में काफी पीछे छूट जाते हैं। यह काफी महत्वपूर्ण है।

मैं महसूस करता हूं कि ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में रिफार्म की काफी आवश्यकता है और यह हमारे देश के अर्थतंत्र के लिए एक बड़ी चुनौती भी है। आज हमारे देश में करीब डेढ़ लाख मेगावाट का उत्पादन है। ऐसे में औसतन पॉवर कटौती 9-10 प्रतिशत तथा पीक ऑवर में यह 15-20 प्रतिशत रहती है। आंकड़े

---

*….* This part of the speech was laid on the Table

बताते हैं कि ट्रांसमिशन एवं वितरण में 27 प्रतिशत का नुकसान तथा इसी प्रकार 7 प्रतिशत का कलैक्शन नुकसान होता है। इस प्रकार से अगर ट्रांसमिशन तथा वितरण एवं व्यवसायिक नुकसान को एक साथ मिला दिया जाये तो हम तक पहुंचने वाली प्रति युनिट बिजली के लिये अतिरिक्त डेढ़ युनिट बिजली के लिए अतिरिक्त डेढ़ युनिट का उत्पादन व्यय आता है। सिर्फ इसी सेक्टर में होने वाला नुकसान लगभग हमारी जीडीपी का चार प्रतिशत है।

यह नुकसान कंसेलिडेटेड फिस्कल डेफिसिट मानकर मूल रूप से राज्य द्वारा वहन किया जाता है और इस प्रकार की पॉवर आऊटेज/वेस्टेज के कारण मात्र वर्ष 2008-09 में ही सरकार को 44000 करोड़ का नुकसान हुआ।

सरकार ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन को दुरूस्त करने के लिए कोई कदम उठा रही है या नहीं, पता नहीं। इसी प्रकार कलैक्शन लॉसेज को कैसे कम किया जाये, इस पर भी शीघ्र कुछ करना होगा। 2011-12 में समाप्त होने वाली ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में सरकार ने उत्पादन क्षमता में 78 हजार मेगावाट और बढ़ाने का प्रस्ताव है और 2012-2017 में 12वीं योजना में इसे एक लाख से एक लाख दस हजार मेगावाट तक उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य है। किंतु, 2007-08 तथा 2008-09 में कुल मिलाकर 12000 मेगावाट उत्पादन हुआ है। इस प्रकार हम ग्यारहवीं योजना के लक्ष्य से काफी पीछे चल रहे हैं। समझ में नहीं आता कि सरकार लक्ष्य उत्पादन से 66000 मेगावाट की उत्पादन लक्ष्य आगामी दो वर्षों में कैसे प्राप्त करेंगी।

हम जानते हैं कि हमारे देश में कुल उत्पादन का लगीग 54 प्रतिशत थर्मल, करीब 25 प्रतिशत हाइड्रल, करीब 10 प्रतिशत गैस आधारित, करीब 40 प्रतिशत न्यूक्लियर एनर्जी और 8 प्रतिशत रिन्यूएबुल सोर्सेज से आता है लेकिन हम अभी भी अपनी उत्पादन क्षमता तथा आवश्यकता पूर्ति में काफी पीछे हैं। इसका कारण शायद यह भी है कि हम विद्युत ऊर्जा की उत्पत्ति के अन्यान्य स्रोतों पर ध्यान नहीं दे रहे। मुझे ऐसा लगता है कि हमें जियो थर्मल प्रोसेस (जमीन के अंदर उपलब्ध गैस भंडार) से विद्युत उत्पादन की तकनीक पर ध्यान देना चाहिये। इससे हम अरबों डालर के विदेशा विनिमय की बचत कर पायेंगे क्योंकि अपने थर्मल प्लांटस हमें चलाने के लिए आस्ट्रेलिया इंडोनिशिया एवं मोजाम्बिक जैसे देशों से कोयला आयात पर व्यय नहीं करना होगा। मैं ऐसा कह रहा हूं, इसका मतलब यह कतई नहीं है कि मैं कोयले पर आधारित थर्मल पॉवर प्लांटस के खिलाफ हूं लेकिन मेरा मतलब यह है कि हमें जियो थर्मल जैसे ऊर्जा उत्पादन के तमाम उपलब्ध घरेलू स्रोतों की खोज करने की आवश्यकता है।

ऊर्जा क्षेत्र में बिहार के साथ भेदभाव। बिहार में प्रस्तावित थर्मल पॉवर इकाई जो कोल लिंकेज के इंतजार में है।

पीर पैंती - 1320 मेगावाट, कोल लिंकेज के लिए 27.6.06 को 5लाख रूपये प्रोसेसिंग फीस जमा है।

चौसा - 1320 मेगावाट, 3.09.08 को 5 लाख जमा किया गया।

लक्खीसराय - 1320 मेगावाट, 3.09.08 को 5 लाख जमा किया गया।

क. नवीनगर - 1980 मेगावाट, 5 लाख जमा लिंकेज नहीं मिला।

ख. नवीनगर में रेल और ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त उपक्रम के तहत 1000 मेगावाट का संयंत्र लगाने की स्वीकृति प्राप्त है लेकिन असैनिक कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है। 58 मेगावाट-42 मेगावाट, राज्य का हिस्सा 100 मेगावाट के बदले 58 मेगावाट। इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से 16.04.04 को एन ओ सी मिला, लेकिन लगभग चार वर्षो के बाद केन्द्रीय मंत्री परिषद से इसकी स्वीकृति मिली जो खेद का विषय है और ऊर्जा क्षेत्र में भारत सरकार की चिंता दर्शाती है।

इसके अतिरिक्त बी एस ई बी की मुजफ्फरपुर एवं बरौनी विद्युत उत्पादन इकाइयों के आर एन एम के लिए 1045.9 करोड की आवश्यकता है जिसके विरूद्ध राष्ट्रीय सम विकास योजना के तहत 506.02 करोड़ रूपये की स्वीकृति मिली है। इस कार्य को पूरा करने के लिए 539 करोड़ रूपये और चाहिए जिसका प्रस्ताव भारत सरकार के योजना आयोग में लंबित है।

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में बिहार की दर्जनों पन बिजली परियोजनाओं का प्रस्ताव होने के बावजूद एक भी परियोजना की स्वीकृति बिहार में नहीं मिली।

राजीव गांधी ग्रामीण विद्यानिकेतन योजना - 1. एपीएल - बीपीएल - गांव गांव में संघर्ष।

2. सिंगल फेज - थ्री फेज - कृषि एवं कुटीर उद्योग।

3. द्वितीय चरण की स्वीकृति।

4. बिना विद्युतिकरण किए बोर्ड लगा दिया गया।

5. डी पी आर पेंडिंग।

केन्द्रीय पूल से बिहार को आबंटित बिजली 1580 मेगावाट है परन्तु उपलब्धता मात्र 900 से 950 मेगावाट है। एम टी पी सी का बकाया नहीं जबकि पहले करोड़ों में बकाया था। त्रुटिपूर्ण इकरारनामा - तालचर, फरक्का कहलगांव ताला रंगित, परमाणु करार - थोरियम। *

**श्री सज्जन वर्मा (देवास):** माननीय सभापति महोदय, मुझे यूपीए की सरकार पर गर्व है, जिस सरकार ने सुशील कुमार शिंदे जैसे बहुत ही कुशल प्रबंधक को देश के ऊर्जा विभाग को सौंपा। पिछली यूपीए सरकार में भी वे ऊर्जा मंत्री थे और इस सरकार में भी वे बड़ी दमदारी के साथ काम कर रहे हैं। माननीय सभापति जी, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में इस बात का उल्लेख किया गया कि जो परमाणु डील, हमारे देश ने, अमरीका के साथ की, उसके कारण, हर वर्ष 13000 मेगावाट बिजली हम अपने देश में उत्पादित करेंगे। निश्चित रूप से पांच वर्षों में 70 हजार मेगावाट बिजली बनेगी, तो देश का किसान खुशहाल होगा और देश के उद्योगपति भी देश के विकास में अपना सहयोग दे सकेंगे। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि अरुणाचल प्रदेश के बारे में एक सर्वे रिपोर्ट आई थी, जिसमें कहा गया था कि वहां इतनी सम्भावनाएं हैं कि 60 हजार मेगावाट बिजली बन सकती है। हमें इन बातों पर ध्यान देना पड़ेगा।

महोदय, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि हमारे देश में गैस के बड़े भंडारण मिल रहे हैं। हम उन्हें क्यों प्राइवेट हाथों में दे रहे हैं? हम क्यों नहीं उस गैस से बिजली बनाते हैं? मैं अपने प्रदेश की बात भी आपसे कहना चाहता हूं। राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना इस देश के लिए एक मील का पत्थर साबित हो रही है, लेकिन दुर्भाग्य है कि यह योजना, उन राज्यों में, जहां यूपीए की सरकार नहीं है, वहां सही ढंग से लागू नहीं हो रही है। मैं अपने राज्य मध्य प्रदेश की बात आपसे कहना चाहता हूं। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना बहुत कमजोर स्थिति में है, क्योंकि यह योजना केंद्र सरकार की बनाई हुई है। अभी हमारे साथी ने कहा कि दो साल से उज्जैन डिस्ट्रिक्ट में यह योजना चल रही है, लेकिन आज तक इस योजना का दस प्रतिशत काम भी नहीं हुआ है। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि कम से कम आप हर प्रदेश में एक मोनिटरिंग कमेटी बनाएं। मैं जहां से लोकसभा का चुनाव लड़ता हूं देवास और साझापुर डिस्ट्रिक्ट यह राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना में सम्मिलित नहीं है। आप इन क्षेत्रों को इस योजना के तहत सम्मिलित करने की कृपा करें।

मध्य प्रदेश के अंदर भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। हमारे प्रदेश में 80 हजार किसानों को, जो देश के अन्नदाता कहलाते हैं, प्रदेश की सरकार ने आपराधिक मुकदमे बना कर जेल भेजने की साजिश की। उन्हें विद्युत चोर कहा, मैं सदन में कहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों को तो ऊर्जा विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा करने का हक भी नहीं है, जो इस देश के अन्नदाता को जेल में भेजने का षड्यंत्र रचते हैं। मैं माननीय ऊर्जा मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं, जैसा हमारे पंजाब के साथी ने कहा कि बिजली बोर्डों को भंग कर देना चाहिए। हर प्रदेश में नियामक आयोग बने हैं। नियामक आयोग क्या सही काम कर रहे हैं, क्या प्रदेश सरकार पर नकेल लगा रहे हैं? इस बात की निश्चित रूप से मोनिटरिंग करनी

पड़ेगी, मुझे पता नहीं है कि यह अधिकार है या नहीं, लेकिन नियामक आयोग प्रदेश के अंदर सिर्फ बिजली की दरें बढ़ाने का काम करते हैं। यह नहीं देखते हैं कि वह प्रदेश वास्तव में उन किसानों को, उद्योगपतियों को सही मात्रा में बिजली दे रहा है या नहीं। जब चाहते हैं साल भर में नियामक आयोग रेट बढ़ा देते हैं, लेकिन कभी प्रदेश सरकारों पर दबाव नहीं बनाते हैं कि आप सही रूप से लोगों को बिजली दीजिए, अधिक बिजली दीजिए। मेरा निवेदन माननीय मंत्री जी से है कि राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना की सही ढंग से हर राज्य में मोनिटरिंग कराएं। यह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति बस्तियों के लिए है, जहां गरीब लोग रहते हैं। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार वहां ठीक ढंग से काम नहीं कर रही है। यदि आप हम जैसे लोगों को मोनिटरिंग कमेटी में रखेंगे, तो ऐसी सरकारों पर हम नकेल लगाएंगे।

*SHRI C. L. RUALA (MIZORAM): Mr. Chairman Sir, we are living in computer age. All of our offices function with the help of computers. Our computers cannot work unless we have power supply. Therefore, power is essential to the rapid developmental work. Sir, your office cannot function without power supply. You have to see that your office has continuous supply of power.

Sir my constituency Mizoram is one of the power starved states in the country. We have many rivers from where we can generate hundreds of MW of power. But it is very unfortunate that we are still to depend on power availability of NE Grid which is not reliable throughout the year. It is mostly seasonal. During lean period only one third of our requirement was allotted many time consequent to low generation at generating stations.

Sir, I want to convey a message through you to the honourable Power Minister that Tuivai Hydro Electric Project of 210 MW capacity was proposed for Viability Gap Funding (VGF) to the department of Economic Affairs (DEA), Ministry of Finance in 2006. Ministry of Power (MOP) Government of India recommended the project for availing VGF to DEA in February 2007. But it is unfortunate that the matter is still pending.

Sir, honourable Chief Minister of Mizoram has written to Pranab ji, the Union Minister for Finance in February 2009 for early favourable decision of according 'in principle' approval of VGF for Tuivial HEP but till date no favourable action has been taken in this regard. Sir, through you may I request honourable Union Minister for power to help us to get VGF for Tuival HEP. For

* Speech was laid on the Table

Annual Plan 2009-2010 for Mizoram in Planning Commission recommended allocation of Rs 80.00 crore for implementing of Tuival HEP during annual plan (2009-2010) in case the project gets viability gap funding.

*__श्री भूदेव चौधरी (जमुई):__ महोदया, विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में पूरे देश में मच रहे हाहाकार पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। आज के परिवेश मे बिजली आम लोगों का सबसे आवश्यक आवश्यकता हो गयी है। बिजली के बिना किसी भी क्षेत्र में विकास की परिकल्पना करना दिवा स्वप्न के अलावा कुछ नहीं हो सकता। पूरे देश में से बिहार की स्थिति विद्युत ऊर्जा के मामले में काफी दयनीय है।

महोदया, देश के कई राज्य ऐसे भी है जहां की गांव का शत प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। वहीं बिहार के आज भी 18,395 गांव विद्युतीकरण से वंचित है। केन्द्र सरकार द्वारा राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना चलायी जा रही है, परन्तु लक्ष्य के अनुरूप कार्य न होना बिहार के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत ग्रामीण विद्युतीकरण के दिशा में जो कार्य हो रहा है। धरातल पर इसकी सत्यता जानकर सदन को घोर आश्चर्य होगा। विद्युतीकरण के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है। आधिसंख्य गांव में एक फेज का लाईन और 10 के0वी0 का ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। जो कि विद्युत सप्लाई के पश्चात् महीने भर में ही जल जाता है। अथवा किसी न किसी तरह की तकनीकी गड़बड़ी हो जाती है। साथ ही इस बात का भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कि विद्युतीकृत गांव में विद्युत का सप्लाई कहां से होगा। महोदया, बिहार में उद्योग का घोर अभाव है। यहां के अस्सी प्रतिशत जनसंख्या खेती पर निर्भर है। सरकार द्वारा डीजल का दाम बढ़ाने, उर्वरकों पर से सब्सिडी हटाने के बाद किसानों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। सामने सुखाड़ की स्थिति साफ दिख रही है। ऐसी परिस्थिति में किसानों को सिर्फ बिजली उपलब्ध हो जाती तो किसान हर दर्द को सहने में सक्षम हो जाता परन्तु विद्युतीकरण हो या अन्य जनोपयोगी योजना बिहार के साथ सदैव सौतेला व्यवहार होता रहा है, और सरकार द्वारा आंकड़ों के खेल में उलझाकर प्रदेश की निरीह जनता को अपने हाल पर रोने के लिए छोड़ दिया जाता है। आजादी के 62 वर्षों के बाद भी अगर बिहार हर क्षेत्र में पिछड़ा है तो इसका दोषी कौन है ? देश और प्रदेश में अधिसंख्य वर्षों तक कांग्रेस या कांग्रेस की समर्थित सरकार ही रही, परंतु पूरे देश में से विद्युतीकरण के मामले में उड़ीसा और झारखंड के बाद बिहार की ही दयनीय स्थिति है ।

महोदया, विगत सरकार के शासन काल में इसी सदन में परमाणु संधि को लेकर जो स्थिति बनी उसके लिए पूरा सदन शर्मसार हो गया था, फिर भी सरकार बची, संधि पर हस्ताक्षर भी हुआ, और सरकारी बयान सबसे ज्यादा उर्जा के क्षेत्र में देश की संपन्नता को लेकर इस संधि को महत्वपूर्ण बताने के परिप्रेक्ष्य में आता रहा । हम सदन के माध्यम से जानना चाहेगें कि देश विद्युत

* Speech was laid on the Table.

उर्जा के क्षेत्र में कब तक सुसंपन्न हो सकेगा ? क्या बिहार में परमाणु उर्जा संयंत्र लगाने के विषय में सरकार अभिरूची रखती है ? बिहार के विकास के बिना देश का विका संभव है ? अगर सिर्फ केन्द्र और राज्य सरकार के कार्यों पर आरोप प्रत्यरोप ही होता रहा तो इस सदन की निष्पक्षता पर संदेह उत्पन्न होना स्वाभाविक होगा ।

महोदया, बिहार विभाजन के बाद शेष बिहार को औसत आवश्यकता से अधिक विद्युत भी केन्द्र सरकार से उपलब्ध नही हो पा रहा है । बिहार सरकार के माननीय मुख्य मंत्री नितिश कुमार विद्युत उर्जा के उत्पादन के मामले में काफी गंभीर है । ये बिहार को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं, किन्तु केन्द्र की उदारतापूर्वक मदद की आवश्यकता है । वर्तमान समय में बिहार की स्थिति काफी बदली है, कई निजी कंपनी बिहार में विद्युत संयंत्र लगाने को तैयार है । पर केन्द्र से इस दिशा में जो मदद मिलनी चाए वह नहीं मिल पा रहा है । खास कर बिहार को कोल लींकेज न मिलना बिहार के लिये केन्द्र सरकार के मन में उपेक्षा की भावना को साफ परिलक्षित करता है । मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि बिहार में विद्युत उपलब्धता के लिये थर्मल पावर स्थापना की जायें केन्द्र द्वारा बिजली का कोटा तत्काल बढ़ाया जाये । राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत सभी गांव में तीन फेज लाईन और उच्च्व शक्ति ट्रांसफार्मर लगाया जाये ताकि किसान सिचाईं कार्यों के लिए विद्युत का उपयोग कर सके । बिहार मे जो भी कंपनी बिजली घर लगाना चाहे उसे केन्द्र से आवश्यक सहयोग के साथ-साथ शीघ्र कोल लिंकेज दिया जाये ।

महोदया, बिहार में पनबिजली उत्पादन की अपार संभावनाए है, कोसी नदी जो नेपाल से निकल कर हर वर्ष बिहार की उतरी इलाके में तबाही मचाती है, नेपाल सरकार से वार्ता कर उसे बांध कर एक तरफ सिचाई का साधन उपलब्ध कराया जा सकता है । तो दूसरी ओर इससे प्रचुर मात्रा में बिजली उत्पादन भी होगा । जरूरता है, केन्द्र सरकार की सकारात्मक पहल और बिहार के पिछड़ेपन को दूर करनी की प्रबल इच्छा शक्ति । अतएव सरकार से बार-बार अनुरोध करना चाहूंगा कि अंकगणित के मकर जल से निकल कर देश और बिहार प्रदेश की गरीब जनता के दर्द को समझ कर उसका समुचित प्रयास किया जाय ।

महोदया, अन्य राज्यों की तरह अगर बिहार को और कुछ नही तो सिर्फ विद्युत उर्जा के मामले में सुसंपन्न कर दिया जाय, यहां के किसानों को 24 घंटे निर्वाध बिजली उपलब्ध् होती रहे, तो बिहार कृषि के बूते देश की आर्थिक विकास की दर को लक्ष्य तक पहुचाने में किसी राज्य से

पीछे नही रहेगा । पूरा सदन इस बात से सहमत है कि बिहार हर क्षेत्र में पिछड़ा हुआ राज्य है, तो मैं समझता हू बिहार के पिछड़ेपन को दूर करने के लिये विशेष पैकेज देने में पूरा सदन बिहार की मांग का समर्थन करेंगा । अतः बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देकर वहां की जनता को उचित हक प्रदान किया जाय ।

मैं अपने लोक सभा क्षेत्र जमुई में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के हाल का एक छोटा सा नमुना पेश करना चाहूंगा जुमुई जिला में 1273 गांवों में विद्युतीकरण का लक्ष्य था जिसमें एक भी गांव में विद्युतीकरण नही हो सका इसी जिले में चार पावर सब-स्टेशन लगाने था जिसमें से एक भी अब तक बनकर तैयार नही हो सकता पावर ग्रिड के पदाधिकारी सिर्फ टालमटोल का रवैया अपना रहे हैं ।

महोदया, जमुई लोक सभा क्षेत्र में सभी संसाधन उपलब्ध है यथ पानी के लियें भींम बांध जैसे बड़ा जलाशय कोयला के लिये झारखंड का अत्यंत नजदीक होना ढुलाई के लिये रेलवे लाइन उपलब्ध होना, थर्मल पावर प्लांट लगाने के लिये प्रर्याप्त जमीन उपलब्ध होना । मैं माननीय उर्जा मंत्री से जमुई में एक उच्च शक्ति थर्मल पावर प्लांट लगाने का निवेदन करता हूं आशा है, माननीय मंत्री मेरे प्रस्ताव पर गंभीरतापूर्वक विचार करेंगे ।

दो बंद पड़े ताप विद्युत संयंत्रों ने अभी तक विद्युत उत्पादन करना शुरू नहीं किया है । बरौनी और कांटी ताप विद्युत संयंत्र का पुनरूद्धार कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है । उनकी पुरानी पड़ चुकी मशीनरी को बदलकर नए लगाए जाएं और उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ाइ जाए ।

राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एन.टी.पी.सी) और राज्य सरकार के बीच नबीनगर औरंगाबाद में 1980 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, पर यह कब पूरा होगा, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है, और क्या इतने भर से राज्य की बिजली की जरूरतें पूरी हो जाएंगी और अधिक बिजली उत्पादन के लिए संयंत्र स्थापित किए जाएं, इसके लिए बिहार सरकार की मदद की जाए । अभी बिहार की कुल स्थापित क्षमता 584 मेगावाट की ही है जबकि जरूरत इससे काफी अधिक है । मुजफ्फरपुर बंद पड़ा है और बरौनी में केवल 30 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है । राज्य को बिजली की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है । बिहार में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 60 किलोवाट प्रति वर्ष है जबकि राष्ट्रीय औसत 354.75 किलोवाट प्रतिवर्ष है । इतने भारी अंतर को पाटने के लिए केन्द्र सरकार बिहार को कितनी राशि की सहायता दे रही है ।

बिहार राज्य बिजली बोर्ड को भारी वित्तीय घाटे का सामना करना पड़ रहा है । इसकी स्थापना लागत 51.71 करोड़ रू. प्रति माह है जबकि इसका मासिक घाटा 107 करोड़ रू. का है । राजसहायता प्रदान कर बोर्ड के वित्तीय हाल को दुरूस्त किया जाए ।

राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत गांवों का जो विद्युतीकरण किया जा रहा है उनमें बिहार में 29.02.2008 की स्थिति के अनुसार 18395 गांवों में अभी तक बिजली नहीं पहुंचाई गई है ।

बी.पी.एल. कनेक्शन के अंतर्गत अनुदान राशि को 1500 रू. से बढ़ाकर 2200 रू. किया गया यह पर्याप्त नहीं है । इसे बढ़ाकर 3500 रू. किया जाए ।

आर जी जी वी वाइ के अंतर्गत गांवों में 10, 16 ओर 25 किलोवाट के ट्रांसफर्मर लगाए जा रहे हैं । ये पर्याप्त नहीं हैं । इनकी क्षमता बढ़ाई जाए ताकि कृषि कार्य में लोगों को सुविधा हो सके । सिर्फ बत्ती जलाना पर्याप्त नहीं होगा, किसानों को मदद भी मिलनी चाहिए ।

राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना में बीपीएल के साथ-साथ एपीएल के लोगों को भी शामिल किया जाए । बिहार में मंजूर लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार को बिहार को और अधिक मदद देनी चाहिए ताकि परियोजना को शीघ्रता से पूरा किया जा सके । राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत बिहार को मात्र 1619 करोड़ रूपये ही प्रदान किये गये । इस राशि को बढ़ा कर 3 हजार करोड़ रू. किया जाए और उचित बिजली वितरण की व्यवस्था की जाए ।

*SHRI THOL THIRUMAAVALAVAN (CHIDAMBARAM): Mr. Chairman, Sir, I express my heartfelt thanks to the Chair for giving me an opportunity to speak on the Demands for Grants of the Ministry of Power. While greeting the Chair and esteemed colleagues in this august House, let me put forth my views on behalf of our party, Viduthalai Chiruththaigal Katchi.

Electricity helps the world to move and glow. A country that can be in the forefront in power generation can excel in industrial growth with a strong economy. We know that our country lags behind in the Comity of Nations when it comes to power generation. Though we have enormous resources and vast potential for power generation, we have not evolved ways and means to utilize them to an optimum level. We do not have enough of infrastructure facilities. That is one reason why we are still a developing economy at the face of growth. Thousands of our hamlets and small villages in the remotest parts of the country have not seen electricity even today and that is why we remain backward still. I would like to point out that major part of our country is still in the dark. That is why the previous rulers who claimed that India Shines were shunted out of power for they failed to provide needed power to the needy.

Benjamin Franklin, Michael Faraday and Thomas Alva Edison invented the ways and means to produce electricity and make use of it for the welfare of mankind. The findings of those great scientists have not reached many of our Indian villages even after their advent 300 years ago. The Government of India must take it upon itself, as its primary duty, the providing of power supply to every tiny hamlet and small village situated even in the remotest parts of our country. That is one reason why the present Government aims at power for all. We are evolving schemes motivated by this visionary approach envisaged in the 11th Five Year Plan.

---

* English translation of the speech originally delivered in Tamil

People from all sections and walks of the society must be part of growth and must meet with growth which we call inclusive growth and equitable development. This is the avowed policy of the UPA Government at the Centre. At the same time, we have to admit that many of our States and most of our villages are reeling under severe power shortage. The Government of India has come out with several plans to enhance power generation. Hydro power projects, thermal power projects, wind energy projects, solar energy projects are all contemplated and several new schemes have been announced. Ultra Mega Power Projects have also been announced. Cheyyur and Cuddalore in Tamil Nadu have been identified for the setting up of these power projects. But unfortunately it is kept pending.

For instance, 10 years have elapsed since the announcement of Koodankulam Nuclear Power Project. Still it is to be criticalised. Power production is yet to commence. It is still time consuming. The project is yet to be completed. We understand that there is an agreement with Russia to go in for 8,000 MW power generation project. We do not know its fate now.

Jayankondam Thermal Power Project was announced and it is yet to be established to commence production. We feel that the Southern States like Kerala, Andhra Pradesh, Karnataka and Tamil Nadu are being ignored. Abundant natural gas reserve is available in Krishna-Godavari Basin. The enormous amount of natural gas available in Bombay High is supplied through pipelines to places in the Northern parts of the country. Northern States are getting supply from them. I urge upon the Union Government to see that the natural gas available in Krishna-Godavari Basin is made available to the States in the Southern part of the country. But I find that Reliance, Gujarat Petroleum Company and ONGC are chalking out plans to take away the natural gas from Krishna-Godavari Basin to Northern States. I understand that Reliance is going ahead with its plan to take away the natural gas from there to Gujarat and other Northern States and pipelines are being laid across the Southern States to take it away to the North. In 2007, it was agreed that the natural gas available there would be given to Andhra Pradesh and Tamil

Nadu, but that has been put aside. Our Chief Minister of Tamil Nadu Dr. Kalaignar Karunanidhi took it up with the Prime Minister Dr. Manmohan Singh. But unfortunately I do not find any scheme as a conciliatory measure. The project to lay a pipeline via Kakinada, Nellore and Chennai has been shelved.

Our Prime Minister has been emphasizing on inclusive growth. Our Finance Minister Shri Pranab Mukherjee has also reiterated that. But I do not find a scheme that will translate their zeal into an action plan. I would like to urge upon the Union Government that no region should be left out or ignored. All the States in our country must have equal opportunity to grow equally. All the States must be treated equally. Proper plans must be evolved to ensure energy security and availability.

As far as Tamil Nadu is concerned, there is no other public sector power generation plant other than Neyveli Lignite Corporation. NTPC is there, NHPC is there and I do not find any of these organizations coming out with any scheme that would benefit Tamil Nadu. I urge upon the Union Government to impress upon these Central PSUs to evolve plans and schemes to set up power generation units in Tamil Nadu and other Southern States to ensure industrial growth and economic development. A major share of the power generated from NLC must be supplied to Tamil Nadu which faces severe power scarcity.

About 5,000 contract labour in NLC, who remain so for long, are yet to be in included in INCOSERVE society and regularized. I urge upon the Government to make them permanent workers. They must form part of the recognized society. When I took it up with our Power Minister Shri Sushilkumar Shinde, he said that NLC comes under the Coal Ministry. I would like to request the hon. Minister to take steps to take over the power plant there under the Power Ministry. Power generation is the mainstay

there. Hence, it would be justifiable to bring NLC under the Power Ministry. Power projects must be evolved and announced to benefit all the Southern States

including Tamil Nadu to go in for power generation in a big way to match the increasing need for power.

Thanking the Chair again for giving me this opportunity, let me conclude.

**श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद):** माननीय सभापति महोदय, मैं ऊर्जा विभाग की अनुदान की मांगों के संबंध में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं अपने उद्बोधन में सबसे पहले माननीय प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह जी, यूपीए की चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी जी और ऊर्जा मंत्री श्री शिंदे जी को बधाई देता हूं कि उन्होंने ऊर्जा विभाग के लिए ज्यादा राशि देकर देश में ऊर्जा के संकट को दूर किया है। हिन्दुस्तान में पिछले पांच-छः वर्षों से एनटीपीसी के माध्यम से बेहतर काम करने की कोशिश की गई है। मैं विशेष रूप से प्रधानमंत्री जी का आभारी हूं कि उन्होंने अपने दौरे के समय मध्य प्रदेश के इन्दौर में नरसिंहपुर जिले में 42000 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एनटीपीसी प्रोजेक्ट की घोषणा की थी। मैं इसके लिए अपने उद्बोधन में आदरपूर्वक धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं। मेरा माननीय ऊर्जा मंत्री जी से अनुरोध है कि एनटीपीसी प्रोजेक्ट का काम शीघ्र चालू करें जिससे मध्य प्रदेश में विद्युत संकट को शीघ्र दूर किया जा सके। राजीव गांधी ग्राम विद्युतीकरण योजना के बारे में सम्माननीय सांसद महोदय ने बहुत विस्तारपूर्वक चर्चा की है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में यह योजना लागू की गई है। जैसा हमारे साथी ने जिक्र किया, चूंकि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और इस योजना का नाम स्वर्गीय नेता माननीय राजीव गांधी जी के नाम पर है इसलिए जिन जिलों में यह योजना लागू की गई है, वहां सुचारु रूप से इसका संचालन नहीं किया जा रहा है, क्रियान्वयन सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। मेरा निवेदन है कि जिन जिलों में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना लागू की गई है वहां केंद्र सीधे दखल देकर इस योजना का सुचारु रूप से संचालन करे। मैं मध्य प्रदेश की बात कहना चाहता हूं। वहां पिछले पांच सालों में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जहां हम एक तरफ गरीबों को एक बत्ती कनैक्शन देने की बात कहते हैं वहां दूसरी तरफ गरीबों का एक बत्ती कनैक्शन काटकर उन पर हजारों रुपए के हिसाब से बिल लाद दिए गए हैं। उन पर अपराध पंजीबद्ध किये जा रहे हैं। जहां हम किसानों को बिजली देने की बात करते हैं, वहां मध्य प्रदेश के हजारों किसानों पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रकरण पंजीबद्ध कर दिये हैं और उन्हें जेल में डालने की कार्रवाई की जा रही है। मेरा सदन से निवेदन है कि ऐसी अनियमित कार्रवाइयों पर रोक लगाई जानी चाहिए। जिन किसानों ने अपने कनैक्शंस पी.डी. करने का आवेदन किया है, जो किसान बिजली के बिल नहीं दे पा रहे हैं, उन्होंने निवेदन किया है कि हमारा कनैक्शन पी.डी. कर दिया जाए। लेकिन बजाय उनका कनैक्शन पी.डी. करने के उनके बिल लगातार बढ़ाये जा रहे हैं और एक-एक किसान पर एक-एक लाख रुपये तक का बिल बकाया है। इस संबंध में केन्द्र सरकार को दखलंदाजी देकर प्रदेश सरकार की नीतियों पर अंकुश लगाना चाहिए।

महोदय, मध्य प्रदेश में एक और विसंगति भारी मात्रा में हो रही है। यह बहुत गम्भीर विषय है। देश में सर्वाधिक यदि कोई प्रदेश बिजली के संकट से जूझ रहा है तो वह मध्य प्रदेश जूझ रहा है। लेकिन वहां जो किसान बिजली का बिल दे रहा है, उस किसान की लाइन भी काटी जा रही है और जो किसान बिजली का बिल नहीं दे रहा है, उसकी लाइन भी काटी जा रही है। इस बारे में केन्द्र सरकार से निर्देश जारी होना चाहिए कि जो किसान बिजली का बिल दे रहा है, जो मकान मालिक बिजली के बिल का नियमित भुगतान कर रहा है, उसे सुचारू रुप से बिजली प्रदान की जाए। मैं समझता हूं कि इस हेतु सदन से निर्देश जारी होना चाहिए।

सभापति महोदय, हमारे जिले में प्राइवेट सैक्टर में एक विद्युत संयंत्र की स्थापना की शुरूआत हो रही है। मेरी प्रार्थना है कि 10-10,15-15 मेगावाट के छोटे संयंत्र अन्य जिलों में भी लगाए जाएं, जिससे कि हमारे क्षेत्र में बिजली का संकट दूर हो सके।

महोदय, कोयले के नाम पर मध्य प्रदेश में बहुत ढिंढोरा पीटा जाता है। वहां भारतीय जनता पार्टी के मुख्य मंत्री कहते हैं कि हमें कोयला नहीं मिल रहा है, इसलिए हम बिजली नहीं दे पा रहे हैं। मैं माननीय ऊर्जा मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि अपने जवाब में इस बात का उल्लेख जरूर करें कि जब एनडीए की सरकार थी तब मध्य प्रदेश को कितना कोयला मिलता था और हमारी यूपीए की सरकार में हम कोयले की मात्रा बढ़ाकर दे रहे हैं, इसके बाद भी लगातार प्रदेश की सरकार कोयले के नाम पर अपना रोना रोकर पूरे प्रदेश में माहौल को खराब करने की कोशिश करती रहती है।

मैं सदन में पुनः अपनी ओर से माननीय ऊर्जा मंत्री महोदय को हार्दिक धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने देश में बिजली के संकट को दूर करने के लिए अपनी ओर से बहुत बेहतर प्रयास किया है।

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर):** सभापति महोदय, मेरी पार्टी की तरफ से पहले भी कई वक्ता अपनी बातें यहां रख चुके हैं। लेकिन बिहार में एनटीपीसी का एक ही थर्मल पावर प्लान्ट जो अभी चल रहा है, वह मेरे लोक सभा क्षेत्र भागलपुर के कहलगांव में है। मैं मंत्री जी को याद दिलाना चाहता हूं कि पिछली सरकार में भी जब आप मंत्री थे तो आप कहलगांव गये थे। लेकिन वहां जहां से बिजली बनती है, उसके चारों तरफ अंधेरा रहता है। वहां से बिजली बनकर दिल्ली और पंजाब जाती है। लेकिन बिहार में बिजली बनती है और जहां जरूरत है, वहां आप हमें जो बिजली दे रहे हैं, वह ताल से दे रहे हैं, तालचर से दे रहे हैं। हमारा अनुरोध है कि जब बिहार में बिजली का संकट है और यदि आपने बिहार का कोटा बढ़ाना है तो जो बिजली बिहार के कहलगांव में बन रही है, वह बिजली आपको बिहार को देनी चाहिए।

दूसरी बात मैं मंत्री जी को याद दिलाना चाहता हूं कि आपने भागलपुर में घोषणा की थी कि यहां पर एक हजार मेगावाट का एक बिजलीघर और लगायेंगे। मैं चाहता हूं कि आप अपने जवाब में उसके बारे में जरूर जिक्र करें। इसके अलावा मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि जहां पर बिजली बनती है, वहां उसका पॉल्यूशन बहुत फैलता है, आसपास लोग बिजली देखते हैं और चारों तरफ अंधेरा रहता है। आज भागलपुर में आपने बिजलीघर बना दिया, लेकिन जो लैंड लूजर्स हैं, उन्हें आज भी मुआवजा नहीं मिला। आज भी वे दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। नंदीग्राम का सबक देश देख चुका है। मेरा अनुरोध है कि लैंड लूजर्स को आपका जो रोजगार देने का वायदा है, वह पूरा करना चाहिए। मुझे लगता है कि कांग्रेस के लोग बिहार के लोगों से ज्यादा नाराज हैं, क्योंकि एनडीए ने वहां अच्छी सफलता प्राप्त की है। आपको वहां पर दो सीटें ही मिली हैं। मंत्रिमंडल में तो अंधेरा है ही, क्योंकि बिहार का एक भी चिराग मंत्रिमंडल में नहीं जलता है और यह पहली ऐसी कैबिनेट है कि जिसमें कोई बिहारी बैठता नहीं है। ...(व्यवधान)

**विद्युत मंत्री (श्री सुशीलकुमार शिंदे):** अध्यक्ष महोदया बिहार की हैं। ...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** मैं कैबिनेट की बात कर रहा हूं। खान साहब को भी मौका नहीं मिला। खान साहब आपका भी नाम नहीं है। ...(व्यवधान) जो टोका-टोकी है, मैं तो सिर्फ याद दिलाने के लिए ख़ड़ा हुआ हूं, सभापति जी, यह मेरा भाषण नहीं है, चूंकि मंत्री जी जवाब देंगे, इसलिए मैं इनका जवाब सुनने के लिए आया हूं और मैं इंतजार कर रहा हूं क्योंकि आप मैन ऑफ वर्ड्स माने जाते हैं।

**19.00 hrs.**

आप कमिटमेंट के लिए जाने जाते हैं। आप भागलपुर के कहलगांव के लैंड लॉस्टियों को न्याय देंगे। हमने मांग की थी कि 10 किलोमीटर की रेडियस में जो गांव हैं, उन्हें बिजली सुलभ करायें। यह हमारा आपसे अनुरोध है। हम एक लाइन में आपसे एक बात कहना चाहते हैं कि अभी चुनाव से पहले आपके मंत्रालय ने बहुत अच्छा काम किया है। कोई कितनी भी आलोचना करे, मैं आलोचना नहीं करूंगा। राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना गांव-गांव में पहुंची है। बल्ब जले या न जले, लेकिन आपने बोर्ड बहुत अच्छे लगा दिये हैं, सब जगह राजीव गांधी जी की फोटो है और बोर्ड लगे हैं। आपने गांव में बल्ब नहीं जलाया है बल्कि बहुत कीमती लोहे का बोर्ड लगाया है, जो प्रिन्टिड है। आपके नेता की उस बोर्ड पर फोटो है, यह आपके नेता के नाम की योजना है। बिहार में सिर्फ बोर्ड लगा है, बल्ब नहीं जल रहा है। मुझे आशा है कि आप बिहार के लोगों के साथ न्याय करेंगे और बिहार को बिजली देंगे।

SHRI J.M. AARON RASHID (THENI): Thank you very much for the opportunity given to me to speak. I rise to support the Demands for Grants on Power Ministry.

Our country is facing severe power shortage now. Every State is under acute shortage of power. Tamil Nadu is no exception to this. The total power generating capacity available to Tamil Nadu is around 10,100 MW, which comprises of 5,597 MW from the TNEB.

**श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह (मुंगेर):** खान साहब, आपको भी मंत्री नहीं बनाया गया है।

MR. CHAIRMAN : Let him speak.

SHRI J.M. AARON RASHID : About 5,597 MW is from the TNEB's own power generating stations and 1,154 MW is from private sector power plants. About 335 MW is with the assistance from the Central sector power generating stations. Apart from this, a total capacity of 3,693 MW is available from windmills in power sector.

**श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह :** महोदय, इनकी स्पीच ले करा दीजिए।

MR. CHAIRMAN : He will conclude in one minute. Let him speak.

SHRI J.M. AARON RASHID : In the whole of the country, Tamil Nadu is producing more power from windmills. About 451.6 MW is produced from co-generation power plants and 104.85 MW is from biomass plants, to cover power shortage.

Thanks to our UPA Government for having given 1000 MW of power initially and 500 MW later, to Tamil Nadu in the last tenure under the guidance of Madam Sonia Gandhiji and our hon. Minister, Shri Shinde; I thank them for having given that much power from the Central grid to Tamil Nadu.

The maximum peak demand has reached nearly 9,076 MW last year and the growth of energy consumption is expected to be of the order of nine per cent per annum. Tamil Nadu consumes 180 million units of electricity every day. The expected demand in 2008-09 was estimated to be 9,500 MW. The sustained peak demand for power has been growing up at a fast pace year by year.

We are in a desperate situation of overcoming this acute shortage of power crisis and the Central Government has to take special steps to fulfill the needs of power. The Government is trying its maximum to bridge the shortage by purchasing power from other States and encouraging use of captive power by industries.

**19.04 hrs.**

(Shri P.C. Chacko *in the Chair*)

Wind power should kick in the summer months and it is providing relief to the people. To encourage private power generating organizations to increase power generating capacity, Tamil Nadu has an installed capacity of 7,845 MW. Most of the windmills are located in the windy southern districts like Kanyakumari and Theni, and also in the hilly districts of Coimbatore and the districts bordering Coimbatore. The gross wind power potential in Tamil Nadu was estimated to be 3,500 MW a few years ago.

MR. CHAIRMAN : You can lay the balance of your speech on the Table of the House.

SHRI J.M. AARON RASHID : I will conclude in a minute.

MR. CHAIRMAN : Anyway, you are reading out your speech. So, you can lay it on the Table. Thank you for your speech.

SHRI J.M. AARON RASHID (THENI): Just a minute.

Sir, in Tamil Nadu, power consumption has increased because of increase in the per capita income of the people. Every household is having mixi, grinder, fridge and air-conditioner. Children will not sleep without switching on the fan. So, power is a must for the people.… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Do not provoke him otherwise he may take more time. Wind up please.

SHRI J.M. AARON RASHID : Sir, India has an installed capacity of 8748 MW and Tamil Nadu being the leader in wind power has 44 per cent share in the total installations.

Sir, I would lay the rest of my speech on the Table of the House.

* During 2008-09, under State Sector, the Periyar Vaigai Barrage Projects, 17 Power House to be started in phase-1 (2x2MW), 2(2x1.25MW) and phase-4 (2x1.25 MW) totaling 9 MW will be commissioned. Under the Central sector, the second unit of 220 MW capacity from the Kaiga Atomic Power Station, Stage II and the first unit of 1000 MW capacity of Kudankulam Atomic Power Project, Stage I, will be comissioned during 2008-09. A share of 53 MW and 463 MW respectively will be made available to TNEB from the above two projects'. **WHEN WILL THIS HAPPEN!**

"The Government of Tamil Nadu is encouraging establishment of coastal thermal power plants under Merchant Power Plant route. Letters of facilitation have been issued to 10 firms for esablishment of power projects under Merchant Power Plant route for total capacity of 17,140 MW. Further, more than 10 applications for establishment of merchant power plants for another 15000 MW are under the active consideration of the Government. If the Central and State Governments give required clearances in time so as to start the Project at an early date, only then the Power shortage of Tamil Nadu will go".

Multi National Companies can be invited MoU signed for a minimum period of 5 years, by which uninterrupted power supply through which lakhs and lakhs of unemployed youths will get employment. Growing of new housing colonies is also one of the main reasons for shortage. The Govt. has already been kind enough to give 1 light unit to BPL (Below Poverty Line Familes); the weaving community (handloom & powerloom weavers) upto 500 unit of free current. Free power for agriculture; and more than few thousand applications are pending for new agriculture connections, for the last many years.

If the Govt. can give 2000 MW more Power to Tamil Nadu the State Govt. from the Central Grid, can help the Agriculture sector. Power produced in

---

*...* This part of the Speech was laid on the Table.

Neyveli Lignite Corpn. (NLC) is given to the adjourning States. In Tamil Nadu due to the deep shortage of Power, Central Govt. should sanction atleast 80% of current produced in NLC to Tamil Nadu. Because of shortage of Coal, Tamil Nadu Power producing units are disturbed in a big way. The Central Govt. should involve a formula for continuous supply of Coal to these units. Tamil Nadu being a vast area, Kanya Kumari District, is the largest Power producing District; especially Wind Power Generation can also be used to a production of more than 1500 MW from Kanya Kumari.

In my Constituency, Andipatti & Bodi are having good Wind with high speed. Wind flow is in a very high velocity, which the Govt. can explore the possiblity of opening Wind Generation Units in these MLA constituencies. Already Govt. & Private Units have put wind generation units in Andipatti. I request you to put the wind power generation Units in Bodi Assembly Constitutency also.

Tamil Nadu under the leadership of Hon'ble Chief Minister, Dr. M. Karunanidhi is doing its best to cotrol, to minimize, the Power shortage, helping the poor households and farmers. They are facing power cut for more than an hour or two in a day. To avoid this power cut the Central Govt. has given more Power from its Power grid to Maharashtra and Madhya Pradesh.

Sir, in my Constituency, Periyar Dam and other Dams(Suruli & Manimutharu) are also used for producing Current. In these most of the time many of the Units are facing closure because of poor maintenance and want additional funding to buy new generation equipments and spares. Layer camp Power house producing only 98 mw instead of its capacity of 140 MW i.e. 4x35 MW. One Unit is on shut down for maintenance.

I request the Central Govt. to send a team of competent officer's to access the actual situation and proper funding to be given to run the hydro power

generation units, so that repair and replacement can be done at early so as restart power generation.

In Neyveli Unit all the Units are not functioning by which a big labour problem is going there. 5000 employees are working for more than 10 years and they have not been regularized. In the past few months the Labour Unions have shown their protest by way of agitation in the concerned CMD and officials are not considering their genuine requests. I request the Central Govt. to look into the Labour problems and please solve the same; as so many times many assurances have been given at the time of negotiations between the officials and labour unions but nothing has carried out.

I request their demands request to be considered sympathetically and the labour issues have to be settled peacefully so that power generation will go in full level.

Power Ministry under the able leadership of Shri Sushilkumar Shinde, under the auspicious guidance of HOn'ble Madam Sonia Gandhiji and Prime Minister Dr. Manmohan Singh; NTPC, NHPC, Power Grid Companies are doing great service. NTPC joint venture with TNEB, Power Plant was inaugurated in Ennore (for production of 2 x 500 MW) by Hon'ble Power Minister Shri Sushilkumar Shinde, Tamil Nadu Power Minister Shri Arcot Veerasamy, which was attended by Dy. C.M. Shri M.K. Stalin. But the work is not going to the expected level. The Udangudi 2x800 MW Power Plant – a joint venture with BHEL is also on papers. WHEN WILL IT START ! The Govt. should ensue and see that the work be finished in time and power generation be started immediately. Same way Koodangulam Project and many Power Generation Programmes are only on paper.

I request the Govt. to take immediate steps to see the Power Generation be started and uninterrupted Power supply be given to agriculture units and poor house holds.

With these words I conclude, I welcome the Hon'ble Ministers strenuouis steps in improving our vast country's power generation and pit head my humble suggestion's as :

1 Govt. should encourage pit head plants.

2 Increasing the power generation in the reservoirs area.

3 More wind turbines be installed, by giving more subsidy to plant more wind energy.

4 Subsidized coal be given to small power generators who are producing less than 50 MW power.

5 Gas to be provided to the small power generators, who are producing less than 20 MW in the Cauvery basin.

6 To avoid power theft & transmission losses, some mechanism should be evolved for regulating this.

With these words I conclude. If these things be implemented in war footing manner; our country will become a flourishing country with full of electricity, prosperity and Industrial and Agricultural will boom.*

SHRI SANSUMA KHUNGGUR BWISWMUTHIARY (KOKRAJHAR): Thank you, Sir, for giving me this opportunity to participate in the discussion held on the Demands for Grants under the control of the Ministry of Power. While participating in the debate and discussion held on the Demands for Grants under the control of the Ministry of Power for 2009-2010. I would like to submit some of my critical observations with regard to very grim and deplorable power situation in relation to our Bodoland area and the problems being faced by the people. Through you, Sir, I would like to draw the kind attention of the Hon. Minister of Power to the deplorable capacity of Assam Government in the matter of producing power.

As on today, the Assam Government's Public Undertaking, Assam State Electricity Board, which is the power generation capacity is only 200 MW. This 200 MW is being generated from three power plants. One is Lokowa Gas Turbine based plant which produces only 80 MW. Second is Namrup Gas Turbine based power plant which generates only 70 MW. Third is Karbi-Langpi Hydel Power Project which generates only 50 MW. In total, ASEB generates only 200 MW. In peak hour the total requirement for the whole state of Assam is anywhere between 900 and 1000 MW. Maximum quantum of power has to be purchased from outside market. The Government of India has been generating huge quantum of power in the Northeastern region as well as in Bhutan. वह पावर हमारे बोडोलैन्ड ऊपर से ही पश्चिम की तरफ आती है लेकिन हमें नहीं दी जाती है। इसलिए मैं मांग करता हूँ कि भारत सरकार की तरफ से कम से कम हमारे बोडोलैंड एरिया में जितनी छोटी-बड़ी नद-नदियाँ हैं, उन पर मैगा हाइड्रो इलैक्ट्रिक पावर प्रोजैक्ट्स और मिनी पावर प्रोजैक्ट्स की स्थापना की जाए। इसके लिए कम से कम 1000 करोड़ रुपये की धनराशि का आबंटन बहुत ज़रूरी है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में सालाकती नाम की एक जगह में एनटीपीसी 750 मैगावाट क्षमता का एक नया प्लांट लगाने जा रही है। उसको टाइम से कमीशन करने के लिए उचित कदम उठाने पड़ेंगे।

मैं एक बहुत गंभीर मामले की ओर आपके ज़रिये मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। हमारे कोकराझार जिले के लिए राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना कुछ साल पहले सैंक्शन हुई थी।

उसका 2007 में दो बार टैण्डर हो चुका था। पहला टैण्डर 9 जुलाई, 2007 में हुआ। दूसरी बार 2007 के सितम्बर महीने में हुआ। वह सारे जिले के लिए सिंगल पैकेज में था, लेकिन 30 मार्च, 2008 को उसे तीन पैकेज में बांटा गया।

तीन में से बी पैकेज को किसी एक कम्पनी को दे दिया गया।"A" और "B" दो पैकेज के लिए 17 अप्रैल 2009 को पावर ग्रिड कार्पोरेशन के अण्डर टेण्डर हो चुका है। लेकिन आज ही अचानक मुझे मालूम चला है कि उन दो पैकेजिस को असम इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड को दिया गया है। मैं कहना चाहता हूं कि Assam State Electricity Board is already a failed public undertaking. It cannot provide any good service to the people of my Bodoland Territory. So, I would like to appeal to the hon. Union Minister of Power that this package should not be given to the Assam Electricity Board. Rather, it should be given to the Power Grid Corporation of India Limited itself. वे लोग बहाना बना रहे हैं कि कोखराझार जिले में पावर ग्रिड कार्पोरेशन की तरफ से काम देखने के लिए कोई अफसर नहीं है। लेकिन कोखराझार जिले के अलावा...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Mr. Bwiswmuthiary, please take your seat. Your time is over. If you want to lay rest of your speech on the Table of the House, you can do so.

SHRI SANSUMA KHUNGGUR BWISWMUTHIARY : Sir, I am laying rest of my speech on the Table of the House.

* Hon'ble Chairman, Sir, I am grateful to you for giving me this opportunity to participate in the debate and discussion held on the Demands for Grant under the control of the Ministry of power for 2009-2010. I rise to support the Demands for Grants sought for by the Hon'ble Union Minister of power, and at the same time, I would like to submit my critical observation on certain issues that relate to the deplorable condition and grim situation on power sector in relation to Assam State.

---

*…* This part of the speech was laid on the Table

I would like draw the kind attention of the Hon'ble Union Minster of power to the untold troubles and miseries of the people of the whole State of Assam, particularly, the people of our Bodoland territory due to the deplorable state of affairs in respect of supplying power to the people by the Assam State Electricity Board(ASEB) for favour of his kind perusal and appropriate actions to address the concerned issues in question.

As on today, ASEB can produce only 200 MW out of existing 3 power generating plants whereas the demand for power in peak hour in the whole state stands at anywhere between 900 MW and 1000 MW. The following table shows the present capacity of power generation of the existing 3 power plants under ASEB which is quite in sufficient for the whole State of Assam.

1. Lakowa Gas Turbine based plant – 80 MW out of 120 MW projected capacity;
2. Namrup Gas Turbine bas power plant – 70 MW out of 120 MW-projected capacity; and
3. Karbi-Langpi Hydel Power project- 50 out of 100 MW projected capacity

In addition to the aforementioned, 3 power plants, ASEB have had two more power projects i.e. Bongaigaon Thermal power station. Salakati(BTPs of 210 MW) and Chadarapur Thermal power project(30 MW). These two power plants remained closed since 10-12 years back. In view of the above situation, as on today, ASEB keeps buying another 560 MW from outside market. 510 MW is being purchased from NEEPCO and 50 MW is being purchased from Power Grid Corporation of India Ltd. (PECIL) and NTPCL. This situation clearly indicates the shortage of 140 MW in case the demands for power in peak hour stands at 900 MW. Sir, I am extremely sorry to say that due to the deplorable power supply situation, majority villages within our Bodoland territory have been still languishing in darkness like anything.

I would like to earnestly request the Hon'ble Union Minister of Power to address the following long pending demands without any further more delay.

The NTPC power plant of 750 MW of Sakkoti in the district of Kokrajhar, BTAD should be commissioned within time-frame by 2010’

Out of the total power generation of NTPC, Sakkoti at last 500 MW power should be kept reserved for Bodoland territory and the necessary mechanism for distribution of this power within Bodoland should be created by the NTPCL itself;

The Government should take appropriate steps to set up Mega and Mini Hydro-electrical power projects on certain viable rivers in the up-stream within Bodoland territory;

The Central Government of India should take necessary steps to sanction minimum of Rs.50000 crore for undertaking new power projects within our backward Bodo-Tribal area i.e. Bodoland Territorial Areas District (BTAD);

The Central Government should take pro-action policy decision to provide power supply free of cost to the farmers of Bodoland Territory'

The Ministry of Power should direct forthwith the concerned authorities of PGCIL, Gurgaon to impement the RGGVY for Kokrajhar district within Bodoland territory under its own monitoring system. The demand made by ASEB for getting assigned the works on implementation of this concerned project should not be conceded to the reason being, the quality and standard of works of PGCIL is far better than that of the ASEB;

The Government of India should take necessary steps to provide transformers free of cost to the Tribal villages within Boldoland territory in particular, and also within other districts of Assam too;

The Ministry of Power should direct forthwith the concerned authority of Assam State Electricity Board (ASEB) to implement all the projects under RGGVY sanctioned for different districts in Assam within time-frame;

The Ministry of Power also should take necessary steps to sanction additional amount of the required central fund amounting to Rs.500 crore to

help ensure the implementation of RGGVY projects in the left out tribal villages too within Bodoland Territory with immediate effect and

The Centre should create a `North-Eastern Power Corporation Ltd'.*

**श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर):** महोदय, देश में बिजली की अभूतपूर्व कमी है। सभी सांसदों ने बिजली की कमी के बारे में सदन में कहा है। अनेक सांसदों ने कहा है कि हमारी सरकार इतनी गंभीर स्थिति पर भी गंभीर नहीं है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि पिछली बार इसी सरकार ने बिजली की कमी को देखते हुए अमरीका के साथ परमाणु समझौता किया था और यह कहा था कि हम जल्दी बिजली उपलब्ध करवाएंगे, लेकिन परमाणु से बिजली आने में 10-15 साल लगेंगे। सरकार ने यह भी कहा था कि देश में अल्ट्रा पावर प्रोजेक्ट लगाए जाएंगे। लेकिन अभी तक एक भी प्रोजेक्ट नहीं लगा है। सरकार ने अपनी वाह-वाही के लिए यह सब कहा था।

महोदय, माननीय मंत्री जी महाराष्ट्र से ही आते हैं और मैं आपको बताना चाहता हूं कि देश में सबसे ज्यादा बिजली की कमी महाराष्ट्र में है। वहां 40 प्रतिशत बिजली की कमी है। 6500 मेगावाट बिजली की कमी होने के कारण महाराष्ट्र में रोजगार कम हो रहा है, उत्पादन कम हो रहा है, जिसके कारण बेरोजगारी बढ़ रही है। किसानों को बिजली के कनैक्शन नहीं मिल रहे हैं। यदि मंत्री जी इसके लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराते हैं, तो मैं उनकी बात से सहमत हूं। राज्य सरकार द्वारा यदि बिजली नहीं दी जा रही है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि केन्द्र सरकार को मदद नहीं करनी चाहिए।

महोदय, मैं जिस क्षेत्र से से आता हूं, वहां एक पावर प्लांट है, जिसकी बिजली उत्पादन क्षमता 2340 मेगावाट की है, लेकिन वहां कभी भी 2340 मेगावाट बिजली नहीं बनी है। उसकी क्षमता के अनुसार कभी बिजली नहीं बनती है। इसका परिणाम यह है कि महाराष्ट्र के प्लांट की क्षमता यदि 13 हजार मेगावाट है, लेकिन बिजली का उत्पादन सात-आठ हजार मेगावाट ही होता है। देश के सभी पावर प्लांट्स में पूरी क्षमता से बिजली निर्माण हो, इसके लिए आपको मोनिटरिंग करनी चाहिए। राज्य सरकार अथवा उनके बोर्डों पर निर्भर न रहे। देश में बिजली की कमी से पूरा देश त्रस्त है, परेशानी बढ़ रही है। अनेक कारखानों में तीन की जगह दो शिफ्टों में काम होने की वजह से लोगों को काम नहीं मिल रहा है और बेरोजगारी बढ़ रही है। यह एक गंभीर विषय है।

महोदय, यहां कोयला मंत्री नहीं हैं। देश के बिजली घरों को कोयला नहीं दिया जा रहा है, लेकिन ट्रैडर्स को कोयला नीलाम किया जा रहा है। ऐसा कहीं नहीं होता है। इस मामले को ऊर्जा मंत्री जी को गंभीरता से लेना चाहिए। कोयला बिजली घरों को पहले दिया जाना चाहिए। शरद यादव जी ने कहा कि जितने कोयले के ब्लॉक्स का आवंटन किया जा रहा है, उनमें से सिर्फ 20 प्रतिशत ही बिजली घरों के लिए दिए गए। 80 प्रतिशत कोयला निजी लोगों को दिया गया। यह गंभीर विषय इसलिए है, क्योंकि बिजली की

इतनी कमी होने के बावजूद सरकार गंभीर नहीं है। सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए और जितने भी राज्य सरकार के प्लांट हैं, उनके नियंत्रण के लिए...(व्यवधान) मैं कोयला मंत्रालय की एक बात बताना चाहता हूं।...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आप कोयले के बारे में नहीं, पावर के बारे में बोलिए।

**श्री हंसराज गं. अहीर :** सभापति महोदय, पावर प्रोजेक्ट को कोयला नहीं दिया जा रहा है। 90 प्रतिशत कोयला दिया जाता है और कहा जाता है कि दस प्रतिशत कोयला विदेश से आयात किया जाए। यह कौन सी नीति है, जब देश में पावर प्लांट टोप प्रायरटी पर चलता है तो बाहर से कोयला लाने के लिए क्यों कहा जाता है?

सभापति महोदय, मैं महाराष्ट्र के बारे में कहना चाहता हूं। मेरा एक ही मुद्दा है कि हमारे नागपुर में मोदा प्रोजेक्ट एक हजार मेगावाट का एनटीपीसी का बन रहा है, जिसके बनने के लिए आपने स्वीकार किया था। जब कि इन्होंने पहले कहा था कि दो हजार मेगावाट का बनेगा। इसके लिए मैं मांग करता हूं कि उसका विस्तार किया जाए, उसे दो हजार मेगावाट का बनाया जाए। देश में सबसे अधिक किसानों ने जहा आत्महत्या की है, वह यवतमाल जिला है, जो मेरे क्षेत्र में आता है। मैं मंत्री महोदय से विनती करता हूं कि एनटीपीसी का एक हजार मेगावाट का प्लांट यवतमाल जिले में बनाया जाए। मेरे यहां निजी पावर प्लांट के उदघाटन में मंत्री जी आए थे।...(व्यवधान) वर्धा पावर प्लांट के लिए मंत्री जी ने मंच पर घोषणा की थी कि जिस जिले में बिजली का उत्पादन होता है, जहां पावर प्लांट है, उस जिले में लोड शेडिंग नहीं होगी। आपने वहां यह घोषणा की थी, मेरे पास उसकी सी.डी. भी है। मैं विनती करूंगा कि आप जब जवाब देंगे तो यह भी कहिए कि जिस जिले में बिजली बनती है, उस जिले में बिजली की कटौती नहीं होगी, इस बारे में आप घोषणा करें।

**श्री तूफ़ानी सरोज (मछलीशहर):** सभापति महोदय, आपने मुझे इस चर्चा में भाग लेने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद। जैसा कि विशेष सूत्रों से पता चला है कि देश में आगामी 25 साल के बाद कोयले के भंडारण में बड़े पैमाने पर कमी आने की संभावना है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि पनबिजली एनएचपीसी योजना पर अभी से अगर विशेष ध्यान दिया जाएगा तो भविष्य में कोयले से उत्पन्न होने वाला जो संकट है, उससे हम निजात पा सकेंगे।

मैं आपका ध्यान टिहरी डेम की तरफ ले जाना चाहूंगा, जो लगभग 25 साल से बन रहा है। वहां 2400 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य तय किया गया था, लेकिन आज तक एक हजार मेगावाट तक ही लक्ष्य पहुंच पाया है। अगर बरसात की कमी ज्यादा हो गई तो भी उत्पादन में कमी हो जाती है। मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जो 1400 मेगावाट उत्पादन का लक्ष्य है, वह कब तक पूरा होगा और इसमें देरी क्यों हो रही है?

मैं पनबिजली के बारे में मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहूंगा। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, नेपाल और भूटान के पास के क्षेत्र बहुत ही उपयुक्त हैं। जैसे कि बिहार के हमारे साथियों ने ध्यान दिलाया कि अगर वहां बिजली के संयंत्र लगा दिए जाएं तो बाढ़ से भी बचाव होगा और जब डेम बनेंगे तो उससे किसानों को बड़े पैमाने पर सिंचाई के साधन मिलेंगे। मैं आपका ध्यान भाखड़ा-नंगल बांध की तरफ दिलाना चाहता हूं, जो लगभग तीन सौ करोड़ से बना था। आज उसका फायदा कई प्रांतों को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश में 15 वर्षों में 1826 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि मात्र 420 मेगावाट उत्पादन की क्षमता स्थापित हुई। मैं माननीय मुलायम सिंह यादव जी को बहुत धन्यवाद देता हूं कि उत्तर प्रदेश को पूरी बिजली मुहैया कराने के लिए उन्होंने दादरी में बहुत बड़ा प्लांट लगाने का कार्य किया और वह लग भी गया, लेकिन कतिपय कारणों से गैस कनैक्शन या गैस के रेट न तय हो पाने की वजह से या जो भी कोई पोलिटीकल मेटर रहा हो, उससे उत्तर प्रदेश की बहुत बड़ी क्षति हुई है। मैं मंत्री जी से चाहूंगा कि उसमें जो भी बाधा हो, उसे अगर आप दूर करेंगे तो उत्तर प्रदेश के किसानों के हर खेत में पानी पहुंचेगा। हमने बिजली के लिए पूरे देश के किसानों को मुफ्त में बिजली मिले, जिससे देश का विकास हो, इसके लिए हमने आपको अविश्वास प्रस्ताव के समय साथ दिया था।

माननीय सभापति महोदय, शहर और गांव में बिजली देने में बहुत भेदभाव किया जाता है। शहरों में ही नहीं, गांवों में भी लोग रहते हैं। गांवों में बड़े पैमाने पर कटौती कर के शहरों में बिजली दी जाती है। वहां अगर एक दिन बिजली नहीं रहती है, तो हाहाकार मच जाता है। गांवों में महीनों बिजली नहीं रहती है, लेकिन अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगती।

महोदय, विद्युत उत्पादन का जो लक्ष्य प्रति वर्ष रखा जाता है, हमेशा देखा जाता है कि वह आधा भी पूरा नहीं होता है। मैं बिजली चोरी के संबंध में कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में स्थानीय कर्मचारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर बिजली की चोरी होती है। अगर इस पर आप रोक लगाएं, तो निश्चित तौर से रैवेन्यू की बढ़ोत्तरी होगी।

महोदय, मैं माननीय मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि आज भी उत्तर प्रदेश में डेढ़ लाख परिवारों के लोग ढिबरी की रोशनी में जीने का काम करते हैं। ढिबरी, यानी एक प्रकार का चिराग होता है, जिसमें मिट्टी का तेल डालकर रोशनी की जाती है। मैं आपसे जानना चाहता हूं कि इन डेढ़ लाख परिवारों को आप कब तक बिजली देने का काम करेंगे?

महोदय, अन्त में, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में जो किसान निजी नलकूप लगाने का काम करते हैं, उन किसानों को तार और खम्बे का जो एस्टीमेट बनता है, उस पर सब्सिडी दीजिए, ताकि वे निजी नलकूपों के माध्यम से अपने खेतों की सिंचाई कर सकें।

महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री सुशीलकुमार शिंदे :** सभापति महोदय, मैं सभी माननीय सदस्यों का बहुत-बहुत आभारी हूं।

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** मंत्री जी, आपके द्वारा हिन्दी में अपना भाषण शुरू करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री सुशीलकुमार शिंदे :** ऊर्जा मंत्रालय की अनुदान की मांगों पर हमारे साथी श्री उदय सिंह जी ने अपना भाषण बिहार से शुरू किया और उसका आखिरी भाषण उत्तर प्रदेश के श्री तूफानी सरोज ने किया। इस प्रकार देखें, तो एक परिक्रमा पूरी हो गई। बिहार से प्रारम्भ होकर, उत्तर प्रदेश में, बिहार के नजदीक हम फिर आ पहुंचे और इन मांगों का अंतिम भाषण श्री तूफानी सरोज का हुआ। चूंकि यह राष्ट्रीय चिन्ता का विषय है, यह कोई एक प्रान्त का विषय नहीं है, इसलिए मैं सभी माननीय सदस्यों को पुनः बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं।

महोदय, तीन साल पहले मैं इस विभाग में आया, प्रधान मंत्री जी ने मुझे बुलाया। मैं गवर्नर था वहां से मुझे आमंत्रित किया और फरवरी, 2006 में मैंने ऊर्जा मंत्री के रूप में चार्ज लिया। अब तक मुझे केवल तीन ही साल हुए हैं। जब 10वीं पंचवर्षीय योजना की समाप्ति में लगभग एक वर्ष ही शेष था, तब मैं इस मंत्रालय में आया था। जब 10वीं पंचवर्षीय योजना खत्म हो गई, तब मैंने रिव्यू करना शुरू किया कि कहां हमारी गलती हुई, जिसके कारण हम विद्युत उत्पादन क्षमता का लक्ष्य पूरा नहीं कर पाए। किसी को तो यह देखना ही पड़ेगा, क्योंकि मैं भी आप जैसा ही एक सदस्य हूं, चाहे इधर बैठूं या ऊधर। मैंने यह सब देखा, इसमें इंट्रौस्पैक्शन किया और कई चीजें इसमें पूछीं तथा जहां गलती थी, उसे करैक्ट करने का प्रयास किया।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहूंगा कि आठवीं, नौवीं और 10वीं पंचवर्षीय योजनाओं, यानी तीन पंचवर्षीय योजनाओं में हमारे देश में बिजली उत्पादन की कैपेसिटी में कितना एडीशन हुआ। विगत 15 सालों में हमारे देश ने केवल 56 हजार मैगावाट कैपेसिटी निर्मित की। हमारे उदय सिंह जी और कई अन्य माननीय साथियों ने इस पर टीका-टिप्पणी की और कहा कि विद्युत को कन्करेंट लिस्ट में इसलिए लाया गया, ताकि केन्द्र सरकार इस बारे में कड़ाई से काम कर सके। इसीलिए मैंने 10वीं पंचवर्षीय योजना के अन्त में, देश के सभी विद्युत मंत्रियों, मुख्य मंत्रियों और अन्त में प्रधान मंत्री को बुलाया और सबसे विनती की कि जब तक राज्य बिजली निर्माण नहीं करेंगे, तब तक बिजली निर्माण का काम नहीं हो पाएगा, क्योंकि भारत सरकार तो इस संबंध में सप्लीमेंट्री काम करती है।

आज देश में पूरा काम देखा जाये तो आज बिजली की इतनी कमी है कि मैं आपको कैसे बताऊं कि हम इसको पूरा करने के लिए कैसे प्रयास कर रहे हैं। हमने रिव्यू लिया, इंट्रोस्पैक्शन किया। यह सबसे महत्वपूर्ण बात थी कि दसवीं पंचवर्षीय योजना में एक महत्वपूर्ण बात हमारे ख्याल में आ गई कि 41,110 मैगावाट टार्गेट किया, लेकिन 20 हजार के ही ऑर्डर्स हमने वहां बुक किये थे और बाकी बचे हुए 21 हजार मैगावाट की मशीनरी के ऑर्डर्स ही नहीं हो पाये थे। इसलिए जब हम 11वीं पंचवर्षीय योजना की बात कर रहे थे, तब सबसे पहला हमने काम किया कि दसवीं पंचवर्षीय योजना के आखिरी साल में उसके ऑर्डर्स देना शुरू कर दिया और यह प्लान कर दिया कि 78,755 मैगावाट का हमने एक टार्गेट रखा है। आज इस घड़ी तक 11वीं योजना में काम के लिए 80 हजार मैगावाट के ऑर्डर्स दिये जा चुके हैं।

काम नहीं हुआ है, यह बात नहीं हुई है, क्योंकि यह हम सब की चिन्ता है, हमारी भी है।...(व्यवधान) मैं बताऊंगा, मैं सब बताता हूं। यू.पी. का तो पूरा बताऊंगा, ऐसे छोड़ूंगा नहीं। मैं सब के बारे में बताऊंगा, लेकिन पहले मुझे एक्सप्लेन तो करने दो, ताकि आपको पूरी बात पता चल सके और मेरे सभी साथी मुझे सहयोग दे सकें। जो आपने मुख्यमंत्री का बताया तो कई मुख्यमंत्रियों को मैंने लास्ट ईयर सर्कुलर भेजा कि ये सब हमारे जो सांसद हैं, एम.एल.ए. हैं, उनको आप मोनेटरिंग कमेटी में ले लें। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का इसी सदन में मैंने चार दिन पहले बोला था। इसको कई चीफ मिनिस्टर्स ने लिया है। महाराष्ट्र में लिया है, उत्तर प्रदेश में नहीं लिया है, बिहार का मुझे पता नहीं है कि बिहार में लिया है कि नहीं लिया है। लेकिन अभी मैं आपको आश्वस्त करता हूं, आप सब लोगों का यह कहना है तो मैं अगले हफ्ते में सभी चीफ मिनिस्टर्स को एक और चिट्ठी लिखूंगा कि हाउस में जो हमारे सब साथी हैं, उनको आप नहीं बुलाते हो, उनसे मालूमात भी नहीं करते हो। हमने कमेटी में मोनेटरिंग करने का काम उनको दिया है। मैं खुद उसमें चिट्ठी लिखूंगा। मैं आपसे जाते-जाते बस इतना ही कहूंगा।

मैं आपको यह बताऊंगा कि जब हम यह सब मोनेटरिंग कर रहे थे तो यह ख्याल में आ गया कि हमारे देश में एक ही बिजली की मशीनरी उत्पादन करने का कारखाना है, जो BHEL है, जिसकी कैपेसिटी 6 हजार मैगावाट की है और हम हर साल बड़ी तादाद में 10-15 हजार मैगावाट बिजली क्षमता जोड़ने जा रहे हैं तो हम इसको कैसे कॉप-अप करेंगे। हमारी सरकार की यह फैक्टरी है। आज देखा जाये तो सभी ऑर्डर्स चाइना में जा रहे हैं, कहीं फ्रांस में जा रहे हैं, कहीं जर्मनी में जा रहे हैं, लेकिन इसमें यहां दिक्कतें आ रही थीं। हमने उनके साथ बैठकर भी तय किया कि यहां ज्यादा मशीनरी लगानी चाहिए। इसके लिए हम आपको जो भी मदद करनी है, ऑर्डर्स देने हैं तो ऑर्डर्स भी हम दे देंगे। यह बात हमने कर दी।

आज मुझे इस बात की खुशी है कि भेल का प्रोडक्शन 10 हजार मैगावाट तक जा रहा है और यह 11वीं पंचवर्षीय योजना में 15 हजार मैगावाट तक चला जायेगा।

यहीं हमने रोक नहीं लगाई, क्योंकि यह कम्पीटीशन का युग है। सन् 2003 में जो इलैक्ट्रिसिटी एक्ट की बात आप कह रहे हैं, जिसमें बिडिंग प्रोसीजर और कम्पीटीशन पर एक तो सस्ती बिजली देने का और अनइंट्रप्टिड बिजली देने का वचन हमने इस देश को दिया है। चाहे सरकार किसी की भी हो, सन् 2003 में तो हम नहीं थे, लेकिन इस देश को आश्वस्त किया है, हम कैरीफारवर्ड कर रहे हैं तो यह नहीं बोल रहे हैं कि वह सरकार बी.जे.पी. की थी और हम नहीं करेंगे। यह देश की, राष्ट्र की चिन्ता है। उसके लिए हम काम करेंगे और जब BHEL में हमें और भी ज्यादा मदद चाहिए थी तो हमने यह विचार किया कि इंडीजिनस ट्रांसफर ऑफ टैक्नोलोजी क्यों न हम कर दें। बाहर के, परदेस के बहुत अच्छे लोग यहां आ रहे हैं, एल्सटॉम है, सीमेंस है, अन्साल्डो (Ansaldo) है, तोशीबा है तो हमने वह प्रयास भी किया और आज मुझे इस सदन को बताने में खुशी हो रही है कि आज 4-5 बाहर के कारखाने जोइंट सैक्टर में भारत में आ रहे हैं। एक कारखाना एम.एच.आई. का आ रहा है, वह जापान का है, लार्सन एंड टूब्रो के साथ उनका एग्रीमेंट हो गया है और उसका काम भी हमारे गुजरात में शुरू हो गया है।

दूसरी फैक्ट्री आ रही है, जो एल्सटाम के साथ है, भारत फोर्ज हमारे देश की बड़ी कंपनी है, उसके साथ एग्रीमेंट हो गया है, तीसरा तोशीबा का जेएसडब्ल्यू के साथ एग्रीमेंट हो गया है, अंसाल्डो का मेरे ख्याल से "G B Engg" के साथ एग्रीमेंट हो गया है और सीमेंस का भेल कंपनी से एग्रीमेंट हो गया है। इस तरह मशीनरी बनाने वाले जो कारखाने हैं, इसके लिए हमने यह भी प्रयास किया है और सबसे बड़ी बात यह है कि बैलेंस आफ प्लांट की बड़ी तकलीफ होती है। कारखाना तैयार है, लेकिन ऐश हैंडलिंग प्लांट और एयरकंडीशन प्लांट, आदि नहीं होते हैं, कारखाना रेडी है, पर बैलेंस आफ प्लांट नहीं होता है। इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं कि ये जो पांच-छः कारखाने आ रहे हैं, उनमें से एक-दो कारखाने को बोल रहे हैं कि concentrate on only one product so that everybody will run after them and they will get full security of orders also.

यह युग सुपर क्रिटिकल का है। हमारे साथी ने यहां कहा था कि कार्बन बचाने के लिए हमें प्रयत्न करना होगा और जब क्लाइमेट चेंज की बात कर रहे हैं, कल ही अमेरिका के कई प्रमुख लोग और डाक्टर टॉड मेरे साथ चर्चा कर रहे थे। मैंने कहा कि भारत जरूर इस तरह की प्रगति कर रहा है कि सुपर क्रिटिकल 660, 800 और 1,000 मेगावाट यूनिटों की ओर जा रहा है। फिलहाल 250 मेगावाट यूनिट की हमारी जो मशीनरी बनाने की क्षमता थी, वह पांच सौ तक बढ़ी और पांच सौ से बढ़कर आज भेल 660

सुपर क्रिटिकल बनाने के काम में लगा है। हमें इस बात का गर्व है कि भारत इस तरह की टेक्नॉलाजी ट्रांसफर करके, इस तरह की बड़ी-बड़ी मशीन्स बनाने जा रहा है। हमने सब तरफ से इसे इकट्ठा करने का प्रयास किया है।

मेरे भी दिल में भी यह आता था कि जब हम कर नहीं पाते तो इतना बड़ा टारगेट क्यों लेते हैं? 41,110 का टारगेट ले लिया, तो 21,180 ही किया, लेकिन ऐसा नहीं है, जब तक हम बड़ा टारगेट नहीं रखते हैं, तब तक हम उस स्टेज पर नहीं जा पायेंगे, क्योंकि कई बार इसमें स्लिपेज होते हैं। स्लिपेज इसलिए होते हैं, कई बार गैस नहीं मिलती है, कई बार मशीनें नहीं मिलती है, कई बार जमीन और पानी मिलने में देर होती है। जब स्लिपेज होते हैं, तो एचीवमेंट में भी कमी आती है। ग्यारहवीं योजना के लिए 78,700 मेगावाट का हमने यहां टारगेट किया, 80,000 मेगावाट के हमने आर्डर्स बुक कर दिए, लेकिन आज भी हमारे दिल में यह डर है क्योंकि हम 78,000 तक नहीं पहुंच पायेंगे । मैं इस सदन को आश्वासित करना चाहता हूं कि जिस तरह से हम मानिटरिंग कर रहे हैं, मैं बताना चाहूंगा कि हमने एक ऐसा ग्रुप मानिटरिंग करने के लिए बनाया है, चाहे थर्मल हो, चाहे हाइड्रो हो, आजकल हम न्यूक्लियर पर नहीं जाते हैं, लेकिन हाइड्रो और थर्मल पर जाते हैं। कुछ सीनियर इंजीनियर्स हैं, चाहे प्राइवेट हों या गवर्नमेंट की यूनिट्स हों, वहां जाकर मानिटरिंग कर रहे हैं। ये ऐसे मानिटरिंग करते हैं कि वहां उनको पैसा मिला या नहीं, इस बैंकिंग से पैसा मिल रहा है या नहीं, क्या उससे काम रूका है, उनको कोल लिंकेज मिला है या नहीं, गैस मिली है या नहीं, जमीन मिली है या नहीं, कुछ दूसरी एडमिनिस्ट्रेटिव अड़चनें आ रही हैं या नहीं, इस तरह की मानिटरिंग करने के लिए हमने रिटायर्ड आफीसर्स की एक कमेटी बनायी है। डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी इसकी हर महीने बैठक करते हैं और मैं हर तीन महीने में उसकी बैठक लेता हूं। मानिटरिंग करते वक्त जब मैं खुद मानिटरिंग करता हूं, जब मुझे लगा कि थोड़ा सा स्लिपेज हो रहा है, तो मैंने यह सोचा कि जैसे किसी भी देश में वार चालू होता है, तो उस देश के रिटायर्ड जनरल्स को बुलाया जाता है। मेरे डिपार्टमेंट में पहले जो छः-सात पावर सेक्रेटरी थे, उन सभी को मैंने बुलाया और एडवाइजर टू मिनिस्टर कहकर उनका एप्वाइंटमेंट किया है, शायद आज ही उनके आर्डर्स निकले होंगे। वह चाहे शाही जी हो, राजदान हो, पंडित हो, अब्राहम हो, कुछ और भी हैं, एक कोल मिनिस्ट्री से सेक्रेटरी लिया है और फिक्की से भी एक लिया है।

सी आई आई से भी एक लिया है कि वे हमें एडवाइस करें ताकि पता लगे कि हम कहां हैं। हम खुल्लम-खुल्ला चर्चा करना चाहते हैं, ऐसा नहीं है कि छुपाकर करना चाहते हैं। हम इसे देश की प्रगति के लिए करना चाहते हैं।

राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण के मामले में आप जो चिन्ता प्रकट कर रहे थे, मुझे इस बात की खुशी है। आपने उन्हें हम सबका नेता बोला। मैं आपको धन्यवाद दूंगा क्योंकि आप पावर मिनिस्टर रहे हैं। मैंने सिंह साहब का भाषण बहुत गौर से सुना। मैं बता रहा था कि एडवाइस करने के लिए मैंने एक कमेटी बनाई है, क्योंकि हमारा टास्क फोर्स से भी कभी चूक हो सकती है। जो सीनियर सैक्रेटरी थे, उन्होंने इस डिपार्टमैंट को चलाया है। उन्हें पता लगेगा कि कहां दिक्कतें हैं। वे एडवाइस करेंगे। मैं बताना चाहूंगा कि मैंने जो रिव्यू लिया है, इस घड़ी हमारे पास एक लाख 50 हजार 612 मेगावाट कैपेसिटी है। 11वें प्लान में आज तक 15,325 मेगावाट कैपेसिटी एडिशन हो गया है। आपने डर जताया कि दो साल में इतना ही किया है और अभी तीन साल बाकी हैं, तो कैसे करेंगे। स्टार्टिंग में थोड़ी देर लगती है। अभी यह शुरू हुआ है और काम झटपट हो जाएगा। बीच में क्यों कम हो जाएगा, वह एकाउंट भी मैं आपको दे दूंगा। अंडर कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्टस में हाई डिग्री सर्टेनिटी 41 हजार 447 मेगावाट की है। यह सब मिलाकर 56 हजार 522 बनाना है। Project which could come up with the best effort 9 हजार 702 है, यानी 66 हजार 224 मेगावाट, इतने प्रोजैक्ट आ ही जाएंगे। लेकिन इसमें जो 10 हजार कैपटिव है, उसे हमने अभी नहीं पकड़ा है। जो 12वें प्लान में आने वाले थे, मुझे आज सुबह ही कुछ लोगों ने कहा कि यदि हमें कोयला दे दिया गया तो हम 11वें प्लान में लाएंगे। मैंने इमीडिएटली फोन करवाया कि क्या वे कोयला दे सकते हैं। यह प्रयास भी हम कर रहे हैं क्योंकि सबसे बड़ी बात यह है कि राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण में जब डीपीआर स्वीकार करते हैं, तो पहली कंडीशन होती है कि आपके राज्य को 6 से 8 घंटे अनइंटरप्टेड बिजली देनी चाहिए। जब उन्हें यह मान्य होगा तब सिगनेचर करके हम डीपीआर स्वीकार करते हैं। आपने बताया कि कई राज्य ऐसे हैं जिन्होंने सिगनेचर किया, आधा काम हो गया लेकिन वे बिजली नहीं देते। मैं समझ सकता हूं कि कई जगह बिजली कम हो सकती है। हम इसे कर रहे हैं और हमने सन् 2009 का जो प्रौमिस किया है, उसी की वजह से वह 2010 हो सकता है। सन् 2012 तक हर घर में बिजली मिल जाएगी, मुझे इसमें कोई दिक्कत नहीं लगती। जब यूपीए सरकार सत्ता में आई तो उसने इस देश को स्पष्ट रूप से आश्वासन दिया था। उन्होंने देश में पहला सबसे बड़ा काम यह किया था।

हमारे साथी अभी ENRON की बात कर रहे थे। ENRON में भी 10 हजार करोड़ रुपये देकर, श्री प्रणब मुखर्जी उसके चेयरमैन थे, जिससे ऐग्रीमैंट हो गया और वह कम्पनी बंद हो गई थी, यूपीए सरकार के सत्ता में आने के बाद उसे चालू कर दिया गया। इतना ही नहीं, जो लैंडर्स थे, उन परदेसी लोगों का पैसा भी दे दिया। जब तक कौन्फीडेंस नहीं आता कि भारत इस तरह का देश है कि यदि हमने वहां कुछ इन्वैस्टमैंट किया तो उसे ले सकते हैं, तब तक इन्वैस्टमैंट नहीं हो सकता। वह इन्वैस्टमैंट किया।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि यूएमपीपी के लिए आप जो अल्ट्रा मेगा पावर प्रौजेक्ट की बात कर रहे थे, उसके रोड शो के लिए हम गये थे। वे नौ अल्ट्रा मेगा पावर प्रौजेक्ट्स थे। उस समय हमारे यहां अमेरिका के जो ऐम्बेस्डर वाइजनर थे, वे उस समय एनरॉन में इन्वाल्व थे। उन्होंने कम से कम 300 अमेरिकन्स के सामने भारत की तारीफ की और कहा कि भारत एक ऐसा राष्ट्र है, जो कमिट करता है, देता है। भारत के कॉलर टाइट होते हैं जब मिस्टर वाइजनर जैसे आदमी ऐसे कहते हैं। यह किसने किया? यूपीए सरकार में डा. मन मोहन सिंह जी ने यह काम किया, यह भी हम आपको बताना चाहते हैं। ऐसा कुछ नहीं है कि जो अच्छा काम हो गया, उसे हम बुरा कहें। इसलिए मैंने कहा कि वर्ष 2003 का हमारा जो एक्ट है, वह बहुत अच्छा है। अभी यहां उसकी चोरी के बारे में बताया गया है। ओपन एक्सेस के बारे में भी यहां जो कुछ कहा गया, उसे भी मैं बताऊंगा, लेकिन उसमें बहुत देर लगेगी। मैं यूएमपीपी के बारे में कहना चाहता हूं कि हमने नौ यूएमपीपी फ्लोट किये। एक अल्ट्रा मेगा पावर प्रौजेक्ट 16 हजार करोड़ रुपये यानी फोर बिलियन डॉलर्स का है। वह प्रौजेक्ट 4000 मेगावाट का है। मुझे इस सदन में बोलते हुए खुशी हो रही है कि हमने अभी तक तीन प्रौजेक्ट्स दे दिये हैं। मुन्द्रा ,सासान, कृष्णापट्टनम को दे दिये हैं। तिलैय्या प्रौजेक्ट में फारेस्ट क्लीयरेंस मिलने में कुछ प्रौब्लम थी, अभी उसे भी हमने दे दिया है। ऐसे हमारे चार यूएमपीपी प्रौजेक्ट्स चले गये हैं। उनका इसमें कैलकुलेशन नहीं किया गया है। वे चार-चार हजार मेगावाट के हैं। अभी उड़ीसा के हमारे साथी कह रहे थे, उनका नाम इस समय मेरे दिमाग में नहीं है। उन्होंने वहां स्पॉट दिया है, हम करने के लिए तैयार हैं। अभी छत्तीसगढ़ में हमने एनटीपीसी के साथ चार हजार मेगावाट का, वह यूएमपीपी नहीं है, लेकिन वहां एनटीपीसी के साथ एग्रीमैंट हो गया है। हम यह भी प्रयास कर रहे हैं । हम चीफ मिनिस्टर्स के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं और कर रहे हैं।

मैं सदन को बताना चाहूंगा कि रिव्यू ऑफ कैपेसिटी एडीशन की मीटिंग भी मैंने जून, 2009 में ली थी। जैसे ही नयी सरकार बनी, वैसे ही मैंने उनके साथ तुरंत मीटिंग की थी। मैने 23 जून, 2009 को दूसरी बार स्टेट पावर मिनिस्टर्स की बैठक बुलाई। आप पहली मीटिंग में आये थे। अभी बिहार के हमारे पुराने साथी कांग्रेस के हैं। वे वहां जाते हैं। मुझे उसमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन वे काम करते हैं। 9 जुलाई, 2009 को रिव्यू ऑफ कैपेसिटी एडीशन की सैकिंड मीटिंग हुई। 14 जुलाई को हमने एक मीटिंग की थी। देश में प्राइवेट डेवलपर्स जो मशीन्स लगाने या बिजली निर्माण का काम करते हैं, उनकी हमने अभी मीटिंग बुलाई थी, जिसमें मैंने पूछा कि उनको क्या-क्या दिक्कतें हैं। उन्होंने मुझे अपनी दिक्कतें बतायी थीं। अभी

मैंने मैनुफेक्चरिंग यूनिट के जिन पांच नये लोगों के बारे मे बताया कि वे आ रहे हैं, उनसे भी मैंने 16 तारीख को मीटिंग की थी।

यह भी बताया गया था कि कई बार बैंक से लोन नहीं मिलता, तो हमारे यहां पावर फाइनेंस कार्पोरेशन और रूरल इलैक्ट्रीफिकेशन कार्पोरेशन है। पावर कार्पोरेशन से हमने अभी तक 1, 98, 749 करोड़ रुपये का लोन सैंक्शन किया है और उसका डिसबर्समैंट अभी तक 72 हजार के ऊपर हो गया है। अभी यह काम चालू है। रूरल इलैक्ट्रीफिकेशन कार्पोरेशन का डिसबर्समैंट 42 हजार 883 रुपये का हुआ है । हमारे कार्पोरेशन इस तरह  काम कर रहे हैं जिससे बिजली निर्माण का काम तेजी से हो। इसे भी हम मौनीटरिंग करने का काम कर रहे हैं। मेरे पास कई रिकाड्र्स हैं। हमारे जो एक्सीलेरिटेड पावर प्रोग्राम्स हैं, उसमें हम अभी नयी योजना लाये हैं। उनमें पहले जो एपीडीआरपी योजना थी, उसे बदल दिया गया है।

नयी योजना में और ज्यादा इनसेन्टिव्स स्टेट्स को मिलेंगे क्योंकि जो लोन अभी हम दे रहे हैं, वह ग्राण्ट में कनवर्ट हो जाएगा। आपने चिन्ता व्यक्त की है कि टी एंड डी लॉस है, पुरानी मशीनरी होने से बहुत नुकसान हो रहा है। जो ट्रांसमिशन लाइन्स हैं, अब हम 400 केवी की लाइन पर जा रहे हैं ताकि बिजली की चोरी कम हो जाए। पिछले साल हमने बिजली चोरी को रोकने के लिए कानून पास किया है, बिजली चोरी के विरूद्ध पूरे देश में एक वातावरण पैदा हो गया है, आज हजारों केसेज दर्ज होने शुरू हो गए हैं। अभी माननीय सदस्य उदय प्रताप सिंह जी कह रहे थे कि नरसिंहपुर में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का काम नहीं हो रहा है। हमने मार्च, 2008 में इसे सैंक्शन कर दिया है और इसकी कॉस्ट 39.75 करोड़ रूपए है। 'The State Government has not awarded the work even after 15 months of sanction by the Government.' हमने तो सैंक्शन कर दिया है, लेकिन वे नहीं देते हैं। उज्जैन का भी ऐसा ही मामला है। वह टेंथ प्लान का है, उसकी कॉस्ट 40.76 करोड़ रूपए है। Very slow work is being done and 20 per cent काम वहां हो गया है। कायंकुलम थर्मल पावर स्टेशन के बारे में आपने कहा है।  वहां 2 x 1,000 मेगावाट का प्रोजेक्ट है। लेकिन यह अभी प्रॉशेस में है, हम इसे देख लेते हैं क्योंकि एग्जैक्टली इसके फिगर्स हमारे पास नहीं हैं। कहलगांव के बारे में माननीय सदस्य ने कहा था, वह बहुत एक्टिव एविएशन मिनिस्टर रहे हैं, दो बार इस सदन में चुनकर आए हैं, जब मैं वहां गया था तो वहां थे और मैंने जो निर्णय लिए उससे वह बहुत खुश भी थे। उन्होंने मुझे वहां दुबारा नहीं बुलाया, शायद इसीलिए काम रूका होगा। कहलगांव थर्मल पावर स्टेशन में स्टेज-वन में तो 840 मेगावाट एग्जिस्टिंग है और स्टेज-टू में 1,500 MW has been set up by NTPC. Two units of 500 MW each कॉमर्शियल ऑपरेशन में हैं।  जो थर्ड यूनिट है, वह सिंक्रोनाइज हो गयी है, अगर आप बुलाएं

तो शायद मैं फिर वहां आ सकता हूं। मैं जब विंध्याचल गया था, वहां मैंने देखा और एक-दो जगह मैंने देखा है कि जहां हमारी पावर यूनिट्स हैं, वहां प्रकाश ही प्रकाश है, प्रकाशघर है, लेकिन उससे एक किलोमीटर आगे जाने पर अंधेरा ही अंधेरा मिलता है। मैंने विंध्याचल में भी और आपके यहां आपके सामने ही एनाउंस कर दिया था कि हमें इसके लिए कुछ करना होगा, कम से कम उसकी पेरीफरी में दस किलोमीटर तक करना होगा। मैं कुछ छिपाता नहीं हूं। हमने इसे सोच लिया था, लेकिन इसमें कुछ टेक्निकल डिफीकल्टीज हैं। आखिर हम बिजली देंगे, लेकिन कहां देंगे। यूजुअली हम इसे ग्रिड में ही देंगे, स्टेट को ही देना पड़ेगा। स्टेट को यह काम देखना होगा और बिल की वसूली करनी ही होगी क्योंकि वह बिल वहां जाता ही है। इसलिए हम यह देख रहे हैं कि कौन बिल लेगा, कैसे मैनेजमेंट होगा, उस पर ट्रांसफार्मर कौन लगाएगा। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से बहुत सी जगहों पर काम हो रहा है, इससे लोगों को सुविधा हो जाएगी, लेकिन मैं सभी राज्यों, सभी मुख्यमंत्रियों को कहूंगा कि चाहे किसी भी पार्टी की सरकार हो कि the Government has decided to provide a reliable power supply to rural households of the villages within a radius of 5 kms. of the central generating power station.

**श्री सैयद शाहनवाज हुसैन :** पहले तो आपने ज्यादा का अनाउंस किया था।

**श्री सुशीलकुमार शिंदे :** लेकिन अभी पांच किलोमीटर से शुरूआत करेंगे। उसमें थोड़ी दिक्कत थी, पांच किलोमीटर भी स्केयर किलोमीटर के हिसाब से देखा जाए, तो बहुत बड़ा होता है। इस बारे में कुछ स्कीम्स फार्मूलेट करनी होंगी, क्योंकि यह अभी प्रारम्भिक अवस्था में है। हम जब वहां जाते हैं तो रात में काफी प्रकाश देखते हैं, लेकिन बाहर जब निकल कर थोड़ा दूर जाते हैं तो अंधेरा नजर आता है। मैं काफी दिनों से यह बताना चाहता था, अच्छा किया, आपने याद दिला दिया, मुझे इसकी खुशी है। इसमें कोई क्रेडिट लेने की बात नहीं है। हमारे साथी बैसिमुथियारी जी ने Bongaigaon की बात कही। हम उनकी बात गौर से सुनते हैं। वहां 750 मेगावाट के प्लांट पर काम चल रहा है। आज ही मैंने वहां एनटीपीसी के चेयरमैन और अपने जाइंट सेक्रेटरी को भेजा है। यह राज्य हमारे प्रधान मंत्री जी का राज्य सभा का निर्वाचन क्षेत्र भी है इसलिए भी हम इस काम को जल्द से जल्द करना चाहते हैं।

इस मंत्रालय का कार्यभार संभाले हुए मुझे करीब तीन साल हो गए हैं, जो कि ज्यादा वक्त नहीं है। देश की दसवीं पंचवर्षीय योजना के अंत में मैं इस मंत्रालय में आया था और 11वीं पंचवर्षीय योजना का यह तीसरा साल चल रहा है। मुझे पता नहीं था कि अब की बार भी मुझे यह मंत्रालय मिलेगा या नहीं, लेकिन हमारे प्रधान मंत्री जी ने मुझ पर विश्वास किया और मुझे फिर इस मंत्रालय में काम करने का मौका दिया। आप सब जानते हैं कि मैं रात-दिन मेहनत करता हूं, रात के नौ बजे तक दफ्तर में बैठता हूं।

**श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह :** बाढ़ में एनटीपीसी का क्या होगा?

**श्री सुशीलकुमार शिंदे:** वह भी बताता हूं, थोड़ा सब्र करें। मेरे पास सब कुछ है। बाढ़ में मशीनरी की प्राब्लम है। मैं भी वहां गया था। वह फाइनेलाइजेशन की स्थिति में है।

**श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह :** बहुत स्लो है।

**श्री सुशीलकुमार शिंदे:** थोड़ा स्लो है, यह मैं मानता हूं, लेकिन उसमें जिस देश से सहयोग लिया जा रहा है, उससे थोड़ा डिस्प्यूट है, मैं उस कंट्री का नाम नहीं लेना चाहता। इस वजह से मशीनरी में थोड़ी दिक्कत आ रही है।

उदय सिंह जी ने कहा कि बिहार को अलग तरीके से हम देखते हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि ऐसी बात नहीं है। नीतीश जी भी यहां मंत्री रहे हैं। हम भी उनसे कहते थे। मैं भी मंत्री होने के नाते यह कहना चाहता हूं कि जितना हो सकेगा, हम बिहार की मदद करेंगे। केवल बिहार की ही नहीं, अन्य राज्यों की भी मदद करेंगे। यही बात मैं मध्य प्रदेश के बारे में भी कहना चाहता हूं। लेकिन आप रिकार्ड देखिए, प्रस्तावों को स्वीकार किए हुए नौ-नौ महीने हो जाते हैं, लेकिन राज्यों की तरफ से अवार्ड नहीं आता है। यह किसी पार्टी का सवाल नहीं है, लेकिन जिस दृष्टि से इसे देखा जाता है, उससे दिक्कत आ जाती है। अब आप समझ सकते हैं कि फिर मैं क्या कर सकता हूं। आपने कहा कि बड़े-बड़े बोर्ड लगा दिए, यह किसी पार्टी विशेष के बोर्ड नहीं थे। पहले तो बोर्ड ही नहीं लगाने देते थे और कहते थे कि हमारी सरकार की योजना है।

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** सही बात है।

**श्री सुशीलकुमार शिंदे:** देखा, ये भी कह रहे हैं कि सही है। यह योजना राजीव गांधी जी की ही देन है। इसलिए बड़े-बड़े बोर्ड लगाए हैं। राजीव गांधी जी ने देश को उजाले में रखने का स्वप्न देखा था।...(व्यवधान) यह बात सही है कि सांसदों को भी मानिटरिंग कमेटी में रखा जाए, हमने रखा है। मैं सभी मुख्यमंत्रियों को इस बाबत पत्र लिखूंगा और उसकी कापी सभी सांसदों को एक पत्र के साथ भेजूंगा। ...(व्यवधान) ऐसा नहीं है कि इससे कुछ नहीं होगा, अगर आप लोग मानिटरिंग करेंगे तो जरूर कुछ होगा।

हमारे उदयसिंह जी पूछ रहे थे, The RGGVY project for Purnia District was sanctioned in 2005 at an estimated cost of Rs. 52.35 crore. It is already sanctioned. The project target was to electrify 5,083 unelectrified villages and to provide free electricity connections to 25,563 BPL households.

**श्री उदय सिंह :** यही मैंने कहा था।

**श्री सुशीलकुमार शिंदे:** मैं आपको बता रहा हूं कि The Power Grid Corporation is the implementing agency there. As per its report, as on 1st July, 2009, 5,025 villages have been electrified and free electricity connections have been released to 10,354 BPL households. आपको तो मालूम है कि यहां 90 परसेंट हम सब्सिडी देते हैं, 10 परसेंट स्टेट को देना पड़ता है। यदि हम समाजवाद की बात करते हैं तो बीपीएल का गरीब आदमी कभी भी बिजली नहीं ले सकेगा, उसको हम कनैक्शन देने का काम करते हैं। उसका बिल बहुत आता है, उसके बारे में भी राज्यों को देखना पड़ेगा कि कहां उसको सब्सिडी देते हैं, वह काम भी करना पड़ेगा। सब काम सेंट्रल गवर्नमेंट कर दे तो फिर राज्यों के पास रहा क्या? इसी के लिए मैं कह रहा हूं कि भारत सरकार 90 प्रतिशत सब्सिडी आपको दे रही है, कितना खर्चा हो रहा है। अभी 28 करोड़ रूपये आपने बताया और पिछली योजना में 5000 करोड़ रूपये मिले तथा 28 करोड़ रूपये और मिले और जो सैकिंड फेज में प्रोजैक्ट है, उसके लिए फाइनेंस मिनिस्टर के सामने बोलना नहीं चाहता, मैं भी कभी स्टेट में फाइनेंस मिनिस्टर था, लेकिन सरकार से हम सैकिंड फेज के लिए, जल्दी से जल्दी पैसे की मांग कर रहे हैं और 30,000 करोड़ रुपये चाहिए। इसी सदन में मैंने आपको आश्वासन दिया था कि 300 की संख्या के गांव के लिए हम लोग काम कर रहे हैं, लेकिन आपने 100 लोगों की संख्या से ऊपर के लिए करने को कहा और वह बात हमने मान ली, यह बताने में हमें खुशी होती है। जहां पहले विद्युतीकरण है और अभी उस गांव में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना की बिजली पहुंचानी है, उसे इंटैंसिफाई करते हैं, तो उसका भी खर्चा बढ़ गया। यह योजना 16,000 करोड़ रुपये की थी जो अब 5,000, 28,000 और 30,000 की हो गयी। यह हमारा वायदा है कि राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण के काम में हम आगे रहेंगे और पहले फेज में हमने निर्णय ले लिया है कि जो हमारे बार्डर स्टेट्स हैं।...(व्यवधान) नार्थ-ईस्ट के जिले हमने ले लिये हैं, नक्सलाइट्स प्रभावित जिले ले लिये हैं। इन सभी जिलों को हमने फर्स्ट फेज में लिया है, लेकिन जो थोड़े से जिले रह गये हैं उन्हें भी हम लेने का प्रयास करेंगे। बरौनी एक्सपेंशन, लखीसराय, चौसा, पिरपेंटी आदि में कोयले के लिए आपने बोला था। कहलगांव और नबीनगर के लिए हमने कोल-मिनिस्ट्री को रिक्मेंड किया है।

**श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह :** कोल मिनिस्ट्री से आप कोऑर्डिनेट करें ताकि स्टेट आत्म-निर्भर बने।

**श्री सुशीलकुमार शिंदे:** वह हम कर रहे हैं। इंट्रोस्पेक्शन का मतलब ही यही है कि हम कर रहे हैं।

**श्री उदय सिंह :** सर, आपने सभी चीजों का बहुत संतोषजनक ढंग से जवाब दिया है। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में बहुत अच्छा चल रहा है और हम इस योजना की सराहना करते हैं लेकिन दिक्कत सोशल स्ट्राइफ की हो जाएगी। आपने जिस आंकड़े को कंफर्म किया, यही फिगर में सुबह कह रहा था।

**20.00 hrs.**

महोदय, मेरे यहां 3,66,000 बीपीएल परिवार हैं। अगर उनमें से केवल 25 हजार लोगों को ही हम रोशनी देंगे या कनेक्शन देंगे, बाकी लोगों को नहीं देंगे, तो इतना तनाव हो जाएगा कि लेने के देने पड़ जाएंगे, आपके लिए भी और हमारे लिए भी।

**श्री सुशीलकुमार शिंदे :** मैंने अभी-अभी आपको बताया कि जिस प्रकार से खर्चा आ रहा है, जिसके पास बिजली नहीं है और जहां बहुत लोग दुखी हैं, उन्हें बिजली देने में दिक्कत है। इसमें 30 हजार करोड़ रुपए लगेंगे, कैसे इतना लोड ले सकेंगे। एक-एक करके काम करेंगे। उसे भी हम देख लेंगे कि क्या कर सकते हैं। मैं आपको बताना चाहूंगा कि सबसे पहले ट्रांसफारमर की बात कही और नीतीश जी भी बार-बार कहते हैं, जब डीपीआर के प्रोजेक्ट्स आ गए।...(व्यवधान)अभी सभी लोग सैटिस्फाई नहीं हुए हैं। मैं दोपहर के दो बजे से यहां बैठा हूं। मैं इतना जरूर कहना चाहूंगा कि यह बहुत बड़ा काम है। 90 प्रतिशत सब्सीडी मिल रही है, इसके बारे में किसी ने सोचा नहीं था। मैं इतने सालों से राजनीति में हूं, मेरे ख्याल में भी नहीं आया था कि देश में इस तरह का काम हो जाएगा, क्योंकि देश में हमारी कुटीर योजना चल रही थी। यूपीए सरकार के आने से पहले कितने घर हो गए थे। आप जरा एनालिसिस कीजिए। आपने बहुत अच्छा कहा है, चाहे उत्तर प्रदेश के हमारे साथी हों, कांग्रेस के हों या अलग पार्टी के हों, मैं नाम नहीं ले रहा हूं। उत्तर प्रदेश में जो बिजली की दिक्कत है, पीक आवर्स में डिमांड 11,080 मेगावाट की है। पीक आवर्स में सप्लाई केवल 8563 की है। पीक डेफिसिट 2517 MW की है और एनर्जी रिक्वायरमेंट 17,770 million unit मेगावाट की है और एनर्जी एवेलिबिलिटी 14476 million unit मेगावाट की है। वहां भी जो डेफिसिट है, वह 3294 million unit मेगावाट की डेफिसिट है। हमें वहां भी 18.5 परसेंट की डेफिसिट है। मैं आपको बताना चाहता हूं और आपने भी पीएलएफ के बारे में बताया तथा झारखंड में पतरातू यूनिट का उदाहरण दिया, उत्तर प्रदेश में टांडा यूनिट की बात कही, वहां का क्या पीएलएफ था, 20,15,14 लेकिन आज यही टांडा की यूनिट्स 85 पीएलएफ के ऊपर चल रही हैं। मुझे खुशी इस बात की है कि जबसे

एनटीपीसी ने इसे लिया, हम इससे बिजली ज्यादा दे रहे हैं। आज एग्रीगेट और टेक्नीकल लॉसिस 48 परसेंट हैं, लेकिन एपीडीआरपी योजना आने के बाद, मेरे पास सभी फिगर्स हैं, जो राज्य में काम किया है, वहां 15 परसेंट लॉस आ गया है, कहीं 20 परसेंट लॉस आ गया है। लॉस कम हो रहा है और बिजली का कंजर्वेशन उसमें एवायडेड कैपेसिटी जनरेशन होती है, हमने तीन-चार स्कीम्स बहुत अच्छी शुरू की हैं, आपको मालूम होगा। वन स्टार, टू स्टार, थ्री स्टार, फोर स्टार, फाइव स्टार के फ्रिज, फैंस आदि पर स्टार लग कर मार्केट में माल आ रहा है, ताकि बिजली की कंजम्प्शन कम हो। बिल्डिंग कोड हमने लगाया है। बिल्डिंग बनाते समय बिजली कंजम्प्शन कम करने के लिए कोड बनाया है। हमने उसके लिए डैवलपर्स की बड़ी मीटिंग बुलाई, इंजीनियर्स की भी मीटिंग बुलाई और उनको यह सब जानकारी दी। दूसरी बात, सीएलएफ से बल्ब्स चेंज करके दे दिये, उससे भी बिजली की बचत होती है। आपको बताने में मुझे इस बात की खुशी है कि अभी तक 1500 मेगावॉट एवॉइडेड कैपेसिटी हमने बचाई है। यह कोई सादा बात नहीं है। यह एवॉइडेड कैपेसिटी जो है, एक तो हम हर साल बच्चों का कम्पीटीशन करवाते हैं, बच्चे पेंटिंग करते हैं, 7-8 लाख बच्चे आते हैं और हम बच्चों को 50,000 का अवार्ड देते हैं और एक लाख का भी पिछले साल अवार्ड कर दिया था क्योंकि वे हमारे एम्बेसैडर के रूप में काम करना चाहते हैं। वे जो पेंटिंग निकालते हैं, उसी पेंटिंग के माध्यम से हम पब्लिसिटी करते हैं कि इस तरह से घर से बाहर जाते वक्त अपने बिजली के स्विच बंद करिए, ए.सी.बंद करिए। जहां ऑफिस है तो जब बारिश हो गई तो तुरंत ही ए.सी. बंद करिए। इस तरह के कम्पीटीशन हो रहे हैं और यह एवॉइडेड कैपेसिटी के अंदर है। यह सब काम करते समय हम देख रहे हैं कि जितना हो सके, उतना हम यह काम कर रहे हैं। राजीव गांधी विद्युतीकरण में अभी तक टोटल विलेजेस 1 लाख 18 हजार हैं, उसमें से 62,520 विलेजेज का विद्युतीकरण हो गया है और 62.5 लाख बीपीएल हाउसहोल्ड उसमें हो गये हैं।...(व्यवधान)

**श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद):** सर, आप ट्रांसफॉर्मर के लिए कुछ कह रहे थे।

**श्री सुशीलकुमार शिंदे:** वह ट्रांसफॉर्मर का जो डीपीआर आता है, उसी समय स्टेट के ट्रांसफॉर्मर का भी आता है तो उसके लिए हम सोच रहे हैं। बिहार के मुख्य मंत्री जी ने भी बताया है, उसमें कुछ करना पड़ेगा। जो अभी नये डीपीआर्स बदल रहे हैं, उस वक्त हम भी यह कहेंगे कि बहुत लोगों की मांग है लेकिन यह सोचिए कि इस देश में कई जगह बिजली नहीं थी, तो वहां बिजली तो अभी जा रही है।...(व्यवधान)

**श्री जगदीश शर्मा (जहानाबाद):** सभापति महोदय, आप अगर नहीं करेंगे तो आपका उद्देश्य पूरा नहीं होगा।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Hon. Minister is not yielding. Please take your seat.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : This will not go on record.

*(Interruptions) … **

**श्री सुशीलकुमार शिंदे :** जब आपने डीपीआर स्टेट में दिया था, तब क्या आपको मालूम नहीं था कि आपके पास बिजली कम है?...(व्यवधान) ऐसे नहीं कहिए। फिर मैं काउंटर एक्ट करूंगा। डीपीआर क्यों दे दिया?...(व्यवधान) उसी वक्त थ्री फेज का डीपीआर का देना था। आपने वन फेज का क्यों दे दिया? यह दिक्कत है। मैं आपको इरीटेट नहीं करना चाहता हूं।

MR. CHAIRMAN : Please do not interfere.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Hon. Minister, please address the Chair.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : No questions now. Please take your seat. Hon. Minister is not yielding. He is on his legs.

… (*Interruptions*)

**श्री मंगनी लाल मंडल (झंझारपुर):** मैं सिर्फ एक बिन्दु कहना चाहता हूं तो उसमें आपको क्या आपत्ति है?...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please take your seat. Hon. Minister is on his legs.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Hon. Minister is not yielding. Please understand that.

… (*Interruptions*)

**श्री सुशीलकुमार शिंदे :** अभी भूटान और नेपाल के बारे में आपने कह दिया था कि यहां पन-बिजली के बारे में प्रयास करना चाहिए। मैंने खुद नेपाल के मिनिस्टर से बात की है और भूटान के भी और ज्यादा प्रोजेक्ट करने का हम प्रयास कर रहे हैं। यह बात सही है कि नेपाल से जो पानी आता है, विशेषकर बिहार में उसका असर होता है, बिहार में दोनों जगह पूर्व और पश्चिम की तरफ समस्या होती है। इसके लिए हम

* Not recorded

भी बहुत प्रयास कर रहे हैं। कई जगह उनका सर्वे हो गया था, कैनेडियन गवर्नमेंट का डीपीआर हो गया था, उनकी भी कुछ समस्याएं हैं। हम कह रहे हैं कि हम करेंगे। उन्होंने भी प्राइवेटाइजेशन में एक-दो परियोजनाएं दे दी हैं। इसलिए हम उनसे भी यह कह रहे हैं कि 2000-3000 मेगावॉट के हम करना चाहते हैं और उसके लिए आज भी यदि नेपाल को हमारे से पॉवर जाना है तो आपके बिहार से व चिकन नैक से ही जाता है और उधर से भी आता है।

। पिछले साल बाढ़ आ गई थी तो टावर गिर गए थे, चिकन नेक के बारे में बहुत अच्छी तरह से कहा गया कि सिलिगुड़ी से लाइन दे दी। आज हमारे साथी अरुणाचल प्रदेश गए हैं। वहां बहुत अच्छे प्रोजेक्ट्स आ रहे हैं और हमें 50,000 मेगावाट की कैपिसिटी मिल सकती है। अभी कामेंग, दिबांग आदि तीन-चार प्रोजेक्ट लिए गए हैं, इन प्रोजेक्ट्स से बिजली तैयार होगी। इसके लिए वहां से ट्रांसमिशन लाने के लिए भी प्रोग्राम बनाया गया है और इसके लिए भी काम कर रहे हैं। सिक्किम में जो प्रोजेक्ट बन रहे हैं, वहां भी चिकन नेक सिलिगुड़ी में आकर मिलेगा और एक तरफ सिलिगुढ़ी से आएगा और एक तरफ असम से आएगा, अरुणाचल प्रदेश से आएगा। इस तरह इवेकुएशन करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। 14,000 मेगावाट का पावर ग्रिड इंटर स्टेट में ट्रांसमिशन करता था अब यह 20,750 मेगावाट तक हो गया है। हमें यह विश्वास है कि 11वें प्लान तक 38,000 मेगावाट का पावर ग्रिड पूर्ण हो जाएगा।

महोदय, मैं ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता हूं और इतना ही कहना चाहता हूं कि सबसे बड़ी बात यह है कि हमारे पास मैन पावर नहीं है। हर बार ऐसा ही होता है। हम आई टी आई एडॉप्शन करने का महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं। हमने नई पॉलिसी बनाई है कि जहां एनटीपीसी और एनएचपीसी के प्रोजेक्ट्स आ रहे हैं वहां खुद का आईटीआई शुरू करें। यह काम बहुत जगह शुरू हो गया है। मैं आपकी जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि अभी तक हमारी ऑर्गेनाइजेशन ने एनएचपीसी ने 7, एनटीपीसी ने 16, एनएचडीसी ने 1, डीवीसी ने 8, टीएचडीसी ने 2, एसजेवीएनएल ने 2, नीपको ने 2 आईटीआई एडॉप्ट किए हैं और पीजीसीएल 4 करने वाला है। इस तरह से 38 आईटीआई एडॉप्ट किए हैं और 13 एडॉप्ट करने हैं, जिसमें से एनएचपीसी ने 1, एनटीपीसी ने 6, बीबीएमबी ने 2, पीजीसीआईएल ने 4 एडॉप्ट करने हैं। अभी जितने नए प्रोजेक्ट्स आ रहे हैं वहां स्पेशल आईटीआई की व्यवस्था कर रहे हैं। अभी यहां जम्मू-कश्मीर के साथी मौजूद नहीं हैं, कल ही वहां के चीफ मिनिस्टर साहब ने हमसे चर्चा की है कि वे एक अच्छे स्टैंडर्ड का आईटीआई, आईटीआई और आईआईटी के बीच का सैंटर, खोलना चाहते हैं। उन्होंने वहां के लोकल लोगों के बारे में बताया जिनकी जमीन जाती है और ऑस्ट्रिस का भी कारण बताया। वे हजारों साल से वहां रह रहे हैं जब उन लोगों की जमीन जाती है तो उन्हें थोड़ा सा पैसा मिलता है लेकिन वे कहां खर्च करते हैं यह मालूम नहीं है। इसलिए हमने सोचा उस फैमिली के बच्चों को ट्रेंड करें ताकि वही काम

करें। जैसे ही इसकी फाउंडेशन होगी, जैसा कि हमने कहा है कि वहां एक साल के अंदर आईटीआई का काम शुरू करेंगे और बच्चों को ट्रेंड करेंगे, अफेक्टिड लोगों को पहले करेंगे और फिर इर्द-गिर्द के लोगों को काम पर लगाया जाएगा। लोकल लोगों को बहुत से प्रोजेक्ट में नहीं लिया जाता है, यह हमारे लिए दिक्कत की बात है।

महोदय, आज कल जमीन की बहुत दिक्कत हो रही है।

हमने एनटीपीसी में अभी शुरू किया है। हमारे सम्मानित सदस्य चंद्रपुर के हैं, उनके यहां मौदा में हमने 6-7 लाख रुपये एकड़ के हिसाब से जगह ले ली है। इसके अलावा और भी कई जगहों पर हमने यह सूचना दी है कि अभी सैक्शन 4 और 8 लगाने में कोई दिक्कत नहीं है। वह व्यक्ति वहां सैकड़ों सालों से रहता है और अपना घर छोड़कर चला जाता है। उसे थोड़ा पैसा जरूर मिलता है, लेकिन वह बाकी खर्च कैसे चलाता है और उसके बाद उसका सारा जीवन उजड़ जाता है। इसलिए हमने कहा कि यदि उसे निगोशिएशन में थोड़ा ज्यादा पैसा मिल जाए तो वह वहां से खुशी से चला जायेगा।

महोदय, अभी मैं एक प्रोजैक्ट की बात बताता हूं, जो मेरे शोलापुर में लगी है। हमने वहां निगोशिएशन के बाद तीन लाख रुपये एकड़ के हिसाब से जमीन ले ली है। लेकिन वहां पर काम करने वाला जो मजदूर है, वह कहां जायेगा। मालिक की तो जमीन ले ली, लेकिन उस मजदूर को भी हमने पचास-पचास हजार रुपये फिक्स्ड डिपाजिट पर रखा है और ग्राम पंचायत का सर्टिफिकेट लेकर ...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** कहलगांव में तो अभी नहीं हुआ।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Shri Shahnawaz, I will allow you one question after the Minister completes his reply. Not now.

**श्री सुशीलकुमार शिंदे :** वहां का पहले हो गया।...(व्यवधान) यह पहले का है, परंतु अभी जो नया शुरू हो रहा है, मैं उसकी बात कर रहा हूं, जो पहले हो गया, उसका अभी कुछ नहीं करेंगे। जो हो गया है, उसका कुछ नहीं होगा, लेकिन जो नया हो रहा है, उसका हमने कर दिया है। It depends on the person and the locality.

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** पहले वालों का क्या होगा?

**श्री सुशीलकुमार शिंदे :** जो पहले वालों का है, वह वहीं है, लेकिन अभी तो करना पड़ेगा। तब आप भी नहीं थे और मैं भी मिनिस्टर नहीं था। इसका क्या करें।

सभापति महोदय, आज यहां जो डिस्कशन हुआ है, इस पर कई सजैशंस मिले हैं। यहां बहुत अच्छा डिस्कशन हुआ है। राजनीति की एक-दो टोका-टोकी छोड़ दीजिए, लेकिन जिस तरह के विचार यहां प्रकट हुए हैं, उनसे पता चलता है कि आप सभी लोग भी देश की चिंता को समझते हो। इसलिए मैं आप सबको धन्यवाद देता हूं। ...(व्यवधान) आप मुझे बोलने तो दीजिए। ...(व्यवधान) कांटी के बारे में चीफ मिनिस्टर से मेरी बात हुई थी, उसके बारे में हम देख रहे हैं और जो देख रहे हैं, उसके बारे में क्या बोलें।

महोदय, यहां बहुत अच्छे सुझाव दिये गये हैं, उनके लिए मैं आप सभी माननीय सदस्यों को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। मेरा निवेदन है कि जो मेरी डिमांड्स हैं, उन्हें सदन मान्य कर दे और जो कट मोशंस हैं, उनके लिए मैं सम्माननीय सदस्यों से विनती करूंगा कि वे उन्हें विदड्रा कर लें। ...(व्यवधान) अभी उसमें देर है।

MR. CHAIRMAN: I am going to allow three questions.

**श्री मंगनी लाल मंडल :** महोदय, मुझे मंत्री जी से एक क्लेरिफिकेशन लेना है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please listen to me. Please take your seat. Why do not you listen to the Chair? You take your seat. I am asking you to take your seat.

**श्री मंगनी लाल मंडल :** आप चाहें तो मुझे सदन से निकाल दें...(व्यवधान) मैं अपना प्रश्न जरूर पूछूंगा।...(व्यवधान) मैंने पहले लिखकर दिया है...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: This will not go on record.

*(Interruptions)* ... *

MR. CHAIRMAN: I am going to allow three clarificatory questions. You take your seat. This will not go on record.

*(Interruptions)* ... *

MR. CHAIRMAN: I am going to allow you but you are not ready to listen to the Chair. Do not behave like this. The Minister will not reply to this.

*(Interruptions)* ... *

MR. CHAIRMAN: I will allow you, you take your seat. Mr. Mandal, this is not the way to behave. I am cautioning you. I have received your notice and I will allow you also. But you take your seat now. Shri Shahnawaz Hussain please.

---

*** Not recorded**

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** सभापति जी, मैंने अपनी बात रखते हुए मंत्री जी से जानना चाहा था कि जो लैंड लूजर्स हैं, उनका क्या कर रहे हैं? आज नंदीग्राम के जैसी घटना सब जगह होने की संभावना हो रही है। क्योंकि बीस साल पहले आपने कहलगांव में एनटीपीसी बना लिया, वहां से बिजली का पैसा कमाया और कहलगांव में जिनकी जमीन चली गई हैं, उन्हें आपने नौकरी देने का वायदा किया था और यह कहा था कि जो स्किल्ड वर्कर होगा, उसे ट्रेनिंग देकर नौकरी देंगे। आज वहां के लोग बूढ़े हो गये हैं, लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिली। वहां एक आंदोलन हुआ, जिसकी वजह से तीन लोगों को गोली लगी। जिसके कारण बिहार सरकार को बहुत संकट का सामना करना पड़ा। मैं सभापति जी के माध्यम से आपसे गुजारिश करना चाहता हूं कि जिन भू विस्थापितों की जमीन गई है, उन्हें आंदोलन का रास्ता न अपनाना पड़े। इसलिए वहां के जनप्रतिनिधि के नाते मैं आपसे गुजारिश करता हूं कि आपने उन्हें जो नौकरी देने का वचन दिया है, उस वचन को आप पूरा करें।

**श्री सुशीलकुमार शिंदे :** मैंने आपके सामने ही जनरल मैनेजर से बोल दिया है। देखिए जैसे-जैसे उनके पास जगह होती है, वे ले लेते हैं।

MR. CHAIRMAN : I have allowed him. Please take your seat.

**श्री मंगनी लाल मंडल :** महोदय, बिहार के मामले में मैं माननीय मंत्री जी से क्लेरिफिकेशन चाहता हूं। अभी बिहार के 18 हजार गांव शेष बचे हैं और राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत जो गांव कवर्ड हुए हैं, आच्छादित हुए हैं, वे आंशिक रूप से ही हुए हैं। जितने भी माननीय सदस्यों ने दूसरे प्रदेशों की चर्चा की है, उन लोगों ने कहा है कि डीपीआर में गड़बड़ी हुई है। अभी माननीय मंत्री जी ने कहा है कि डीपीआर आपने बनवाया, उसमें सचेष्ट नहीं थे। डीपीआर केंद्रीय सरकार के निर्देश के अनुसार तैयार किया गया है। पहले यह था कि बिहार में जितने गांव कवर्ड हुए हैं, उनमें आंशिक हुआ है, आधा हुआ है, एक तौला हुआ है या चला गया है। आपने पहले सीलिंग की थी, भौतिक उपलब्धि का लक्ष्य रखा था और अब आपने वित्तीय सीमा बांधी है।

**सभापति महोदय :** कृपया प्रश्न पूछिए।

**श्री मंगनी लाल मंडल :** महोदय, मैं जानना चाहता हूं कि क्या यह सही है कि जितने भी राजस्व गांव हैं, वे चाहे छोटे हैं, मझोले, बड़े हैं, जनसंख्या में अलग-अलग हैं। उनकी जनसंख्या बड़ी है या छोटी है, लेकिन आपने पहले एक गांव का भौतिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए 9 लाख रूपए की वित्तीय सीमा बांधी थी। जब वह नहीं हुआ तो आपने उसका भौतिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए 14 लाख रूपए की सीमा बांधी है। इस सीमा से सभी गांवों को कवर्ड नहीं किया जा सकता है और इससे केवल गांव आंशिक रूप से ही कवर्ड

होता है। क्या सरकार की ऐसी योजना है, अगर है तो यह योजना त्रुटिपूर्ण है और क्या सरकार इसका निराकरण करेगी?

MR. CHAIRMAN: The Minister may reply after all the questions are put. There are two more hon. Members to put questions.

**श्री सानछुमा खुंगुर बैसीमुथियारी :** महोदय, आपके जरिये मैं आदरणीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि हमने कोकराझार जिले में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के लिए चार साल से लगातार प्रयास किये और तब यह सैंशन हुआ। यह आदरणीय मंत्री जी ने सैंशन किया। वर्ष 2007 से वर्ष 2009 तक दो साल टेंडरिंग प्रोसेस में बीत गये, लेकिन आज तक कुछ नहीं हो पाया है। मुझे मालूम हुआ कि इस प्रोजेक्ट का इंप्लीमेंट करने के लिए आसाम स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड को दिया गया है। हमारी मांग है कि इसे भारत सरकार, पीजीसीआईएल को ही देना चाहिए। एसीबी पब्लिक अंडरटेकिंग है और यह टोटली फेल अंडरटेकिंग है और उससे कोई काम नहीं बनेगा।

SHRI K. BAPIRAJU (NARSAPURAM): After the recommendations of the expert committee on the power projects, further delays are there. But there are some small petitions. So, some kind of coordination should be there for early clearance so that the projects can come up earlier. My humble request is this – since we have given agriculture services free in Andhra Pradesh, similarly it may be given to the entire country. But if the State Government comes forward with 50 per cent, then the Government can give a helping hand. Poorest of the poor need help from the Government; kindly come to their rescue. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You have put questions and he has also answered in detail. Please cooperate.

Now, the hon. Minister may reply.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please take your seat; we have no time. Now, the hon. Minister may reply.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: No. I have not allowed you.

SHRI SUSHILKUMAR SHINDE: It is for the States concerned to give free power. If they have a special scheme, they can give; the States can make provisions in the Budget and give it to the Boards. When I was the Chief Minister of Maharashtra I also had provided free power to agriculturists, but I had made provisions in the Budget and gave it to the Board. So, it is left to them. There was scarcity at that time, during that particular period. So, this can be done by the States, if they so desire. The Government of India cannot do it at this moment.

माननीय सदस्य राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में डीपीआर के बारे में कह रहे थे। अभी हमारी जो स्कीम है, हम उसके बाहर नहीं जा सकते हैं। अभी हमारी जो स्कीम है, हमें उसके मुताबिक ही काम करना होगा और जो कुछ बैसीमुथियारी जी ने बोला है, उसे मैं देख लूंगा, I will look into it.

MR. CHAIRMAN : I shall now put the Demand for Grant relating to the Ministry of Power to the vote of the House.

The question is:

"That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the fourth column of the Order Paper be granted to the President of India, out of the Consolidated Fund of India, to complete the sums necessary to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2010, in respect of the heads of Demands entered in the Second column thereof against Demand No. 74 relating to the Ministry of Power."

*The motion was adopted.*

---

MR. CHAIRMAN: There are 15 Members who wish to raise the matters of urgent public importance. If Members could finish making their points in one minute then only I will allow otherwise I will adjourn the House. I take it that all the Members will take one minute each.

**श्री आर.के.सिंह पटेल (बांदा):** सदन स्थगित कर दीजिए, अच्छा है। एक मिनट में क्या बोलेंगे? स्थगित कर दीजिए तो हम चलेंगे। ...(व्यवधान)

**श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़):** माननीय सभापति जी, हमारे देश में बाल श्रम की स्थिति बहुत गंभीर है। हमने बाल श्रम अधिनियम तो बना दिया किन्तु हमारे देश के सभी राज्यों में बड़ी संख्या में 10 से 12 साल के जो बाल श्रमिक हैं, वे होटलों में, ढाबों में और चाय के स्टालों पर बहुत बड़ी संख्या में कार्य करते हुए नज़र आते हैं। इसके साथ साथ मेरठ के पीतल उद्योग में, अलीगढ़ के ताला उद्योग में, फ़िरोज़ाबाद के काँच उद्योग में जहाँ 700 डिग्री सैन्टीग्रेड से 800 डिग्री सैन्टीग्रेड की हीट में बच्चों को काम करना पड़ता है; शिवाकाशी का पटाखा उद्योग, शिवाकाशी का मुद्रण उद्योग और शिवाकाशी का माचिस उद्योग; इन सबमें बहुत बड़ी संख्या में बाल श्रमिक काम करते हैं। इन् बाल श्रमिकों का शोषण किया जाता है। उनको कम पैसा देकर उनसे बहुत अधिक काम कराया जाता है।

माननीय सभापति महोदय, आज हमारे देश का हर बच्चा इस आश्वासन के साथ सोकर नहीं उठता कि जब वह उठेगा तो उसे भरपेट भोजन मिलेगा, और वह भी अपनी उम्र के बच्चों के समान स्कूल जा सकेगा। यह हमारे लिए, हम और आप सभी के लिए बड़ी चिन्ता की बात है कि हमारे देश में हजारों की संख्या में जब बच्चे सुबह सोकर उठते हैं, जब हम सभी एसी और कूलर की हवा में सो रहे होते हैं, उस समय वे बच्चे एक बड़ा थैला उठाकर प्लास्टिक की पन्नी बीनने के लिए सड़कों पर निकल पड़ते हैं। हमारी स्वतंत्रता का तब तक कोई अर्थ नहीं रह जाता है जब तक हमारे देश की अगली पीढ़ी अपना बचपना खोकर चाय के स्टालों पर झूठे कप के बरतन धोने के लिए और सुबह से उठकर कूड़ा-करकट बीनने के लिए अभिशप्त है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह बाल श्रमिकों का शोषण रोके तथा उनके पुनर्वास के कार्यों को गति प्रदान करे। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You can just raise the issue.

... (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Bwismuthiary, discussion under Rule 193 on this subject has already been allowed. So, you may take only one minute.

SHRI SANSUMA KHUNGGUR BWISWMUTHIARY (KOKRAJHAR): Through you, Sir, I would like to draw the kind attention of the Government of India to a very serious matter of urgent public importance that relates to the grim and very devastating flood situation as well as the drought situation which is prevailing now in the State of Assam, particularly in my Bodoland territory.

MR. CHAIRMAN: You have raised the issue. There will be a discussion also on this subject. You can now take your seat.

SHRI SANSUMA KHUNGGUR BWISWMUTHIARY : I would like to appeal to the Government of India to sanction adequate amount of special Central Assistance for the Bodoland territory as well as for the State of Assam so as to provide relief and rehabilitation to the drought and flood affected people. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You have raised the issue. Please take your seat.

… (*Interruptions*)

**श्री महाबली सिंह (काराकाट):** सभापति महोदय, केन्द्रीय विद्यालय के माध्यम से बेहतर शिक्षा की उम्मीद लोगों को होती है और केन्द्रीय विद्यालय स्तरीय शिक्षा के लिए सुविख्यात है। लेकिन खेद है कि बिहार में सासाराम, औरंगाबाद और कैमूर बरसों पहले जिले बनाए गए लेकिन अभी तक केन्द्र सरकार की ओर से उपर्युक्त जिलों में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित नहीं किये गये। समाज के कमज़ोर और निर्धन तबकों को शिक्षा प्रदान करना सरकार के प्राथमिक लक्ष्यों में शामिल है। केन्द्रीय विद्यालय इस लक्ष्य को पूरा करने में सरकार की स्थापित नीतियों को लागू करते हैं क्योंकि समाज के जिन वंचित तबकों को स्तरीय शिक्षा धनाभाव में नहीं मिल पाती है, उनके बच्चे इन विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करते हैं। ये तीनों जिले नक्सल प्रभावित जिले हैं, लोग शिक्षा अभाव के चलते नक्सली मूवमैंट से जुड़ते जा रहे हैं जो चिन्ता का विषय है। यह एक गंभीर मुद्दा है जो शिक्षा के मौलिक प्रश्न से जुड़ा है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूँ कि …(व्यवधान) बिहार के सासाराम, औरंगाबाद तथा कैमूर जिलों में यथाशीघ्र केन्द्रीय विद्यालय खोले जाएँ। …(व्यवधान)

**श्री आर.के.सिंह पटेल :** मान्यवर, विषय तो पूरा हो जाने दें। …(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: The matter is brought to the notice of the House. It is enough.

**श्री राम सिंह कस्वां (चुरू):** महोदय, रेल बजट में दिल्ली से सादलपुर सप्ताह में तीन दिन गाड़ी चलाने की घोषणा की गई थी। मेरा निवेदन है कि यह महत्वपूर्ण ट्रेन है, लोगों की कई दिनों से मांग है कि गाड़ी को तुरंत शुरू किया जाए। जब यह छोटी लाइन थी, उस समय 10-12 गाड़ियां चला करती थीं, अब जिस गाड़ी को सप्ताह में तीन दिन चलाने की घोषणा की गई है, उसे रोज चलाया जाए और इसे तुरंत शुरू किया जाए ताकि लोगों की मांग पूरी हो सके।

MR. CHAIRMAN : Mr. R.K. Singh Patel, this matter regarding glass factory is a State matter and it is not to be raised here.

**श्री आर.के.सिंह पटेल :** महोदय, तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी ने एक ग्लास फैक्ट्री उत्तर प्रदेश के बरगढ़ इलाके में, जहां पर सिल्का सैंड मौजूद है, वहां उन्होंने अपने कार्यकाल में शिलान्यास किया था। करोड़ों रूपया भारत सरकार का उस फैक्ट्री के निर्माण में लगाया गया। वहां के किसानों के खेत भी एक्वायर किए गए थे। वह फैक्ट्री बनी हुई है। माननीय स्वर्गीय राजीव गांधी जी का सपना था कि उस फैक्ट्री से पिछड़े क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा और वह फैक्ट्री डेवलप की गई। उनके वंशज और अनुयायी इस सदन में मौजूद हैं, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि उस फैक्ट्री को तुरंत शुरू करवाया जाए। मशीनें आना बाकी हैं, जिन्हें लाकर, जो भी कमियां शेष हों, उन्हें दूर कर माननीय स्वर्गीय राजीव गांधी जी के सपने को साकार किया जाए।

**श्री प्रदीप माझी (नवरंगपुर):** महोदय, इस महीने की पांच तारीख को मध्य प्रदेश के संगरूली डिस्ट्रिक में राजस्थान एक्सपलोसिव और आईडियल एक्सपलोसिव में दो धमाके हुए। यहां नार्दन कोल फील्ड के लिए बारूद बनता है। मैंने जब अखबार में पढ़ा तो स्वयं वहां जाकर जायजा लिया। धमाके के समय 21 लोग काम कर रहे थे, जिसमें से 19 लोगों की मृत्यु हो गई। केवल एक आदमी की ही लाश मिली, बाकी सभी के चिथड़े उड़ गए। छोटे से लैण्ड माइन के ब्लॉस्ट से ही बहुत से लोगों की जान चली जाती है। आप स्वयं सोच सकते हैं कि जब दो बड़ी फैक्ट्रियों में ब्लॉस्ट होगा तो कितना बड़ा धमाका हुआ होगा। राज्य सरकार और जिला प्रशासन इस बात को इसलिए छिपा रहे हैं, क्योंकि जब इन दोनों फैक्ट्रियों को लाइसेंस दिया गया था, उसमें नियम के मुताबिक फैक्ट्री के आस-पास तीन किलोमीटर के एरिया में रेजीडेंशियल एरिया नहीं होना चाहिए। लेकिन वहां से तीस मीटर की दूरी पर ही रेजीडेंशियल एरिया है। उस दिन रविवार था, इसलिए ज्यादा लोगों की जान नहीं गई। इसकी इनक्वायरी के लिए प्रिंसीपल सैक्रेटरी को नियुक्त किया गया है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवदेन है कि इसकी जांच किसी रिटायर्ड जज से करवायी जाए। धन्यवाद।

**डॉ. भोला सिंह (नवादा):** सभापति महोदय, मैं आसन के माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, सम्राट अशोक, विक्रमादित्य, चंद्रगुप्त मौर्य, कौटिल्य और राष्ट्र कवि दिनकर का बिहार, राष्ट्रीय विकास की कतार से बहुत पीछे छूट गया है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: This is not a matter of immediate public importance. It is a general matter. You have participated in the discussion. So, you make your point in one minute. Please be brief.

**डॉ. भोला सिंह :** महोदय, * मैं भी इस सदन का एक सम्मानित सदस्य हूं। मैं आसन से अपेक्षा करता हूं, *

...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You have to take your seat. I will not allow. You have to respect the Chair. You have to take the orders from the Chair. If you want to say anything, you have to complete it in one minute. You cannot have an exception. All the Members are cooperating with the Chair. Please do not use this language. You have to respect the Chair. Please complete it in one minute.

**डॉ. भोला सिंह :** महोदय, आपका जो भी आदेश है, मैं उसका पालन करता हूं।

सभापति महोदय, बिहार अंधकार में डूबा हुआ है। 56 हजार करोड़ रुपए के कर्ज में डूबा हुआ है। बिहार की आर्थिक संरचना समाप्त हो गई है। बिहार में प्रत्येक साल बाढ़ और सूखा आया करता है। इसलिए बिहार जिस गति से विकास कर रहा है, अगर इसी गति से विकास करेगा, तो उसे महाराष्ट्र और गुजरात की कतार में आने में 40 वर्ष लगेंगे। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि बिहार में जब तक 80 या 85 हजार करोड़ रुपए की योजना नहीं लाई जाएगी और 15 प्रतिशत की दर से अगर बिहार का विकास नहीं होगा, तो बिहार राष्ट्रीय विकास की दर में समान स्तर पर नहीं आ सकता है। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि वह बिहार को एक स्पेशल राज्य का दर्जा प्रदान करे। इन्हीं शब्दों के साथ अपनी बात को समाप्त करता हूं और आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए आपका आभार प्रकट करता हूं।

---

* Not recorded

SHRI KODIKKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Sir, thank you for giving me this opportunity to raise a matter of urgent public importance relating to my constituency.

Sir, in my constituency there is a serious problem which has been reported in the Media. According to the Radiological Department of the Alleppy Medical College there has been an alarming rise in cancer patients in the hospital from the Kuttanad *taluka* which falls in my constituency. The number of cancer patients in the year 2007 was 300; in the year 2008 it rose to 355 and till June this year, the number is 455 which is a rise of 66 per cent over the previous year. Most of the patients are suffering from liver, throat and bone cancer. As a Member of Parliament from that area I have received hundreds of representations from these patients for funds from the Prime Minister's Relief Fund.

Under the circumstances I would like to request the Central Government to send a high level medical team to visit the Kuttanad *taluka* to assess the reasons for the rise in the cancer patients. I would also like to request for a special health package for the people of that area and also request for setting up of a super speciality hospital for the people of Kuttanad.

*DR. RATTAN SINGH AJNALA (KHADOOR SAHIB): Mr. Chairman, Sir, through your medium I am telling a very sad tale about Sikhs. After the Independence of India about 130 Gurudwaras were left in Pakistan. To manage the property of these Gurudwaras Pakistan Evacuee Trust Property Board was formed. This board was looking after the property of Gurudwaras. It is now about to sell 34 acres of property of a Gurudwara which is not legally valid.

Through your medium I request the Prime Minister and the Foreign Minister that this illegal sale of Gurudwara land be stopped immediately and injustice done against the property of the Sikhs be stopped. This be brought to the notice of the Government.

---

* English translation of the speech originally delivered in Punjabi

SHRI M.B.RAJESH (PALAKKAD): Sir, I would like to raise an important matter regarding the gross violation of ethics by the Indian Medical Association and the Medical Council of India. The Indian Medical Association has signed a MoU with Pepsi according to which the Indian Medical Association will endorse certain products of Pepsi for which they receive a sum of Rs. One crore. It is against medical ethics and so it is the responsibility of the Ethics Committee of the Indian Medical Association to take appropriate action. Every such organisation comes under the scrutiny by the Medical Council of India. The Medical Council of India has not taken any action on this issue for the last one year. So, there is every reason to believe that the Medical Council of India is going out of its way to protect the Indian Medical Association on this endorsement issue despite clinching evidence. Therefore, I would like to request the Central Government to look into the matter immediately and appoint a Commission of Enquiry under Section 30 of the Indian Medical Council Act, 1956.

SHRIMATI BOTCHA JHANSI LAKSHMI (VIZIANAGARAM): Sir, I would like to make a request to open a Sub Regional Office of Employees Provident Fund Organisation at Vizianagaram, Andhra Pradesh. Sir, the Sub-Regional Office, Visakhapatnam is catering to the needs of more than 4.11 lakh provident fund subscribers under the jurisdiction of three northern coastal districts of Andhra Pradesh, that is, Visakhapatnam, Vizianagaram and Srikakulam. Further, the number of pensioners under this office is also increasing day by day. The Vizag office is unable to cater to the needs of the employees working in Vizianagaram and Srikakulam districts effectively. The establishment of a separate Sub Regional Office for the pensioners of the two districts, Vizianagaram and Srikakulam at Vizianagaram would not only make the services of EPFO to reach the pensioners effectively but also reduce the delay in redressing the grievances and the distance in traveling to approach the authorities would be eased. Moreover, more attention will be paid in the process of decentralization of services.

So, I urge the Ministry of Labour through you to sanction a Sub Regional Office at Vizianagaram immediately.

DR. G. VIVEKANAND (PEDDAPALLY): Sir, I thank you for giving me an opportunity to raise the issue of Babli.

There was an agreement between the Chief Ministers of Andhra Pradesh and Maharashtra wherein Maharashtra can use 60 TMC of water and the balance water can be used by Andhra Pradesh. So, Andhra Pradesh constructed the Pochampad Project and now, the Government of Maharashtra has constructed barrages and gates in violation of the Supreme Court decision. I urge the Central Government to give direction to the Government of Maharashtra to comply with the Supreme Court orders, not to use more than 60 TMC of water and stop construction of barrages across the Godavari River. Our Chief Minister has already taken up Jalayagnam programme and if so much of water is drawn, 17 lakh acres of Andhra Pradesh will get affected. Six districts of Telengana will be adversely affected and people are right now suffering for drinking water.

I urge the Central Government to take action in this regard.

SHRIMATI BOTCHA JHANSI LAKSHMI : Sir, I would like to associate with him on this issue.

MR. CHAIRMAN: Shri Satpal Maharaj, your issue is regarding law and order in Uttarakhand. It is a State subject and so, I am not allowing you to raise it.

**श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल):** ये तो देश की सीमाएं हैं। वहां चीन की और नेपाल की सीमा लगती है, इसलिए यह केन्द्र का विषय है।...(व्यवधान)

**सभापति महोदय** : आप जल्दी करिये।

**श्री सतपाल महाराज :** सभापति महोदय, मुझे आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करना है कि उत्तराखंड प्रदेश के सीमान्त जनपदों की जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था का भार राजस्व पुलिस पर निर्भर है, किन्तु राजस्व पुलिस द्वारा पुलिस कार्यों का लगभग एक वर्ष से बहिष्कार करने के फलस्वरूप प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और प्रदेश की जनता अपने आपको असुरक्षित अनुभव कर रही है। जैसा कि सदन के सम्मानित सदस्य भली प्रकार जानते हैं कि उत्तराखंड की सीमा चीन व नेपाल से

मिली हुई है तथा इस राज्य के पर्वतीय जनपद सीमान्त जनपद हैं। यदि सीमान्त जनपदों की जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था ही ठप्प हो जायेगी तो कभी भी देश की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

मेरा निवेदन है कि इस अविलम्बनीय लोक महत्व के प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए राजस्व पुलिस की उचित मांगों को स्वीकार करने के लिए उत्तराखंड सरकार को शीघ्र निर्देशित करने की कृपा कीजिए।

**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती):** सभापति महोदय, कॉमनवैल्थ गेम्स 2010 को देखते हुए जिस तरीके से मैट्रो की घटनाएं अभी 12 जुलाई को एल.एस.आर. जंक्शन पर हुई, मिसहैपनिंग हुई और उसके पहले घटनाएं होती रहीं, उनको देखते हुए एक स्थिति यह उत्पन्न हुई कि क्या उस समय तक यह प्रोजैक्ट पूरा हो पाएगा और हो पाएगा तो क्या सही दिशा में सही ढंग से हो पाएगा? ये जो घटनाएं घटी हैं, इनसे दर्शकों को, आगन्तुकों को, खिलाड़ियों को और जो पर्यटक आने वाले हैं तथा स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा का एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न आकर खड़ा हुआ है।

यह जो कमेटी बनाई गई है, मैं सीधे अपने बिन्दु पर आता हूं। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि जो जांच कमेटी बनाई गई है, उस जांच कमेटी में क्या डिजाइन और डिजाइन एप्रूवल के प्रोसेसिंग से होकर गुजरने वाले किसी सदस्य का नाम तो नहीं है कि जो जांच कर रहा है? अगर वे जांच कर रहे हैं तो उससे तो सही बात सामने नहीं आएगी। कम से कम इम्पार्सियल मैम्बर से, कमेटी से जांच कराई जाये, जिससे सही बात सामने आये और भविष्य में ऐसी घटना न घटे और नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा से खिलवाड़ न किया जा सके।

Usually, men and women between the ages of 50 and 60, suffer from kidney diseases due to hyper tension and diabetes mellitus. But in our district, even the people who are aged between 20 and 35 have been affected by this kidney disease. If you observe the mortal statistics for the last one decade, you will see that hundreds of deaths have been recorded due to this disease.

As far as this issue is concerned, doctors from all over the country, doctors from the Andhra Medical College, doctors from Nizam Institute of Medical Sciences, and doctors from the world's no. 1 institute, the Harvard Medical School, have come to our place. They have examined the patients, they have done the water analysis, and they have examined the food habits of those patients over that area. After doing all these investigations, all of our doctor colleagues have

come to a conclusion that because of high samples of silicon and strontium in the ground water, these people are being affected.

In this regard, I would request the Government to give a special grant to the renal equipment, to treat kidney disease at the Rajiv Institute of Medical Sciences at Srikakulam District. I would also request the Government to establish water purifiers to provide purified water to the people in those areas.

Finally, I would request the Government to send a special team to create some awareness and to suggest ways to save the lives of the people over there in the Srikakulam District. .

MR. CHAIRMAN : Shri Prem Das to speak.

Shri Prem Das, we have already discussed the power issue today. So, you please conclude within a minute.

**श्री प्रेमदास (इटावा):** सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। एनटीपीसी डिबियापुर में लगी हुयी है, उसके लिए किसानों ने जमीन उपलब्ध करायी, एनटीपीसी लगाने में सहयोग किया। मेरी मांग है कि एनटीपीसी से उस क्षेत्र के लिए और औरेय्या जिले के लिए बिजली दी जाए।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा):** महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण मामला शून्यकाल में उठाने की अनुमति चाहता हूं।

तुलसी रॉयल सुगंधित तम्बाकू, धर्मपाल सत्यपाल प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी द्वारा स्वामित्व एवं धर्मपाल सत्यपाल लिमिटेड द्वारा निर्मित पाउच एवं डिब्बे पर महाकवि गोस्वामी तुलसीदास का रामचरित मानस की रचना करते हुए फोटोग्राफ है, जो कि महाकवि गोस्वामी तुलसीदास के नाम का व्यावसायिक इस्तेमाल है। महाकवि ने सत्य और अहिंसा की जीत पर आधारित रामचरित मानस की रचना की। विनयपत्रिका की रचना की। उनके फोटोग्राफ का व्यावसायिक इस्तेमाल देश के करोड़ों नागरिकों की भावनाओं से खिलवाड़ करना है।

कई दशकों से ऐसा हो रहा है। गोस्वामी तुलसीदास की मर्यादा को जिस तरह से तम्बाकू बनाने वाली कंपनी कर रही है, यह जांच का विषय है। कौन-से सरकारी अधिकारी ने तुलसी के नाम के व्यावसायिक इस्तेमाल की अनुमति दी, कैसे दी और हर बार इसका नवीकरण भी होता रहा, क्या किसी सरकारी अधिकारी ने इसकी जांच नहीं की?

इस सदन के माध्यम से मैं मांग करता हूं कि तत्काल प्रभाव से इस पर रोक लगायी जाए, ताकि देश के करोड़ों नागरिकों की भावनाओं को चोट न पहुंचे।

**<u>20.49 hrs.</u>**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, July 22, 2009/Asadha 31, 1931 (Saka).*